धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

19.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 158



## केंद्र से हम झारखंडियों के बकाये की मांग हवा- हवाई नहीं है बाबूलाल जी

# हम अपना हक लेकर रहेंगे : हेमंत

### बकाया राशि पर हेमंत मरांडी आमने सामने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार पर झारखंड की बकाया राशि 1.36 लाख करोड़ को लेकर बाबूलाल मरांडी और सीएम हेमंत सोरेन आमने-सामने आ गये हैं। हेमंत सोरेन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि हम झारखंडियों की मांग हवा- हवाई नहीं है बाबूलाल जी। ये हमारे हक और मेहनत का पैसा है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि हम अपना हक लेकर रहेंगे। दरअसल मंगलवार की रात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर झामुमो के केंद्र सरकार पर 1 लाख 36 हजार करोड़ की बकाया राशि को निराधार और भ्रामक बताया था। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी टैग कर दोष मढ़ने की बजाय राज्य के असल समस्याओं पर ध्यान देने की सलाह दे डाली। इसी पर सीएम ने भी उनके सवालों के जवाब देते इस मांग को झारखंडियों के हक का पैसा बताया।



**सीएम की प्रदेश भाजपा को नसीहत :** झारखंड सरकार मार्च 2022 से बकाये की मांग कर रही है। खुद सीएम हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाल रखा है। पीएम से ले कर कोयला मंत्री तक को वह पत्र लिख चुके हैं। इसके बावजूद झारखंड में जमकर राजनीति हो रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने इसी मसले पर 18 दिसंबर को भी एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि भाजपा अगर झारखंडियों के साथ अपना आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह माना जायेगा कि इस हकमारी में उसकी बराबर की सहभागिता है। उन्होंने यह भी कहा है कि एक-एक रुपया का विस्तृत ब्रेकअप कई बार केंद्र सरकार को दिया जा चुका है।

**किस मद में कितना बकाया :** सीएम हेमंत सोरेन ने तत्कालीन कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र कर बकाये का पूरा व्यौरा दिया था। उन्होंने वॉश्ड कोल रॉयल्टी मद में 2,900 करोड़, एमडीडीआर एक्ट के सेक्शन 21(5) के तहत खनन क्षेत्र के बाहर जाकर किए गये उत्खनन मद में 32,000 करोड़ का बकाया बताया था। इसके अलावा जमीन मुआवजा मद में 41,142 करोड़ का जिक्र किया था। जिसपर करीब 60 हजार करोड़ का ब्याज बनता है। इस हिसाब से राज्य सरकार का कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ रु. बकाया है। चार पन्नों के पत्र में मिनरल कंसेसन रूल 1960, एमडीडीआर एक्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया गया था।

### आपका विरोध दुखद

श्री सोरेन ने आगे लिखा कि झारखंड के हितों को लेकर यह विरोध वाकई बेहद दुखद है। जब आपको (बाबूलालजी) अपने संगठन की ताकत लगाकर हमारे साथ खड़े होना था तब आप विरोध में खड़े हो गये। अंत में हेमंत सोरेन ने लिखा है कि हम अपना हक लेकर रहेंगे, क्योंकि यह पैसा हर झारखंड का है। दरअसल, लोकसभा में 16 दिसंबर को सांसद पप्पू यादव के एक सवाल पर गत दिनों केंद्र सरकार ने जवाब में कहा कि झारखंड सरकार का कोई पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है। इस जवाब के बाद झारखंड की राजनीति गरमा गयी है। एक तरफ सरकार ने बकाये को लेकर तमाम तरह के तथ्य व दस्तावेज दिये हैं। हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों से अपील भी की थी की वे 1 लाख 36 हजार करोड़ की बकाया राशि दिलाने में संसद में आवाज बुलंद करें। सरकार ने कानूनी कार्रवाई करने की बात की है। वहीं झामुमो ने विरोध में आंदोलन की बात की है।

## न्यूज डायरी

### रूस ने मचाया कोहराम मारे 540 यूक्रेनी सैनिक

**मास्को।** पिछले 24 घंटों में रूस ने 540 यूक्रेनी सैन्यकर्मियों को मार गिराया है। इसके साथ ही कई अमेरिकी और पोलिश बख्तरबंद गाड़ियां और वाहनों को भी ध्वस्त कर दिया गया है। पुतिन के सबसे भरोसेमंद जनरलों में से एक इगोर किरिलोव की हत्या ने रूस को हिला कर रख दिया है। एक बम धमाके में किरिलोव की मौत के बाद रूस ने यूक्रेन से इसका जबरदस्त बदला लिया है।

### नक्सली रंथू उरांव से एनआइए की पूछताछ शुरू

**रांची।** नक्सली रंथू उरांव से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की टीम चार दिनों तक पूछताछ करेगी। लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया गांव में नक्सली हमले में चंदवा थाने में तैनात दारोगा सुकरा उरांव सहित चार पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतारने वाली नक्सली घटना में शामिल रंथू को एनआईए के विशेष अदालत पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। पूछताछ 18 से 21 तक होगी।

### बिजली विभाग का जेई घूस लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह।** धनबाद एसीबी की टीम ने बुधवार की शाम गिरिडीह के धनवार में बड़ी कारवाई करते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। आरोपित इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को एसीबी की टीम ने धनवार में एक बिजली उपभोक्ता से बकाया बिजली बिल माफ करने के नाम पर आठ हजार रुपये का घूस लेने के आरोप में रंगेहाथ दबोचा।

### प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में एक महिला की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में प्रेमी बीरेंद्र दास को गिरफ्तार किया है। वह हजारीबाग कि बरकट्ठा थाना के बसरिया गांव का रहने वाला है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




## अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**ब्रिस्बेन।** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। बुधवार को गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली और रोहित को गले लगाया। सभी साथी खिलाडियों का आभार जताया। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे, पर पहले ही रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। टेस्ट क्रिकेट में स्पिन के जादूगर कहे जानेवाल इस गेंदबाज के सामने अच्छे अच्छे बल्लेबाज नहीं चल पाते थे। यही वजह है कि दुनिया में सबसे ज्यादा 11 बार टेस्ट मैच में मैन ऑफ द सीरीज रहे।

**अनोखा रिकार्ड :** दिग्गज स्पिनर अश्विन के रिकार्ड की बात करें तो भारत के लिए सबसे तेज 300 विकेट लिये। उन्होंने 54 मुकाबले मे ही यह रिकार्ड अपने नाम कर ऑस्ट्रेलिया के डेनिस लिली का (56 मैचों में 300 विकेट) का रिकार्ड तोड़ा। 106 टेस्ट में 537 विकेट झटके। 116 वनडे में 156 विकेट हासिल किया। टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 65 मुकाबलों में 72 विकेट लिये। टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले बने। पहले नंबर पर अनिल कुंबले (132 मैच में 619 विकेट) हैं। अश्विन विकेट लेने में दुनिया के 7वें नंबर के गेंदबाज हैं। वह । हमेशा से टीम इंडिया के लिए मैच विनर साबित हुए। सबसे ज्यादा एक पारी में पांच विकेट भी लिये।

**तीसरा टेस्ट ड्रा करने में भारत सफल** भारत ने बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मैच ड्रॉ कर लिया। टीम इंडिया के प्लेयर्स की हार न मानने की जीद के सामने ऑस्ट्रेलिया की कोई न चली और यह मैच आखिरकार ड्रॉ हुआ। ड्रॉ मे भारत को बारिश ने भी बहुत साथ दिया। टेस्ट के आखिरी दिन तक भारत ने फॉलोऑन बचा लिया था और एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया को बैटिंग करने पर मजबूर कर दिया। कंगारू टीम दूसरी पारी मे बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 89 रन बनाये। भारत को 54 ओवर मे 275 का लक्ष्य था। मैच बारिश की भेट चढ़ गया।

## बिना प्रश्न पत्र के ही ले ली अर्द्धवार्षिक परीक्षा

### शिक्षा विभाग ने रचा इतिहास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह स्थित सरकारी स्कूलों से एक अनूठी खबर आयी है। यह स्कूलों में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा से जुड़ा है। इस बार जेसीइआरटी रांची ने विद्यालयों को प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाया ही नहीं और न उत्तर पुस्तिका मुहैया करवायी। बगैर प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका के ही कक्षा एक से लेकर 7 तक बच्चों की परीक्षा ले ली गयी। 16, 17 और 18 दिसंबर, तीनों दिनों तक परीक्षा चली है और परीक्षा लेने में न सिर्फ शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है, बल्कि बच्चों को भी दिक्कत उठानी पड़ी है।

### ऑनलाइन प्रश्न पत्र से टीचर के छूटे पसीने

अर्द्धवार्षिक परीक्षा से काफी पहले जेसीईआरटी ने आदेश जारी कर 'जे - गुरूजी' एप पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की बात थी। आदेश के अनुसार विद्यालय के हेड मास्टर के 'जे - गुरूजी' एप पर एक दिन पूर्व प्रश्न पत्र भेजा गया। अब शिक्षकों को प्रश्न पत्र कक्षा के ब्लैकबोर्ड पर लिखना पड़ा। फिर उसी प्रश्न को विद्यार्थी अपने पास के कॉपी या पन्ने में उतारते रहे और उसको हल करते रहे। प्रश्न पत्र को ब्लैकबोर्ड में लिखने में आधा घंटा का समय गुजर गया। फिर बाकी बचे समय में ही बच्चों को प्रश्न का हल लिखना पड़ा। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक बताते हैं कि उनके यहां एक-एक कमरे में तीन-तीन कक्षा का संचालन होता है। अब सभी की परीक्षा एक ही समय है, आप सोच सकते हैं कि किस तरह से एक ब्लैकबोर्ड और दो से तीन कक्षा का प्रश्नपत्र लिखा गया होगा। उनके यहां उन्हें लेकर दो शिक्षक हैं ऐसे में परीक्षा लेने में भी दिक्कत हुई। पहली दफा ऐसा हुआ कि बच्चों को प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका नहीं मिली।

## रूस का दावा- बना ली कैंसर की वैक्सीन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐलान किया है कि उसने कैंसर की वैक्सीन विकसित कर ली है। अगले साल की शुरूआत में यह दवाएं रूसी नागरिकों को मुफ्त में लगायी जायेंगी। बताया जाता है कि यह वैक्सीन कैंसर मरीजों को नहीं लगायी जायेगी, बल्कि लोगों को कैंसर से बचाने के लिए इस्तेमाल की जायेगी। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के महानिदेशक एंड्री काप्रिन ने इस बात की जानकारी दी। हालांकि अभी इस वैक्सीन को लेकर कई सवाल हैं। मसलन यह किस तरह के कैंसर का इलाज करेगी और इसका नाम क्या होगा। गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग ने वैक्सीन को लेकर समाचार एजेंसी तास को जानकारी दी है। इसके मुताबिक वैक्सीन के प्री-क्लीनिकल ट्रायल किया गया है। इस दौरान पता चला है कि यह वैक्सीन ट्यूमर के विकास और संभावित मेटास्टेसिस को दबा देता है। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूसी वैज्ञानिक कैंसर के लिए टीके बनाने के करीब हैं। उन्होंने कहाकि यह वैक्सीन जल्द ही रोगियों के लिए उपलब्ध हो सकती है।

## राज्य में 20 को बारिश 21 से फिर बढ़ेगी ठंड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में ठंड का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार 20 और 21 दिसंबर को झारखंड के कई जिलों में बारिश की संभावना है। दक्षिणी और मध्य इलाकों में हल्के या मध्यम दर्जे की बारिश संभव है। इस कारण दिन के तापमान में गिरावट आयेगी और ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 21 से ठंड बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कई इलाकों में कोहरे छाये रहेंगे। वहीं 22 को ओड़िशा से सटे कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना है। इससे कोल्हान के जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में बारिश होगी।

मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बुधवार की तरह गुरुवार को भी मौसम शुष्क रहेगा। इस कारण शीतलहर से लोगों के थोड़ी राहत मिलेगी। हालांकि बुधवार को ठंड से थोड़ी राहत रही। गुरुवार को भी मौसम थोड़ा शुष्क रहेगा। साथ ही ठंडी हवाओं से झारखंडवासियों को राहत मिलेगी। इससे कंपकंपी ज्यादा नहीं होगी।

**ऐसा रहा 24 घंटे का तापमान :** बीते 24 घंटों में झारखंड में कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक ठंड राजधानी के कांके इलाके में पड़ी।

### राजभवन मार्च में कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अडानी और उनके सहयोगियों को बचाने एवं मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने सहित अन्य मुद्दों के विरोध में राजभवन मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा पर जम कर हमला बोला। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राजभवन तक किया गया, वहां सभा में परिवर्तित हो गया। सभा में श्री कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस लगातार कर रही है, केंद्र सरकार इस पर चुप है। (पेज 2 भी देखे)




## आंबेडकर पर शाह के बयान से संसद में हंगामा, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

# कांग्रेस ने कई बार बाबासाहेब का अपमान किया : मोदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर पर दिये गये एक बयान को लेकर विपक्षी पार्टियां गृह मंत्री अमित शाह पर हमलावर हैं। उन्होंने इसे आंबेडकर का अपमान बताया है। पीएम से गृह मंत्री को हटाने तक की मांग कर डाली। संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा किया। विवाद बढ़ते देख पीएम मोदी को खुद अमित शाह के बचाव में उतरना पड़ा। पीएम मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस और उसका सड़ा हुआ इकोसिस्टम यह सोचता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ कई वर्षों के उनके कुकर्मों को छिपा सकते हैं, खासकर डॉ. आंबेडकर के प्रति उनके अपमान को, तो वे गंभीर रूप से गलत हैं। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक फैमिली के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ आंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी/एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है।



**क्या कहा था शाह ने :** संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राज्यसभा में बहस का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने आंबेडकर को लेकर एक बयान दिया था। शाह ने कहा था कि आजकल आंबेडकर को लेकर एक फैशन सा चल पड़ा है, विपक्षी पार्टियां और उनके नेता आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाते रहते हैं ...अगर इतनी बार भगवान का नाम लिया होता, तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। उनके इसी बयान की कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियां उत्तेजित हो गयीं।

### कांग्रेस के कारनामों की सूची काफी लंबी है

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि डॉ. आंबेडकर के प्रति कांग्रेस के कारनामों की सूची लंबी है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस ने उन्हें एक बार नहीं, बल्कि दो-दो बार चुनाव में हरवाया। खुद नेहरू ने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार किया और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में उन्हें भारत रत्न सम्मान से सम्मानित नहीं किया, उनके चित्र को संसद के सेंट्रल हॉल में जगह नहीं दी। कांग्रेस जितनी चाहे कोशिश कर सकती है। (शेष पेज 11 पर)

## नक्सली रंथू उरांव से एनआईए से पूछताछ शुरू की

**रांची।** नक्सली हमले में शहीद हुए चार पुलिसकर्मियों से जुड़े मामले में गिरफ्तार आरोपी गुमला के ऊपर कुल्ली गांव निवासी रंथू उरांव उर्फ गुरुचरण से एनआईए की टीम ने पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। यह पूछताछ 21 दिसंबर के दिन के 10 बजे तक की जायेगी। पूछताछ की अवधि पूरी होने के बाद दिन के 11 बजे एनआईए कोर्ट में आरोपी को पेश किया जायेगा। इससे पूर्व एनआईए के एएसपी ने विशेष कोर्ट में आवेदन देकर चार दिनों की एनआईए पुलिस रिमांड की मांग की थी। सुनवाई प॰ात विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने तीन दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति प्रदान की। कोर्ट की इजाजत के बाद एनआईए ने बुधवार को जेल से उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है। मालूम हो कि लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया गांव में 22 नवंबर 2019 की रात नक्सली हमले में चंदवा थाना में पदस्थापित एसआई सुकरा उरांव समेत चार पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। घटना को लेकर चंदवा थाना में 23 नवंबर को कांड संख्या 158/2019 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसे 2020 में एनआईए ने टेक ओवर कर जांच की रही है। मामले में अब तक 34 आरोपियों के खिलाफ एनआईए ने चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

**The court of Executive Magistrate, Ranchi**

**AFFIDAVIT**

I Salim Ansari S/O Late Abbas Ansari resident of Vill-New pirra, P.O-Ratu, P.S-Ratu, Dist-Ranchi Jharkhand-835222, do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1.That i am indian citizan by birth and resident of above said mentioned address.

2. That my correct name is salim Ansari S/0 late Abbas Ansari and my correct address is Vill-New pirra, P.O-Ratu, P.S- Ratu, Dist-Ranchi Jharkhand -835222 my correect date of birth is 05/06/1980.

3. That I have a Aadhar card in my name in which my name has been wrongly mentioned as Sobrati Ansari S/o Abbas Ali and wrong address written as Tarhasi, P.O+P.S-Tarhasi, Dist, Palamu, Jharkhand-822118 vide Aahar card no. is 6846 4529 6349.

4. That now I have to correction my correct name and father name and correct address as Salim Ansari S/o Abbas Ansari and corrent Address VILL-New Pirra, Po-Ratu, PS-Ratu, Dist. Ranchi, Jharkhand-835222 in my said Aadhar card from the concerning authority for needful purpose.

3560
21/11/2024
L.NO- 4407/05

### कांग्रेस ने अमित शाह के बयान सहित अन्य मुद्दों को लेकर निकाला विरोध मार्च

# केंद्र की सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है : कमलेश






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये बयान, अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी पर लगाये गये आरोपों और मणिपुर में हो रही हिंसा पर पीएम मोदी की चुप्पी के विरोध में आज मार्च निकाला। यह मार्च शहीद चौक स्थित शहीद स्थल से शुरू होकर राज भवन तक पहुंचा। जहां मार्च में शामिल कांग्रेस नेताओं ने अपना विरोध प्रकट किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस द्वारा लगातार जारी है, लेकिन मोदी जी चुप हैं। अडानी और उनके सहयोगियों के जालसाजी का पदार्फाश हुआ है। रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ है, लेकिन आज तक इस मामले पर जनता के सामने केंद्र सरकार ने सफाई देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। जिस तरह से मणिपुर जल रहा है, लगातार हिंसा हो रही है, कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। दोनों मुद्दे पर प्रधानमंत्री मौन हैं।

**▸ बाल्मीकि जी को भगवान मान सकते हैं, तो फिर बाबासाहेब को मानने में क्या हर्ज है**

वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाये उन्हें संरक्षण दे रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले 1वर्ष में अमित शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षो से जल रहा है हत्याएं,बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं,संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है, प्रधानमंत्री के मुंह पर ताला है।पूरे विश्व का दौरा प्रधानमंत्री कर रहे हैं लेकिन मणिपुर नजर नहीं आ रहा है। इस लोकतंत्र की यह बड़ी घटना है।अडानी प्रकरण पूरी तरह जनता के सामने है लेकिन अडानी को बचाने के लिए मोदी जी भारत की प्रतिष्ठा को विश्व के सामने धूमिल कर रहे हैं। उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि मोदी जी शायद यह भूल गए हैं कि संविधान ने ही यह ताकत प्रदान की है की चाय बेचते बेचते मोदी जी आज प्रधानमंत्री बन पाए। अगर अडानी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है यकीनन कांग्रेस के नेतृत्व में मणिपुर जैसी घटना नहीं होगी। अगर हम संजिदगी के साथ नहीं रहेंगे तो देश में पूंजीपतियों का राज आ जाएगा और ऐसे ही पूंजीपतियों से 200 वर्षों तक लड़कर हमने आजादी हासिल की थी।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति अंबेडकर जी का अपमान करता है तो यह एक व्यक्ति का अपमान नहीं पूरे हिंदुस्तान का अपमान है और ऐसा दल जो हिंदुस्तान का अपमान करें किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजनीतिक दल हो ही नहीं सकता। भारत मे अगर ऐसा कोई दल है तो वह है भाजपा। संविधान के माध्यम से देश में आर्थिक और सामाजिक समानता की जो कल्पना की गई थी वह समाप्त हो रहा है। कांग्रेस मोदी जी के कुकृत्यों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जनता ने साफ मन बना लिया है कि मोदी सरकार को कुर्सी से उतारना है। अगर भारत में बाबा साहब का रचित संविधान नहीं होता तो आज अल्पसंख्यक,आदिवासी,पिछड़े हाशिये पर होते। वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए तरह-तरह की चीजों को परोसा जा रहा है। संविधान खतरे में है यह सिर्फ बातों में नहीं है यह साफ दिख रहा है। भाजपा के लोग कहते हैं कि यहां बहुसंख्यकों का चलेगा अल्पसंख्यकों का नहीं,समाज तोड़ने की बात करते हैं।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से संविधान और बाबा साहब का अपमान सदन में भाजपा द्वारा किया गया है वह बर्दाश्त करने के लायक नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा मोदी और अडानी के विधान से नहीं। राजभवन मार्च में विधायक सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोंगाडी, भूषण बाड़ा, श्वेता सिंह, रामचन्द्र सिंह, ममता देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, लाल किशोर नाथ शाहदेव आलोक कुमार दुबे, डॉ राजेश गुप्ता, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, रमा खलखो, आभा सिन्हा, शान्तनू मिश्रा, अमुल्य नीरज खलखो, गजेन्द्र सिंह, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, प्रमोद दूबे, संतोष सिंह, धनंजय सिंह समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मनी लाउड्रिंग के आरोपी को ईलाज कराने की मिली अनुमति

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में ट्रायल फेस कर रहा दिल्ली निवासी सीए मुकेश मित्तल को इलाज कराने के लिये पीएमएलए कोर्ट ने अनुमति प्रदान कर दी है। इलाज के दौरान उसको अदालत में सशरीर उपस्थिति से छूट रहेगी। यह छूट 18 दिसंबर से 22 फरवरी 2025 के बीच की तारीखों तक रहेगी। इसके बाद मामले में निर्धारित अगली तारीख को आरोपी को सशरीर अदालत में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में मुकेश मित्तल चार्जशीटेड है। हाल ही में उस पर आरोप तय किया गया है। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत 12 आरोपी हैं। वर्तमान में वह मामले में निर्धारित प्रत्येक तारीख को सशरीर उपस्थित रहने की अंडर टेकिंग पर जमानत पर है। निर्धारित तारीख को हर हाल में सशरीर कोर्ट में मौजूद रहना है। नहीं होने पर अंडर टेकिंग खारिज हो सकती है। इससे पूर्व मुकेश मित्तल के अधिवक्ता ने याचिका दाखिल कर अदालत से गुहार लगाई कि गंभीर रूप से जलने से हुये घावों से परेशानी में है। याचिकाकर्ता का बायें हाथ की प्लास्टिक सर्जरी तत्काल करवाने की आवश्यकता है। सर्जरी के दौरान याचिकाकर्ता को अस्पताल में रहना होगा। नियमित रूप से विशेष फिजियोथेरेपी करानी होगी। इसमें डेढ़ से तीन महीने का समय लग सकता है। दाखिल याचिका पर सुनवाई प॰ात अदालत ने दो महीने 18 दिसंबर से 22 फरवरी 2025 के बीच की तारीखों में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की अनुमति प्रदान की है।

### माकपा माले ने शुरू की जोहार झारखंड संकल्प अभियान

**रांची।** माकपा माले ने दिवंगत विनोद मिश्र और झारखंड आंदोलन के नेता विनोदबिहारी महतो के स्मृति दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुये राज्य व्यापी जोहार झारखंड संकल्प अभियान के प्रारंभ किया है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के संघर्ष के पक्ष में जनादेश देने के लिये जनता का अभिनंदन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये जन गोलबंदी करेगा। संकल्प कार्यक्रम में मोदी सरकार द्वारा झारखंड के बकाया चुकता करने से इंकार करने का विरोध किया गया। इसे झारखंड पर मोदी सरकार द्वारा आर्थिक हमला कहा गया। माले कार्यालय में कॉ विनोद मिश्र और विनोद बिहारी महतो के स्मृति दिवस कार्यक्रम में जोहार झारखंड संकल्प अभियान के तहत पदयात्रा आयोजित करने का फैसला लिया गया। कॉ महेंद्र सिंह के 20वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में 16 जनवरी को बगोदर में पदयात्रा के विभिन्न जत्थे रैली में शामिल होंगे। संथाल परगना स्तर का 18 जनवरी को, द. छोटानागपुर व कोल्हान प्रमंडल का 20 जनवरी को, उत्तरी छोटानागपुर स्तर का हजारीबाग में 22 जनवरी को और पलामू प्रमंडल का 23 जनवरी को जनकंवेंशन आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में शुभेंदु सेन, जगन्नाथ उरांव, सुदामा खलखो, वरूण कुमार, ऐती तिर्की, भीम साव, नंदिता , समर , एनामुल खान, मो नसीम आदि उपस्थित थे।

### मंत्री योगेंद्र महतो ने की उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र महतो ने बुधवार को उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक। इस बैठक में उत्पाद आयुक्त समेत सभी सहायक उत्पाद आयुक्त शामिल हुए। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से राजस्व लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करें। बैठक में मंत्री योगेंद्र महतो ने अधिकारियों से कहा है कि वह सुनि॰ित किया जाये कि किसी भी हाल में खरीददरों से ज्यादा राशि की वसूली न हो। मालूम हो कि पिछले दिनों ऐसे मामले सामने आये हैं, जिनमें शराब विक्रेता दुकानदारों द्वारा प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूला गया है। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया है कि किसी भी परिस्थिति में राज्य में नकली शराब की बिक्री ना हो।

### झाप्रसे के 925 पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। 925 पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है, जो बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अधीन अंतिम संवर्ग विभाजन के बाद पारस्परिक एवं एकल आधार पर स्थानांतरण के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा अनुशंसित तथा नियुक्त पदाधिकारियों को छोड़कर की अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है। यानि इनमें वैसे पदाधिकारी है, जो बिहार लोकसेवा आयोग के अनुशंसा से नियुक्त हुए थे और झारखंड गठन के बाद पारस्परिक या एकल आधार पर स्थांतरित होकर झारखंड आये थे। कार्मिक विभाग ने एक संकल्प पूर्व में जारी किया था और इसमें म्यूचल ट्रांसफर कराके आने वाले पदाधिकारी की वरीयता उस वक्त राज्य में कार्यरत पदाधिकारियों के समान ही तय किया था। ऐसे में झारखंड सचिवालय सेवा के पदाधिकारी संजय कुमार ने हाइकोर्ट में एक वाद दायर किया था और झासस के अलावा वैसे सभी सेवा के पदाधिकारी जो म्यूचल ट्रांसफर या एकल ट्रांसफर आये थे उनकी वरीयता पर सवाल खड़ा किया था। मामले पर 8 दिसंबर 2020 को आदेश पारित हुआ और इसी आलोक में नये सिरे से वरीयता निर्धारण के लिए आपत्ति ली गयी। कार्मिक के पुराने संकल्प को विलोपित किया गया। आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है। अब ये पदाधिकारी झारखंड में नियुक्त वरीय पदाधिकारियों से न्यून वरीयता में रहेंगे। हालांकि, इनमें अधिकारी अभी प्रमोशन पाकर उच्च पदों पर काबिज हैं।

### हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार

**रांची।** नौ साल पुराने हत्या से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुये अपर न्यायायुक्त प्रथम योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को अभियुक्त देवनाथ महतो को दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई करने के लिये 21 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। अभियुक्त पर चरण महतो की हत्या करने का आरोप है। देवनाथ महतो इस मामले में 15 फरवरी 2017 से लगातार जेल में ही है। इस घटना को लेकर मृतक के पिता पंचू कुमार ने 19 जुलाई 2015 को लापुंग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 18 जुलाई 2015 की रात्रि 11 बजे घर में परिवार के सभी सदस्य बैठकर आपस में बात कर रहे थे। उसी समय तीन अज्ञात अपराधी घर में घुस गये और चरण महतो के सीने में गोली मार दिये। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में अनुसंधान की कार्रवाई के दौरान तीन आरोपी कुलदीप साहू, सोमरु मुंडा और देवनाथ महतो का इस हत्याकांड में सम्मिलित होने का खुलासा हुआ। दो आरोपी कुलदीप साहू और सोमरु मुंडा का भी हत्या कर दिया गया।

## अवैध निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

### इस आदेश से झारखंड को भी लगेगा करंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि अवैध भवन निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकता। चाहे वह भवन कितना भी पुराना क्यों न हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि स्थानीय निकाय द्वारा पास नक्शा से हटकर हुए निर्माण और बिना नक्शा स्वीकृति के हुए निर्माण को नियमित करके ऐसा करने वालों को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता। निर्माण के लिए नियमों का पालन किया जाना जरुरी है। अगर अदालत में ऐसे मामले आते हैं, तो अवैध निर्माण के प्रति नरमी गलत होगा। शीर्ष अदालत ने यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा अवैध निर्माण को ध्वस्त किये जाने के फैसले को चुनौती देने के मामले में सुनवाई करते हुए कही। जस्टिस महादेवन ने आदेश दिया है कि गैरकानूनी तरीके से किये गए अवैध निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकता।

**झारखंड में फंसेंगे लाखों घर-मकान :** बताते चलें कि झारखंड की राजधानी रांची ही नहीं, बल्कि अन्य शहरों में लाखों घर ऐसे हैं, जिनका निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराये किया गया है। करीब आठ साल पहले रघुवर सरकार में ऐसे घरों को नियमित करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ाये थे। हेमंत सरकार के पहले कार्यकाल में भी इस दिशा में आगे बढ़ते हुए नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने कई बैठकें की थी।

## जाली कागजात पर नौकरी करने का आरोपी बरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जाली कागजात पर सरकारी नौकरी प्राप्त करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी रोहतास जिला निवासी शैलेंद्र सिंह उर्फ सुरेंद्र सिंह को 32 साल बाद एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मामले में सबूत नहीं जुटा पाई। इसका लाभ आरोपी को मिला। बचाव पक्ष के वकील बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि शैलेंद्र सिंह ने 28 साल की उम्र में जाली प्रमाणपत्र पर रोहतास के राजकीय औषधायलय गोड़ारो में फरवरी 1984 को योगदान देने का आरोप था। इतना ही नहीं उस पर नौकरी में आने के बाद उसने कई लोगों को जाली बहाली भी करवाने का आरोप था। मामले में शैलेंद्र सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कैबिनेट;निगरानीद्ध के निर्देश पर निगरानी के तत्कालीन एसपी ब्रज नंदन प्रसाद सिंह शिबकाटश ने पीई दर्ज की थी। इसी शिकायत पर 28 मार्च 1992 को प्राथमिकी कांड संख्या 18/92 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के पहले ही आरोपी ने नौकरी छोड़ दी थी।

**सुरेंद्र सिंह ही निकला शैलेंद्र सिंह :** एसीबी को आरोपी शैलेंद्र सिंह को खोजने में 29 साल से अधिक समय लगा। उसके पते पर एसीबी की टीम कई बार गई। लेकिन शैलेंद्र सिंह नाम का व्यक्ति का पता नहीं चल पाया। इसी दौरान एसीबी को पता चला कि शैलेंद्र अपने गांव में सुरेंद्र सिंह के नाम से जाना जाता है। तब जाकर भेद खुला। शैलेंद्र सिंह ने फरवरी 1984 से फरवरी 1988 तक नौकरी में रहा। 1992 में प्राथमिकी दर्ज की गई। 2002 में चार्जशीट दाखिल की गई जिसमें शैलेंद्र के अलावा कुंदन कुमार सिन्हाए सुरेंद्र प्रसाद वर्मा व उमा शंकर प्रसाद का नाम शामिल था। मामले के दो आरोपी सुरेंद्र प्रसाद वर्मा व उमा शंकर प्रसाद अब तक फरार है।

**10 साल बाद की गई थी चार्जशीट दाखिल**

प्राथमिकी के 10 साल बाद निगरानी ब्यूरो के डीएसपी भगवान प्रसाद ने आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत के साथ 12 दिसंबर 2002 को चार्जशीट दाखिल की थी। जिस पर अदालत ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपियों को समन जारी किया गया। लेकिन शैलेंद्र सिंह फरार रहे। दवाब पर उसने 25 जून 2021 को कोर्ट में सरेंडर किया। सात महीने जेल काटने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने 25 जनवरी 2022 को सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की। जेल से निकलने के बाद मामले में उसके खिलाफ आरोप तय किया गया था। सुनवाई के दौरान एसीबी सबूत प्रस्तुत नहीं कर सकी।

कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

**संशोधित सूचना**

सदर अस्पताल कोडरमा के ए0आर0टी0 सेन्टर में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 02/2024(Estb.) प्रकाशन की गई है। जिसका PR. No. 336855 है। उक्त प्रकाशन की सेवा/शर्तें इत्यादि में आंशिक संशोधन किया गया है। इसकी विस्तृत विवरणी koderma.nic.in अथवा कार्यालय अवधि में सिविल सर्जन कार्यालय कोडरमा से प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 342282 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2024/43, दिनांक: 18/12/2024।** "ई" प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं **दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएंगी। **क्र.सं.; निविदा संख्या; निर्धारित तारीख; संक्षिप्त विवरण; मात्रा और जमा बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **1; 38243953सी;** 13.01.2025; बीओएक्सएन वैगन के लिए टॉप साइड बियरर लाइनर आदि; 14090 अदद और ₹ 3,55,800। **2; 38243932बी;** 16.01.2025; बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए नया डोरवे स्टीफिनिंग क्रॉस बार; 8504 अदद और ₹ 5,88,030। **3; 60240006बी;** 30.12.2024; कंक्रीट स्लीपर पर एचवीएन-66 इंसुलेटिंग लाइनर्स फ्लैट टो का विनिर्माण और आपूर्ति आदि; 1600000 अदद और ₹17,36,960। **4; 33245035;** 15.01.2025; विभिन्न प्रकार के हेलिकल स्प्रिंग; वेबसाइट के अनुसार और ₹ 17,85,870। **5; 33241486सी;** 15.01.2025; डिस्क ब्रेक सिस्टम के लिए ब्रेक पैड का गैर-एस्बेस्टस आधारित सेट (1 अदद- एलएच और 1 अदद- आरएच) आदि; 27,000 सेट और ₹ 11,50,150। **6; 33245034;** 16.01.2025; एलएचबी एसी कोचों के लिए एसएस ट्रॉफ असेंबली की आपूर्ति; 2400 सेट और ₹ 20,00,000। **7; 60240043ए;** 19.12.2024; आरडीएसओ ड्राइंग संख्या : टी-8822 के अनुसार थिक वेब स्विच एक्सपैंशन जॉइंट (टीडब्ल्यूएसईजे) के निर्माण और आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध; 1050 सेट और ₹ 20,00,000। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-925)

## चुटूपालू घाटी में सड़क का होगा चौड़ीकरण

### जैना मोड़ से देवघर व गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का हो निर्माण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से मिलकर के रांची एवं रामगढ़ के बीच चुटू पालू घाटी में गंडके मोड़ के समीप आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में जान माल की हो रही क्षति को रोकने, सड़कों को दुरुस्त करने, फोरलेन सड़क का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज अंडरपास का निर्माण कराने व सड़क निर्माण के लिये व अधिग्रहण किये गये भूमि का भुगतान करने कई संबंधित विषयों को



लेकर चर्चा की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष ने रामगढ़ चुटू पालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटना को लेकर कहा कि इस विषय पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वाहन चालक ज्यादा गति से नहीं चले। न्यूट्रल में नहीं चलायें और ओवरलोडिंग भी नहीं हो। इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। स्थायी समाधान निकालने के लिए अलग से सड़क निर्माण कराया जायेगा। सांसद ने अध्यक्ष का ध्यान जैना मोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर, मधुबन व गिरिडीह तक में फोरलेन सड़क का निर्माण कराने, गोविंदपुर एनएच 19 से गिरिडीह तक सड़क को फोरलेन करने, डुमरी मोड़ केवी हाई स्कूल के सामने व आईबीपी गूझाडीह मोड़ में आर ओबी का निर्माण कराने, गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराने पर आकृष्ट कराया।

# दुष्कर्म पीड़िता से गुजरात मिलने पहुंची दीपिका पांडेय सिंह

### मंत्री ने टीम के साथ झारखंड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से की मुलाकात, पहुंचायी आर्थिक मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से गुजरात के वड़ोदरा में मुलाकात कर उसका हाल जाना। मंत्री के साथ गई टीम ने ना सिर्फ बच्ची का हाल जाना बल्कि उसे आर्थिक मदद पहुंचाते हुये पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात सरकार से दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ आईजी सुमन गुप्ता, डायरेक्टर सोशल वेलफेयर किरण पांसी बच्ची से मुलाकात करने गुजरात गईं थीं।

**यह है मामला**

गुजरात के भरूच स्थित झघड़िया जीआईडीसी क्षेत्र में झारखंड निवासी एक नाबालिग बच्ची के साथ गत दिन दुष्कर्म हुआ था। इसके बाद पीड़ित बच्ची का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और फिर वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में हो रहा है। मामले की जानकारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में टीम को वडोदरा भेज बच्ची को मदद पहुंचाया। मालूम हो कि राज्य में रह रहे तथा प्रवासी झारखंडवासियों के प्रति राज्य सरकार हमेशा संवेदनशील रही है। फिलहाल आरोपी को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



स्पीड न्यूज



## 29 को बरनवाल मोदी सेवा समिति का वनभोज

**जमशेदपुर।** बरनवाल मोदी सेवा समिति का अहिबरण जयंती शोभा यात्रा एवं पारिवारिक मिलन समारोह 29 दिसंबर रविवार को जुगसलाई पार्क में मनाया जायेगा। इसके मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू होगी एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय बरनवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर विजय प्रकाश जी होंगे। यह जानकारी बरनवाल मोदी सेवा समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल ने दी।

## कामरेड विनोद मिश्र की 26वीं पुण्यतिथि मनी

**जमशेदपुर।** भाकपा माले के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दिवंगत विनोद मिश्र की 26 वीं पुण्य तिथि सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के सभागार में 18 दिसंबर को मनायी गयी। मौके पर दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। भाकपा माले की कोल्हान प्रमंडल इकाई द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत कामरेड विनोद मिश्र की तस्वीर पर पुष्पांजलि के साथ की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश सिंह ने की। मौके पर रामेश्वर प्रसाद, जेपी सिंह, गंगाधर कुंभकार, कन्हैया लाल सिंह, नंद किशोर सिंह, चुनचुन रजक, जीतु कर्मकार, उमेश साह, उदय सिंह, आस्तिक रजवार आदि उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बिष्टुपुर थाना अंतर्गत माईकल जॉन ऑडिटोरियम में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न थानों से आये लोगों की शिकायत संबंधी आवेदन मिले, जिनका संज्ञान लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## अग्रवाल सम्मेलन ने बांटा भोजन और फल

**जमशेदपुर।** नर सेवा नारायण सेवा समर्पण के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा बुधवार को बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम मे कुष्ठ मरीजो के बीच भोजन और फल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल की देखरेख में हुआ। मौके पर महामंत्री राजेश रिंगसिया, कोषाध्यक्ष सीए मुकुंद केडिया अभिभावक श्रवण देबुका, भोला चौधरी, पंकज छावछरीया, मनोज पलसनिया समेत नारी शक्ति मे उमा चेतानी, श्री चौधरी, रिचा चौधरी, मीना शाह, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से फूलचंद की मौत

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात में मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बुधवार को पूर्वी सिंहभूम के कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगुड़दा ग्राम निवासी फुलचंद सहिस (56) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच और अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## डालसा और सीडब्ल्यूसी ने चलाया अभियान

**गम्हरिया।** डालसा के निर्देश पर, बाल श्रम को रोकने के लिए डालसा एवं सीडब्लूसी ने संयुक्त रूप से बुधवार को कांड्रा में अभियान चलाया। इस दौरान कांड्रा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में क्षेत्र के तीन दुकानों में बाल मजदूरी करते हुए चार नाबालिग पाए गए जिन्हें उनके माता-पिता को बुलवा कर उनके सुपुर्द किया गया। दुकानदारों को बॉन्ड भरवाते हुए दुबारा बाल श्रमिक को रखने पर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गयी।

# तीन करोड़ इनामी राशि वाला टाटा स्टील गोल्फ टूर चैंपयनशिप आज से

- गगनजीत भूल्लर, एसएसपी चौरसिया, ओमप्रकाश चौहान, वीर अहलावत, उदयन माने रहेंगे आकर्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई 19 से 22 दिसंबर, 2024 तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट में 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। पीजीटीआई पर सबसे बड़ा। इस क्षेत्र में 62 पेशेवरों का विशिष्ट क्षेत्र होगा। उक्त जानकारी बेल्डीह क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरामम ने दी। इस अवसर पर उनके साथ पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी, गगनदीप भूल्लर, वीर अहलावत और जमशेदपुर गोल्फ क्लब के सीइओ दिग्विजय सिंह मौजूद थे।

टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन का सीजन-एंडिंग इवेंट है। टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है और इसमें कोई कटौती लागू नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट से पहले प्रो-एम इवेंट 17 को खेला गया था।

**आयोजन का प्रारूप इस प्रकार है :** डीबी सुंदरामम ने बताया कि सभी चार राउंड में, आधा मैदान अपना पहला नौ होल गोलमुरी में और दूसरा नौ होल बेल्डीह में खेलेगा, जबकि दूसरा आधा अपना पहला नौ होल बेल्डीह में और दूसरा नौ होल गोलमुरी में खेलेगा। दूसरे राउंड से, लीडरबोर्ड का अग्रणी/ अग्रणी आधा भाग (स्कोर के अनुसार अग्रणी समूह) अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरे नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 22 दिसंबर को बेल्डीह गोल्फ क्लब में आयोजित किया जायेगा। पीजीटीआई के सीइओ उत्तम सिंह मुंडी ने बताया कि टूनामेंट में एक चमकदार मैदान होगा जिसमें भारतीय गोल्फ के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे जैसे कि गत चैंपियन गगनजीत भुल्लर (2020 और 2023 चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन ओम प्रकाश चौहान, 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत, पूर्व चैंपियन उदयन माने (2019 और 2021 चैंपियन), राहिलगांगजी, मनु गंडास और युवराज संधू हैं।




**चैंपियनशिप ट्रॉफी को प्रदर्शित करते बायें से उत्तम सिंह मुंडी, गगनजीत भूल्लर, डीबी सुंदरामम, वीर अहलावत व दिग्विजय सिंह।**

**टाटा स्टील खेल को बढ़ावा देती रहेगी : सुंदरामम्**- टाटा स्टील के रॉ मटेरियल डिवीजन के उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन डी बी सुंदर रामम ने कहा, टाटा स्टील में, हमने हमेशा उत्कृष्टता को प्रेरित करने और समुदायों के निर्माण के माध्यम के रूप में खेल को बढ़ावा दिया है। इस वर्ष भी जमशेदपुर में पीजीटीआई टूनार्मेंट की मेजबानी गोल्फ को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जमशेदपुर गोल्फ कप्तान के रूप में, इस चैंपियनशिप को हमारे हरे-भरे मैदान में आयोजित होते देखना विशेष रूप से संतुष्टिदायक है, जो खेल के साथ हमारे शहर के गहरे संबंध को दशार्ता है। हम खिलाड़ियों और उत्साही लोगों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन और सौहार्दपूर्ण एक रोमांचक सप्ताहांत की आशा करते हैं।

**जमशेदपुर के गोलमुरी और बेल्डीह गोल्फ कोर्स का जवाब नहीं : उत्तम**- पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, हम पीजीटीआई की स्थापना के बाद से उसके अटूट समर्थन के लिए टाटा स्टील को धन्यवाद देते हैं। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024, सीजन का शोपीस इवेंट, जिसमें मौजूदा ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष 60 खिलाड़ियों के साथ आमंत्रित अतिथि भी शामिल हैं। एक और सप्ताह के उत्साहजनक गोल्फ का वादा करता है, जो एक शानदार मैदान के रूप में जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी के दो उत्कृष्ट स्थानों पर उतरेगा। सीजन के सबसे बड़े पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करें। यह देश में गोल्फ प्रशंसकों के बीच रुचि बढ़ाता है क्योंकि यह 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन का भी फैसला करेगा। हम खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं।

- दो स्थान, बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स, दोनों हरे-भरे, सुंदर और बहुत अच्छी तरह से बनाये हुए हैं, जिनकी पृष्ठभूमि में आकर्षक डालमा पहाड़ियां हैं। जबकि बेल्डीह गोल्फ कोर्स लंबे फेयरवेज का प्रदर्शन करता है, गोलमुरी गोल्फ कोर्स एक छोटा, हरा-भरा, बुटीक कोर्स है जो गोल्फर्स को गलती की कोई गुंजाइश नहीं देता है।

# शास्त्रीनगर में कांग्रेसी नेता आलोक की दिन दहाड़े हत्या

- परिजनों का आरोप-सरयू राय के इशारे पर छोटा बच्चा और मोहित ने की हत्या
- मात्र 24 दिन पहले हुई थी आलोक मुन्ना की शादी, पत्नी और मां का बुरा हाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नगर के शास्त्रीनगर इलाके में सुबह 10 बजे टाइगर क्लब चलाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की दिन दहाड़े हत्या कर दी गयी। आलोक पूजा के लिए फूल लेकर अपनी बुलेट से लौट रहा था तभी शिशु मंदिर के पास घात लगा कर बैठे हत्यारों ने सामने से चार गोलियां उसके सीने में उतार दी। मुन्ना की मौके पर ही मौत हो गयी। मुन्ना पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता का कट्टर समर्थक और कांग्रेसी नेता था।

मुन्ना को गोली लगने पर उसके समर्थक उसे टाटा मेन हॉस्पिटल ले गये जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुन्ना की 24 दिन पहले ही शादी हुई थी। उसकी हत्या के बाद मां और पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

हत्या की सूचना मिलने पर आइजी अखिलेश झा ने सीनियर एसपी किशोर कौशल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया, और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता भी मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

दूसरी ओर, मृतक आलोक मुन्ना के भाई मनोज ने आरोप लगाया है कि हत्या नये विधायक सरयू राय के ईशारे पर छोटा बच्चा और मोहित ने की है। ये दोनों विधायक के ही समर्थक हैं। चुनाव के दौरान मुन्ना की भाजपाइयों से बकझक भी हुई थी।



**घटना स्थल का मुआयना करते आइजी अखिलेश झा व सीनियर एसपी किशोर कौशल और आलोक मुन्ना की फाइल फोटो (इनसेट)।**

### सरयू राय पोषित अपराधियों ने की है मुन्ना की हत्या : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** शास्त्रीनगर सरस्वती शिशु मंदिर के पास कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक भगत उर्फ मुन्ना की दिन दहाड़े हत्या पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि चुनाव के दौरान गला फाड़ कर भय और अपराध मुक्त जमशेदपुर बनाने का झूठा प्रचार करने वाले विधायक और झूठ के सौदागर सरयू राय पोषित अपराधियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक भगत ऊर्फ मुन्ना की दिन दहाड़े हत्या की हैं। इस संबंध में यदि त्वरित कार्यवाई नहीं हुई और अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो डीजीपी और मुख्यमंत्री से मिलेंगे। यह एक राजनीतिक हत्या हैं, कई कांग्रेस के साथियों को भी धमकी मिल रही हैं, यदि पुलिस किसी के दबाव में कार्य करती हैं तो इसको लेकर आंदोलन किया जायेगा।

## भोजपुरी भवन में याद किये गये भिखारी ठाकुर, नमन...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर गोलमुरी भोजपुरी भवन में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष व वरीय साहित्यकार अरबिंद बिद्रोही की अध्यक्षता में भोजपुरी के अनमोल लोक कलाकार स्व भिखारी ठाकुर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कह भिखारी ठाकुर महान मां सरस्वती के वरद पुत्र जो स्कूल बहुत कम समय तक गए, लेकिन साक्षात मां सरस्वती को उनके कंठ में आकर बसना पड़ा। उन्होंने सामाजिक कुरीति के खिलाफ नाटक कला के माध्यम से दूर करने का सफल प्रयास किया। इस दौरान गबरघिचोर, श्री गंगा स्नान, बेटी बियोग, भाई बिरोध, बिदेशिया, बिधवा- बिलाप, कलियुग प्रेम, ननद भौजाई, नकल भाड़ आ नेटुआ के इत्यादि अनेको नाटक प्रमुख है। उन्हें भोजपुरी का सेक्सपियर भी कहा जाता है।

## डीबीएमएस का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

›› रेड हाउस बना ओवर ऑल चैंपियन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस इंग्लिस स्कूल का वार्षिक खेलकूद महोत्सव 2024 का आयोजन 18 दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोट्स कंपलेक्स में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों दलों द्वारा मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया जिसमें तमन्ना बोस कमांडर इन चीफ थीं। विद्यालय सीनेट के मुख्य छात्र युवराज सेठी त्एवं मुख्य छात्रा एन. विदिशा एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा चारों दलों की अगुवाई की गई। रेड हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस एवं ब्लू हाउस एक-दूसरे के पीछे मार्च पास्ट का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बच्चों ने पूरी ऊर्जा, उमंग एवं उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया एवं बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

खेल दिवस पर टाटा स्टील में सपोर्ट्स एवं ट्रेनिंग सेंटर की मुख्य पदाधिकारी विभूति दंड अदेशरा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थीं जिन्होंने प्राचार्या रजनी शेखर, उप-प्राचार्या एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ खेल ध्वज फहरा कर खेल दिवस का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं ने ब्लेजिंग फ्यूरी नाम से सुंदर डांस ड्रिल प्रस्तुत किया गया जिसके द्वारा इस वर्ष को ड्रैगन ऑफ ईयर बताया गया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने बास्केट बॉल ब्लिट्ज नाम से डांस ड्रिल प्रस्तुत किया जिसके जरिए टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन एन टाटा को श्रद्धांजलि दी गयी।

## कोल्हान विवि: व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शिक्षकों को पांच माह से नहीं मिला है वेतन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** कोल्हान विवि के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बीबीए, बीसीए, बीएससी आईटी एवं एमबीए) के शिक्षकों को पिछले पांच महीनों से संविदा नवीनीकरण और मानदेय भुगतान में हो रही देरी के कारण गंभीर वित्तीय और मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संविदा नवीनीकरण प्रक्रिया लंबित होने से शिक्षकों का नियमित वेतन बाधित हो गया है, जिससे उनके परिवारों की आजीविका पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

आज वर्कर्स महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में जमशेदपुर पश्चिम के माननीय विधायक श्री सरयू रॉय का आगमन हुआ। इस अवसर का लाभ उठाते हुए शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया और निवेदन किया कि माननीय विधायक इस विषय पर हस्तक्षेप कर विश्वविद्यालय प्रशासन और संबंधित विभागों से संवाद स्थापित करें।

## जमशेदपुर में ही वी द सिख्स का विमोचन करना चाह रहे कपिलदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** क्रिकेट लीजेंड कपिल देव ने सिख समुदाय को समर्पित अपनी पुस्तक वी द सिख्स का विमोचन जमशेदपुर में करने की इक्छा जताई है। जमशेदपुर के पत्रकार परविन्दर भाटिया से एक विशेष मुलाकात में उन्होंने कहा कि वह जमशेदपुर के लोगों से मिले प्यार से उत्साहित हैं और वह चाहते हैं कि जमशेदपुर में उनकी पुस्तक का विमोचन किया जाए। भेंट के दौरान उन्होंने विशेष रूप से जानकारी प्राप्त की कि जमशेदपुर में सिखों जनसंख्या कितनी है। पहले चरण में वह पुस्तकों की एक हजार प्रतियां भेजेंगे और खुद जमशेदपुर में आ कर पुस्तक का विमोचन करेंगे। कपिल कॉफी-टेबल बुक, सिख समुदाय का सटीक इतिहास देती है और इसमें दुनिया भर के 100 गुरुद्वारों की पहले कभी न देखी गयी।

# मेधावी बच्चों को कलक्टर, डॉक्टर और इंजीनियर बनाने में हरसंभव मदद करेगा भूल्लर फाउंडेशन

**सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** इंटरनेशनल गोल्फर गगनजीत सिंह भूल्लर ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत पंजाब के कैंसर रोगियों एवं आर्थिक रुप से कमजोर युवा खिलाड़ियों को मदद के अभियान को बड़ा करने का निर्णय लिया है। गगनजीत सिंह भूल्लर फाउंडेशन के जरिए अब मेधावी किंतु आर्थिक रुप से कमजोर छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, नीट एवं आइआइटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराने का निर्णय लिया है। कोचिंग से लेकर रहने- खाने- पीने का खर्च फाउंडेशन उठायेगा। इसकी विधिवत घोषणा 31 मार्च 2025 को की जायेगी। गगनजीत का कहना है कि कमजोर परिवार के बच्चे इन परीक्षाओं में सफल होते हैं तो वे न सिर्फ अपने परिवार को ट्रांसफॉर्म करेंगे बल्कि समाज के कमजोर परिवारों के लिए एक नजीर भी बनेंगे। डोमिनो इफैक्ट से काफी बदलाव आयेगा।



**गोल्फर गगनजीत भूल्लर।**

उक्त जानकारी गोल्फर गगनजीत सिंह भूल्लर ने **खबर मन्त्र** से एक बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि उनके लिए इनामी टुर्नामेंट जीतने से ज्यादा सामाजिक कार्य से मिली संतुष्टि बहुत मायने रखती है। 2013 में गगनजीत भुल्लर फाउंडेशन की स्थापना की। मेडिकल एंड एजूकेशन के क्षेत्र में फाउंडेशन फोकस कर रहा है। पंजाब के गुरुदासपुर जिला के जद्दी गांव, जहां से मेरी जड़ है, वहां कैंसर जांच शिविर लगाना शुरु किया। हमने इस दौरान जागरुकता कार्यक्रमों के जरिए कैंसर का डर लोगों के मन से दूर किया है। इसी तरह छोटे किसानों को मदद भी फाउंडेशन के जरिए की है। पांच एकड़ से कम जमीन वाले 22 किसान परिवारों के घर पर सोलर पैनल लगायें। अब पंजाब की आम आदमी पार्टी ने बिजली फ्री कर दी है तो हम पंजाब फाइव हार्ट फाउंडेशन के सहयोग से फ्री बाईपास सर्जरी भी करायी जा रही है।

## एक नजर में

### टेल्को गोलचक्कर पर जैम@स्ट्रीट 22 को

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील UISL, टाटा मोटर्स और टाटा कमिंस के सहयोग से जैम@स्ट्रीट इवेंट का दूसरा संस्करण आयोजित करने जा रहा है । यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम रविवार, 22 दिसंबर 2024 को सुबह 6 :30 बजे से टाटा मोटर्स टाउनशिप (टेल्को क्षेत्र) में श्रमिक ब्यूरो राउंडअबाउट से डीलर्स हॉस्टल तक फैले क्षेत्र में आयोजित किया जायेगा। इस दिन का आनंद उठाने के लिए तैयार हो जाइये, जिसमें बैडमिंटन, जुंबा वर्कआउट और स्वादिष्ट व स्वस्थ भोजन जैसी गतिविधियां टेल्को की मुख्य सड़क पर उपलब्ध होंगी। जैम @ स्ट्रीट केवल एक कार्यक्रम नहीं है; यह एक उत्सव है जो विभिन्न रुचियों के लिए गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। चाहे आप फिटनेस प्रेमी हों, कला के शौकीन हों, या अपने परिवार के साथ मजेदार दिन बिताना चाहते हों, जैम@स्ट्रीट में हर किसी के लिए कुछ खास है। लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस का आनंद लें, विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल्स का अन्वेषण करें, और रोमांचक बास्केटबॉल और कराटे प्रदर्शनों को देखें। आप रोमांचक एडवेंचर स्पोर्ट्स में भाग ले सकते हैं, पेंटिंग सेशन में हिस्सा ले सकते हैं, और अस्थायी टैटू बनवाकर मजा ले सकते हैं। इसके अलावा, जुम्बा सत्र का हिस्सा बनें, जो आपके दिन में जोश और ताल भर देगा। जैम @ स्ट्रीट में भाग लेना सभी के लिए नि:शुल्क है और इसमें हर कोई शामिल हो सकता है।

### बन्ना के संरक्षण में चल रहे आपराधिक गिरोह अब आपस में ही भिड़ने लगे हैं : सरयू राय



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे आपराधिक गिरोह अब आपस में ही लड़ने लगे हैं। शास्त्री नगर के आलोक भगत की हत्या बन्ना समर्थित आपराधिक गिरोहों की परपस्पर प्रतिद्वंदिता का ही परिणाम है। सत्ता का दबाव हटते ही बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे गिरोह आपस में ही भिड़ने लगे हैं। यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि जिन लोगों को हथियार बना कर बन्ना गुप्ता ने पिछले पांच वर्षों में जमशेदपुर में भय और आतंक का साम्राज्य खड़ा किया था, वे अब खुद भयभीत और आतंकित हैं। उनका यह भय और आतंक कहीं बाहर से नहीं बल्कि एक ही थैली के चट्टे-बट्टों का आपसी संघर्ष है। पुलिस इसकी छानबीन करे और बन्ना गुप्ता द्वारा पिछले पांच वर्षों में कायम किये गये भय और आतंक के माहौल का पदार्फाश करे। उनके संरक्षण में चल रहे गिरोहों की परस्पर प्रतिस्पर्धा पर पुलिस नजर रखे। श्री राय ने कहा कि खुफिया विभाग जरूरी दस्तावेज जुटाये ताकि आगे ऐसी घटनाएं ना हों। उन्हें उम्मीद है कि जमशेदपुर पुलिस इस घटना का पदार्फाश करेगी और इस मामले की तह तक जाएगी। अब बन्ना गुप्ता खुद भयभीत हो रहे हैं। उनके भय का कारण भी उनके द्वारा पोषित आपराधिक गिरोह ही हैं। जमशेदपुर पुलिस को पर्याप्त प्रयास करना चाहिए और बन्ना समर्थित आपराधिक गिरोहों की शिनाख्त समय पर करनी चाहिए।

### मनोहरपुर के विधायक जगत माझी पहुंचे आवासीय विद्यालय गुदड़ी, छात्राओं से मिले



**सोनुवा।** सोनुवा के बेगुना गांव में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुदड़ी में बुधवार को मनोहरपुर के नव निर्वाचित विधायक जगत माझी का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। मौके पर छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने विधायक का गीत से स्वागत किया एवं गुलदस्ता भेंट किया। मौके पर विधायक ने विद्यालय का निरीक्षण किया एवं छात्राओं की समस्याओं से अवगत हुए। छात्राओं ने विधायक के समक्ष खेल का मैदान, हिंदी विषय के शिक्षक, एंबुलेंस एवं बाथरूम आदि की समस्याएं रखी। साथ ही गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन के लिए विधायक को आमंत्रित किया। विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यहां की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर विधायक के हाथों कक्षा छह की छात्राओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। विधायक जगत माझी ने कहा यहां आकर उन्हें अपना हॉस्टल लाइफ याद आ गया। कहा कि उन्होंने भी कक्षा एक से हॉस्टल में पढ़ाई की है। सीनियर्स छात्राओं को जूनियर की मदद करने को कहा। कहा जो भी जरूरत की चीजें है उन्हें मुहैया कराया जाएगा। खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें, ताकि गुदड़ी प्रखंड का नाम रौशन हो। मौके पर वार्डेन पुष्पा कंडुलना, सीआरपी डाक्टर महतो, शर्मिला कुमारी, नूतन भईयां, सुनीता सिंह, मोनिका महतो, स्नेहलता प्रधान, नीतू महतो, अंजू मुंडा, रिंकी प्रधान, रेखा महतो आदि शिक्षिका उपस्थित रही।

### कड़ाके की ठंड में कंबल सेवा से राहत पहुंचा रहे काले



**जमशेदपुर।** कड़ाके की ठंड के मौसम में कई बुजुर्गों को असहनीय सर्दी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले द्वारा पिछले 24 वर्षों से जरुरतमंद बुजुर्गों को कंबल सेवा किया जाता है, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। इस अभियान के अंतर्गत अमरप्रीत सिंह काले ने नेहरू कालोनी, स्लेग रोड, सीतारामडेरा, बंगाली कॉलोनी, पुराना सीतारामडेरा, हरिजन बस्ती, भालूबासा, वैशाली नगर (भट्ठा), बारीडीह बस्ती, मूंसा सिंह बगान, गुरुद्वारा बस्ती, साकची सहित अन्य स्थानों का दौरा किया और वहां के बुजुर्गों को कंबल प्रदान करके आशीर्वाद लिया। कंबल प्राप्त करने वाले बुजुर्गों ने अमरप्रीत सिंह काले का आभार व्यक्त किया और उनके कार्य की सराहना की। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह सेवा कार्य केवल भगवान भोलेनाथ की कृपा और आपके आशीर्वाद से ही संभव हो रहा है। काले ने यह भी कहा कि यदि भोलेनाथ की कृपा और समाज के लोगों का आशीर्वाद बना रहा, तो यह कंबल सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा हमारे समाज में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और दूसरों की मदद करने के लिए आगे आएं। काले ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे भी इस प्रकार की सेवा कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के लिए एकजुट रहें।

## स्पीड न्यूज

### जिप सदस्य प्रतिनिधि अजय उरांव और आशीष सिन्हा ने की परिवार की मदद



**सतबरवा पलामू।** बोहिता पंचायत के लोहड़ी निवासी हरी भुइयां की पत्नी बुधनी कुंवर के निधन की सूचना मिलते ही जिप सदस्य प्रतिनिधि अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंहा ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिल संवेदना प्रकट कर आर्थिक मदद की। दोनों ने कहा कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है। इन्हें सहयोग की जरूरत है। हम सबका दायित्व है कि दुख की घड़ी में जितना हो सके सहयोग करें। मौके पर रामनाथ पाठक, गौरीशंकर पाठक, कामेश्वर भुइयां, सतेंद्र पाठक थे।

### सरकारी भूमि से अतिक्रमण को हटाया

**हरिहरगंज पलामू।** छतरपुर एसडीओ आइएएस आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत भवन तथा सतगावां मोहल्ला में आंगनबाड़ी निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ के निर्देश पर पश्चिमी पंचायत भवन के समीप सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों के अतिक्रमण हटाये गये। वहीं अररूआ कला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही अररूआ कला के समीप तिल मिल की भी जांच की। मौके पर सीओ मनीष सिन्हा, सीआइ संजीव कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

### तीन एकड़ में लगी पोस्ता खेती नष्ट



**हरिहरगंज पलामू।** थाना पुलिस ने पथरा पिकेट के बिचलीटांड़ मौजा में बुधवार को अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। यह स्थान बिहार सीमा से सटा है। जहां पुलिस तीन एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस उक्त भूमि का मालिक तथा पोस्ते की खेती करने वाले की पहचान करने में जुटी है। पोस्ते की खेती करने वालों को किसी कीमत में बख्शा नहीं जायेगा। मौके पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान भी थे।

### नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में फसल नष्ट



**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के डगरा पंचायत के रन्नाग-सिरहा में वन भूमि पर लगे पोस्ता के पौधों को कुहकूह कला पिकेट के सहयोग से पुलिस बल ने नष्ट कर दिया। करीब चार एकड़ पर कार्रवाई कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और नशा मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से यह किया गया। नौडीहा बाजार थाना में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध खेती, नशीले पदार्थों के उत्पादन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों और छः मुहान के नीचे बाजार रोड पर नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। कई दो पहिया वाहनों कुछ चालक बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस के थे। कुल 32 वाहनों का चालान कर बुधवार को चालान फाइन राशि के रूप में 20,300 रुपये प्राप्त किये गये हैं।

### उस्ताद जाकिर हुसैन का जाना तबला जगत के लिए अपूरणीय क्षति : सौरभ



**मेदिनीनगर।** शहर के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक व तबला नवाज सह सह पलामू केंद्रीय विद्यालय के संगीत शिक्षक सौरभ दुबे ने मशहूर तबला वादक और पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोकर जताया है। उन्होंने श्री हुसैन के निधन को तबला जगत के लिए अपूरणीयी क्षति बताया है। बताते चलें कि जाकिर करीब 2 हफ्ते से बीमार थे। रविवार को इलाज के दौरान उनके निधन हो जाने से संगीत जगत में शोक की लहर है। जाकिर हुसैन महज 12 साल की उम्र में संगीत की दुनिया में कदम रख छोटी उम्र से ही तबले की आवाज से जादू बिखेरना शुरू कर दिया था। उन्हें 37 साल की उम्र में 1988 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2002 में उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया था। जाकिर को 1992 और 2009 में संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रैमी अवार्ड दिया गया था।

### संगठन महापर्व सह सदस्यता महा अभियान को लेकर बैठक आयोजित



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर के देवी धाम परिसर में संगठन महापर्व सह सदस्यता महाभियान को लेकर मंडल स्तरीय बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता हैदरनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की एवं संचालन संजय सिंह ने किया। मुख्य प्रभारी के रूप में उपस्थित जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि 22 दिसंबर से प्राथमिक सदस्यता महाभियान चलेगा। दो से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्राचार्य से ली पोशाक वितरण कार्य की जानकारी



**छतरपुर पलामू।** पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव द्वारा विद्यालय विकास एवं पोशाक वितरण संबंधित जानकारी छतरपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास से ली। इस मामले में उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि दोनों प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक अपने अपने विद्यालय में स्थानीय वेंडर से पोशाक की खरीदारी कर सभी छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म में विद्यालय में प्रवेश करें। ये राशि पी एफ एम एस के माध्यम से आपके खाते में गयी है, जो आपको खर्च कर बिल वाउचर अपलोड करते हुए कार्यालय को देना है। पूर्व में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास ने विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव के साथ बैठक कर निर्देश दे दिया था कि विद्यालय में जो भी पोशाक वितरण किया जायेगा, वो स्थानीय वेंडर से ही खरीदारी की जायेगी।

# संत मरियम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जायेगा : अविनाश देव

■ विद्यालय में नामांकन के लिए फार्म उपलब्ध है, लाभ लें : कुमार आदर्श

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय नावाटोली में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने आगामी नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि समय की बदलते मांग के अनुसार बच्चों के पाठ्यक्रम में गुणात्मक विकास के लिए योग्य व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष कक्षा की व्यवस्था की गयी है जहां बच्चों अपने पाठ्यक्रम के अनुसार प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि संत मरियम विद्यालय के बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावे खेलकूद में दक्षता दिलाने के लिए कई खेलकूद का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत विश्वख्याति प्राप्त तीरंदाजी प्रशिक्षक दीप्ती कुमारी बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिलायेगा। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी प्रशिक्षक दीप्ती कुमारी अंतरर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त हैं। जिनके देखरेख में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि संत मरियम स्कूल प्रबंधन आगामी सत्र में नये छात्रों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए सत्र में वर्ग केजी से 9वीं तक के बच्चों के नामांकन हेतु विद्यालय के सभी शाखाओं में नामांकन फार्म उपलब्ध है, इसे भरकर ऑफिस में जमा करें और 19 जनवरी को विद्यालय द्वारा प्रथम टेस्ट का आयोजन नावाहता परिसर में किया जायेगा।

डीजीपी के निर्देश पर पलामू के पांच अनुमंडल थानों में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम

# 80 मामले ऑन द स्पॉट निष्पादित

■ जन शिकायत समाधान से लोगों को मिल रहा लाभ : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डीजीपी के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके तहत पलामू जिला के पांच थाना अनुमंडल क्षेत्रों में कार्यक्रम किये गये। इसमें हुसैनाबाद, छतरपुर, विश्रामपुर, डालटनगंज सदर एवं लेस्लीगंज अनुमंडल क्षेत्रों में कुल 114 शिकायतें आयीं। जिसमें 80 का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। यह कार्यक्रम एसपी रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में किया गया। शहर थाना क्षेत्र में सदर अनुमंडल के सतबरवा, चैनपुर, सदर, शहर, पाटन, पंडवा, रामगढ़ थाना के अलावे महिला एससी, एसटी अहातू थाना के अलावे जिले के अन्य अनुमंडल क्षेत्रों में लगे शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्या समाधान हेतु आवेदन दिया। जिस पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने सुनवाई कर कई मामलों को सुलझाया। वहीं दो पक्षों के बीच विवाद भी सुलझाये गये। शहर थाना में एसपी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। जिसमें किन्नर समाज के पीहू मिश्रा, काजल किन्नर ने एसपी से मिलकर सरकारी जमीन या सरकारी आवास किन्नरों के लिए उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं विवेका त्रिपाठी ने एनएच में रैयती जमीन का मुआवजा भुगतान कराने की मांग की। साथ ही सतबरवा निवासी गुड्डू अंसारी की पत्नी रूबाना खातून ने जेल में बंद पति को छुड़वाने के लिए जल्द चार्जशीट उपलब्ध कराने की मांग की।

# विश्रामपुर में खुला धान क्रय केंद्र ₹2400 प्रति क्विंटल पर खरीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धान क्रय केंद्र के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथि।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के पुराने ब्लॉक परिसर स्थित पैक्स भवन में बुधवार को धान क्रय केंद्र खुला। धान क्रय केंद्र का उदघाटन जिला पार्षद विजय रविदास,बीडीओ राजीव सिंह व सीओ राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि क्रय केंद्र खुल जाने से किसानों को फसल का उचित कीमत मिलेगा। किसानों को किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने की जरूरत अब नही है। बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार का दलाली व बिचौलियागिरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के वास्तविक सभी किसानों का धान क्रय होना चाहिए। नोडल पदाधिकारी सह एमओ रणधीर कुमार ने बताया कि किसान अपना धान बेचने के लिये प्रज्ञा केंद्र तथा अपने मोबाइल के द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। किसान निर्धारित दो सौ क्विंटल तक धान यहां बेच सकते है। उससे ज्यादा बेचना हो तो उपायुक्त से अनुमति लेना होगा। पैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष सुमित शेखर ने बताया कि सभी किसानों का धान ई-पॉश मशीन से लिया जायेगा जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

**ज्यादातर किसान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं धान**

बिश्रामपुर आंचलिक क्षेत्र में सीमांत व छोटे किसान हैं। आर्थिक रूप से कमजोर किसान खाद-बीज सब उधार लेते हैं। सरकारी धान क्रय केंद्र बहुत विलंब से खुलता है। फसल कटते ही दुकानदार तगादा शुरू कर देते हैं। जिसके बाद किसान खलिहान से ही धान बेचना शुरू कर देते हैं। वर्तमान हालात ये है कि क्षेत्र के ज्यादातर किसान अपना धान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं। अब वही बिचौलिया क्रय केंद्र में सरकारी दर पर धान बेच अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं।

डीडीसी ने की जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा

# जहां शुरू नहीं हुई है धान खरीदी, वहां हर हाल में 19 तक शुरू करायें खरीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में जानकारी लेते डीडीसी व उपस्थित पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से ही किसानों से धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ है। डीडीसी शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय सभागार की बैठक में धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी से कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में कई केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ नहीं होने से संबंधित खबरों का आना चिंताजनक है। ऐसी खबरों से जिला प्रशासन की छवि धूमिल होती है। बैठक में डीडीसी ने एक-एक कर सभी पैक्सों में धान अधिप्राप्ति कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जहां भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां के कारणों से अवगत हुए। श्री अहमद ने पाया कि कई केंद्रों का उद्घाटन नहीं होने से किसानों से धान की खरीदी नहीं हो पाया है। उन्होंने ऐसे सभी केंद्रों का हर हाल में 19 तक उद्घाटन के पश्चात धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**बीडीओ-सीओ व नोडल पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति कार्यों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश :** बैठक में उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले क्रय पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने एक प्रखंड स्तर पर एक ही नोडल पदाधिकारी बनाने पर बल दिया।

## सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना परिसर में लगा शिकायत समाधान कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ कार्यक्रम में पहुंचे 20 फरियादी, 13 भूमि विवाद दो पर केस दर्ज व अन्य मामले ऑन स्पोर्ट निष्पादित

■ एसडीपीओ और सीओ समेत कई अधिकारी रहें उपस्थित



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार व पलामू पुलिस के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में जन शिकायत समाधान जागरूकता कार्यक्रम शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता आइपीएस सह एसडीपीओ एस मो याकूब ने की। संचालन अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने किया। शिविर में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार के साथ साथ अनुमंडल के हुसैनाबाद, थाना महिला थाना एवं हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार ओपी, देवरी ओपी क्षेत्र सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। शिविर में कुल 20 फरियादी पहुंचे। जिसमें 13 मामले जमीन संबंधित आये। अन्य दो मामलों में केस दर्ज किया गया, जबकि शेष सभी मामले पारिवारिक विवाद व अन्य पर दोनों पक्षों के समक्ष मामले को निष्पादित कर दिया गया।

## सेना से सरहद की और पौधों से समस्त ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा: डॉ कौशल व अध्यक्ष अरुण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने 1971 में पाकिस्तान विजय दिवस पर पौधरोपण व पौधा वितरण किया

■ डॉ कौशल ने राज्य की सबसे ऊंची लोध फॉल का अवलोकन कर रक्षा के लिए ग्रामीणों संग किया रक्षाबंधन



**नेतरहाट, लातेहार।** लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित देश के प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर के डाली बाजार में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल का कपूर और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ कौशल ने वहां के प्राचार्य व शिक्षकों सहित उड़ीसा बंगाल से टूर आये हुए स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी।

### पुलिस ने किया ट्रैक्टर, हाइवा और ट्रक जब्त



**चैनपुर पलामू।** सदर एसडीओ सुलोचना मीणा के निर्देश पर चैनपुर सीओ चंद्रशेखर कुणाल और थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने अवैध उत्खनन के दौरान मोरम लदा तीन ट्रैक्टर, एक हाइवा और एक ट्रक से अवैध छरी लादकर ले जा रहे वाहन को पुलिस ने किया जब्त किया है। सीओ ने चैनपुर थाना में दर्ज कराया है।

### भाजपा पाटन मंडल की कार्यशाला आज : संजय सिंह



**पाटन पलामू।** भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व की शुरुआत होनी है। जिसके लिए भाजपा पाटन मंडल कमेटी ने कार्यशाला 19 दिसंबर को दिन 12 बजे भाजपा कार्यालय कुड़वा मोड पर निर्धारित की है। जानकारी देते हुए पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कार्यशाला में मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला कार्य समिति सदस्य, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, मंडल के सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक सभी बूथ अध्यक्ष कार्यशाला में शामिल होंगे।

### शिक्षक रविंद्र तिवारी की तीसरी पुण्यतिथि मनी



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के पंसा निवासी शिक्षक स्व रविंद्र सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम मोहम्मदगंज पंसा मुख्य पथ स्थित प्रतिमा स्थल पर हुआ। मौके पर परिजन, समाजसेवी, प्रबुद्धजनों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। मौके पर पुत्र अश्वनी सिंह, प्रिंस सिंह, रामलखन सिंह, ब्रह्मदेव महतो, नागदेव सिंह, चंदन मेहता, प्रशांत ने कहा कि स्व सिंह लोगों के बीच मदद और सामाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

## आशी केयर अस्पताल के निदेशक और अस्पताल संघ अध्यक्ष ने दर्ज कराया केस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ चोरी मामले में कार्रवाई जल्द करने की मांग



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्थित आशी केयर अस्पताल के निदेशक और पलामू अस्पताल संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने पलामू एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज करायी। उन्होंने कार्रवाई जल्द करने की मांग की। उन्होंने अपने घर में 27 अक्टूबर को हुई चोरी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग दो महीने बीतने के बाद भी पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। चोरी की इस घटना में चोरों ने घर से कीमती सामान और नकदी चुरा ली थी लेकिन अब तक न तो चोरों का पता चल सका है और न ही चोरी किये गये सामान की बरामदगी हो पायी है। मनीष तिवारी ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले की जांच में तेजी लाने की मांग की।

### अखबार विक्रेता पंकज को पितृ शोक



**पंडवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा निवासी अलख नारायण मिश्र का निधन हो गया। 75 वर्षीय स्व मिश्रा कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। स्व मिश्रा अखबार विक्रेता पंकज मिश्र के पिताजी थे। उनका दाह संस्कार कोयल नदीतट स्थित श्मशान घाट पर कर किया गया। ज्येष्ठ पुत्र रविशंकर मिश्रा ने मुखाग्नि दी। दाह संस्कार में बड़ी संख्या मे परिजन और नाते रिश्तेदार शामिल हुए।

## खेल से शारीरिक और मानसिक विकास संभव : संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पथरा में भाईचारा एकता कमेटी का फुटबॉल टूर्नामेंट

■ विधायक व प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन

■ सोन नगर ने देव टीम को 2-1 से हराया



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पथरा खेल मैदान पर नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ भाईचारा एकता कमेटी पथरा शिवपुर ने की। विधायक संजय सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं पंसस कलावती देवी ने मैच का शुभारंभ किया। पहले दिन का मैच देव बनाम सोन नगर टीम में हुआ। जिसमें सोन नगर की टीम 2-1 से विजयी रही। नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 में अपनी जगह बनाने में सफल रहा। विधायक ने कहा कि फुटबॉल विश्व का लोकप्रिय खेल है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कमरुद्दीन ने दिया इस्तीफा



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष पर चुनाव के दरम्यान कई गंभीर आरोप लगे हैं जो गत दिनों पलामू परिसदन भवन में विधानसभा में इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को मिली हार के कारणों की समीक्षा की गयी। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जीशान खान ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामले जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के ऊपर लगते रहा है। उपाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि जिला कमेटी को भंग कर नयी और ऊर्जावान व्यक्तियों को जिला कमेटी में शामिल करना चाहिए, जिससे कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जा सके।

# कुछ लोगों ने मुझपर किया है जानलेवा हमला : संग्राम सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मामले की जानकारी देते जिप सदस्य संग्राम सिंह व अन्य।

**पाटन पलामू।** पाटन पश्चिमी के जिप सदस्य संग्राम सिंह ने सतौआ पंचायत भवन में प्रेस वार्ता कर कहा कि कुछ लोगों ने मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया। साथ ही मेरे जैकेट को फाड़कर एक लाख रुपये लूट लिये गये। कहा कि बुधवार को डीलर संघ ने पाटन में एक कार्यक्रम रखा था जिसमें भाग लेने मैं जा रहा था।

जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप मैं अपनी गाड़ी से उतरा। वैसे ही रमेश सिंह, विवेक कुमार, अभिषेक सिंह, सुनील सिंह, विशाल सिंह, प्रेम सिंह, उमा सिंह, दया सिंह, आकाश सिंह, सुमन सिंह व अन्य ने मेरे साथ मारपीट शुरू किया। साथ ही मेरा लाइसेंसी रिवाल्वर लूटने का प्रयास किया। कहा कि घटना स्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव किया तो मैं किसी तरह जान बचाकर भागा। उन्होंने कहा कि इस मामले में पाटन थाना को लिखित सूचना दे दी गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण राम, सतौआ के पूर्व मुखिया बाबूलाल, संतोष पासवान, सतौआ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य तुफानी राम, पंचायत समिति सदस्य फुनी पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**गुंडागर्दी पर उतारू हो गये हैं जिप सदस्य संग्राम: रमेश सिंह**

पाटन पश्चिमी के पूर्व जिप सदस्य रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह ने कहा है कि पाटन पश्चिमी के जिप सदस्य संग्राम सिंह जनप्रतिनिधि का कार्य छोड़ गुंडागर्दी पर उतारू हो गये हैं। मेरा भतीजा उमाशंकर पेट्रोल पंप गया था। जहां इसकी गाड़ी से संग्राम सिंह की गाड़ी में हल्का धक्का लग गया। संग्राम सिंह रिवाल्वर की बट से उमाशंकर को मारना शुरू कर दिये। साथ ही इसकी सोने की चेन भी लूट ली। मारपीट की घटना का लिखित आवेदन पाटन थाना को दिया गया है।

# स्वामी विवेकानंद एलीट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** स्वामी विवेकानंद एलीट पब्लिक स्कूल छतरपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल परिसर के स्टेडियम में बुधवार को शुरू किया गया। इस प्रतियोगिता में टॉडलर से लेकर 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छतरपुर के बीडीओ आशीष कुमार, सीओ उपेंद्र कुमार, स्कूल के प्रिंसिपल चंदन कुमार, अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव उपेंद्र प्रसाद, स्कूल डायरेक्टर सुनील कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर एसके घोष, स्कूल संरक्षक प्रेम शंकर शर्मा मौजूद थे। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य और डायरेक्टर की मौजूदगी में कार्यक्रम शुरू हुआ।

**खास बातें :** अतिथियों का स्वागत भारतीय सभ्यता संस्कृति के पारंपरिक तरीके चंदन के टीका से किया गया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ अतिथियों को सलामी दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए अपने वक्तव्य रखें। परेड, ड्रील, योग के शानदार प्रदर्शन को तालियों की गूंज के द्वारा सम्मान दिया गया। विद्यार्थियों ने आनंदपूर्वक अनुशासन, सहयोगिता एवं खेल भावना का पाठ पढ़ा। प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने समारोह से जुड़े हर सदस्य को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि आशीष कुमार ने अपने विद्यालय के दिनों का अनुभव बच्चों के बीच में साझा किया और खेल के महत्व को बच्चों को समझाया की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेल से बच्चों में निखार आता है और पढ़ने की समझ भी ज्यादा विकसित होती है। कबड्डी खेल में प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि से प्रोत्साहन मिला। विभिन्न वर्गो के छात्र-छात्राओं के लिए उनकी योग्यतानुसार अलग-अलग दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय के परिसर में 20 दिसंबर तक आयोजित की जायेगी जिसमें अलग-अलग प्रकार के खेल को हर वर्ग के बच्चों के लिए शामिल किया गया है। मौके पर विद्यालय शिक्षक दुर्गेश सिंह, कीर्तन दास, रोज फातिमा तिर्की, सरली इक्का, अजय कुमार सिंह, रंजीता कुमारी, रंजू मिंज, जया दास, आशीष वर्मा, सलमा खातून, निखत परवीन, अंजना कुमारी, श्यामा प्रसाद समानता, आर्यन कुमार आदि भी थे।

# साहित्यलोक की रचनागोष्ठी में भांति भांति के साहित्यिक व्यंजन परोसे गये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** साहित्यलोक संस्था की मासिक रचनागोष्ठी साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक के सेक्टर 8 स्थित आवास पर कवयित्री शैलजा झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित हुई। इस रचनगोष्ठी में साहित्यकारों ने मानवीय संवेदना संस्कृति व परंपरा सिनेमा आदि से संबंधित रचनाएं सुनाकर अपनी रचनाधर्मिता को प्रकट किया।

शैलजा झा द्वारा गणेश वंदना राजेन्द्र कुमार ने उद्गार अमन कुमार झा ने निष्ठा कहानी नीलम झा ने पिताक नाम चिट्ठी व भगवती वंदना प्रस्तुत किया तो अरुण पाठक ने फिल्मकार राज कपूर की 100वीं जयंती पर भारतीय फिल्म जगत में उनके योगदान को रेखांकित किया और उनपर फिल्माये गये गीत की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजय शंकर मल्लिक ने सांसारिक बात व बिहार में चल रहे जमीन सर्वेक्षण में आमलोगों की परेशानियों पर केंद्रित कविता रचना डॉ राम नारायण सिंह ने भोजपुरी कविता बुद्धिनाथ झा ने अपनी रचना मैथिली महाकाव्य ऊं महाभारत से कर्ण पर्व सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। अध्यक्षीय काव्य पाठ में शैलजा झा ने पाग शीर्षक कविता में मिथिला की संस्कृति में पाग की महत्ता व वर्तमान स्थिति को बहुत ही सटीक ढंग से उजागर किया।

पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी बुद्धिनाथ झा विजय शंकर मल्लिक राजेन्द्र कुमार शैलजा झा व शंभु झा ने दी।

# साहिबगंज में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** पुलिस मुख्यालय रांची के निर्देश पर पूरे जिले भर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से पूर्व सर्किट हाउस में आईजी क्रांति कुमार को मेजर ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर। वहीं मौके पर उपस्थित एसपी अमित कुमार सिंह ने बुके देकर किया स्वागत। शहर के टाउन हॉल परिसर में बुधवार को संथाल परगना के आईजी क्रांति कुमार, जैप 9 के डीआईजी अंबर लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर थाना, जिरवाबाड़ी थाना, मुफस्सिल थाना व मिजाचौकी थाना क्षेत्र से आए हुए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जहां संबंधित मामलों को लेकर आईजी ने तुरंत कार्यवाही करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम उपरांत आईजी क्रांति कुमार ने पुलिस लाइन स्थित पुलिस कार्यालय शस्त्रागार, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित कई क्षेत्र का किया निरीक्षण।

## बोकारो थर्मल प्लांट के महाप्रबंधक से मिला एचएमकेयू प्रतिनिधिमंडल



बेरमो। हिन्द मजदूर किसान यूनियन (एचएमकेयू) डीवीसी बोकारो थर्मल शाखा के प्रतिनिधि मंडल प्लांट के नए महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया से मुलाकात की। साथ ही बोकारो थर्मल प्लांट के स्थाई मजदूरों की समस्याओं से सम्बन्धीत मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मजदूर समस्याओं के जल्द निदान करने की मांग किया गया। मौके पर यूनियन के महासचिव इन्द्रदेव महतो, संजय सैमुएल, रामलाल पासवान, राहुलदेव कश्यप, रवि भूषण चक्रवर्ती, खेमलाल महतो, सह सचिव रघु तूरी आदि उपस्थित थे।

## संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**दुमका।** संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। छात्राओं ने मॉडल प्रदर्शित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार मौजूद थे।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए झारखण्ड राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निम्न प्रकार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र० | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि। | 31-12-2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र- 2024-25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि। | 20-03-2025 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि। | 21-03-2025 |

नोट :-
- पोस्ट छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड, रॉंची से निर्गत दिशा-निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट http://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लें।
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 के द्वारा निर्धारित शर्तों एवं नियमों का अनुपालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन किया जाए। (ई-कल्याण पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 की प्रति उपलब्ध)
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन पत्र का विचार नहीं किया जाएगा।
- प्रत्येक छात्र-छात्रा आधार आधारित बैंक खाता KYC कराने के उपरान्त ही आवेदन करें।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र-छात्रा का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देन पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 342297 Welfare (24-25)_D



**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची।**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 96/24-25.**

1. विभाग का नाम :- उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :- विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- दिनांक 26/12/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :- दिनांक 27/12/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 27/12/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :- विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्रम सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सरायकेला-खरसावाँ अंतर्गत ग्राम- सालवनी, राजनगर प्रखण्ड में एक अदद् 16 मीटर, 12 एल०ई०डी० लाईट अधिष्ठापन का कार्य पाँच वर्षो के वार्षिक सम्पोषण के साथ। | 8,80,926=00 | 1250=00 | 18,000=00 | अधिष्ठापन कार्य-30दिन वार्षिक सम्पोषण-05वर्ष |
| 2. | सरायकेला-खरसावाँ अंतर्गत ग्राम- जयकान, गम्हरिया प्रखण्ड में एक अदद् 16 मीटर, 12 एल०ई०डी० लाईट अधिष्ठापन का कार्य पाँच वर्षो के वार्षिक सम्पोषण के साथ। | 8,25,093=00 | 1250=00 | 17,000=00 | अधिष्ठापन कार्य-30दिन वार्षिक सम्पोषण-05वर्ष |
| 3. | सरायकेला-खरसावाँ अंतर्गत राजनगर प्रखण्ड में नवोदय चौक, सिजुलता में एक अदद् 16 मीटर, 12 एल०ई०डी० लाईट अधिष्ठापन का कार्य पाँच वर्षो के वार्षिक सम्पोषण के साथ। | 8,03,670=0 | 1250=00 | 17,000=00 | अधिष्ठापन कार्य-30दिन वार्षिक सम्पोषण-05वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।

PR 342332 (Energy) 24-25 (D)


**स्पीड न्यूज**

## दुमका : दो साईबर अपराधी गिरफ्तार



दुमका। जिले के तालझारी पुलिस ने साईबर ठगी करते हुए दो साईबर अपराधी को धर दबोचने में सफल रही। मामले का उद्भेदन बुधवार को डीएसपी इकुड़ डुंगडुंग ने की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तालझारी थाना क्षेत्र हेठतीनघरा गांव के पहाड़ के पास साईबर ठगी करने की सूचना मिली। इस बावत टीम गठन कर छापामारी दल के हेठतीनघरा स्थित पहाड़ पहुंचे। पुलिस को देख अपराधी भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस खदेड़कर दो अपराधियों को धर दबोचने में सफल रही। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के जौंका गांव निवासी पवन कुमार मंडल एवं बुढ़ीकुरूवा गांव निवासी राकेश कुमार उर्फ छोटू है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 मोबाईल,18 सीम कार्ड एवं घटनास्थल से 8 बाईक को जप्त किया। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने संदीप कुमार मंडल एवं सोनू कुमार मंडल की संलिप्तता बताया। मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार के बयान पर तालझारी थाना में मामला दर्ज किया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

## डीपीएस चास के सुजीत बने अंकगणित जीनियस प्रतियोगिता के विजेता



बोकारो। डीपीएस चास बोकारो के सुजीत कुमार महथा ने अंकगणित जीनियस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य चैंपियन के रूप में जीत हासिल की। इसके लिए उसे पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपये प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। डीपीएस चास के दो अन्य प्रतिभागी कियान ओझा एवं आदर्श कुमार सिंह ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था जिन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उनकी प्रशंसा की और कहा कि यह जीत छात्रों के अटूट दृढ़ संकल्प शिक्षकों के समर्पण का एक प्रमाण है। विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह अविश्वसनीय उपलब्धि है। यह हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और दृढ़ता को दशार्ता है।

### साहिबगंज में संजय प्रसाद यादव ने कहा

# मानव तस्करी पर लगाम लगाया जायेगा : श्रम मंत्री

**यादव ने कहा कि व्यवसाय का पैसा लेकर भागने वालों पर होगी कार्रवाई**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** सूबे के श्रम विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सर्किट हाउज में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए राजस्व की जरूरत है। ताकि उद्योग व कल कारखाने स्थापित कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

राज्य के लोगों का पलायन रोकने के मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिया है। लोगों को राज्य में ही रोजगार मिले इसके लिए सख्ती से काम किया जा रहा है। जो आने वाले समय में दिख जाएगा। सीएम हेमंत सोरेन ने सभी मंत्री को टास्क दिया है। 2 महीने में 24 जिला घूम कर अफसर के साथ रिवीयू कीजिये।

ब्लॉक घूम आम लोगों से मिल समस्या जानें। जनता मालिक है, उनकी समस्या का निदान करने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। महंगाई सहित सभी बिंदुओं पर काम करेंगे। बिचौलिया पद्धति पसंद नहीं। लोन, सब्सिडी व जमीन लेकर भागने वाले को ढूढ़ कर जेल भेजने का काम किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि कल कारखने व उधोग लगाने के लिए उद्योग विभाग से जमीन की उपलब्धता व अन्य जानकारी ली गई है। वहीं मजदूरों के उत्थान को लेकर भी सरकार गंभीर है। मानव तस्करी पर पूरी तरह लगाम लगाया जाएगा।

## ढ़ोरी क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र में बुधवार को ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा के नेतृत्व क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक में संपन्न हुई। संचालन माला कुमारी द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सलाहकार समिति की ओर से ढोरी क्षेत्र के लिए शव वाहन तथा शव गृह की मांग मुख्य रूप से क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने महाप्रबंधक को संज्ञान में दिया। सदस्यों ने कहा कि अगर तत्काल में शव वाहन की व्यवस्था नही किया गया तो भविष्य में हम लोग विरोध करेंगे, ताकि आने वाले भविष्य में इस प्रकार की घटना ना घटित हो जिस पर महाप्रबंधक की ओर से आश्वासन दिया गया कि आने वाले भविष्य में आपका अस्पताल प्रबंधन को दुरुस्त किया जाएगा।

## गोड्डा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आम जन शिकायतों के समाधान के लिये बुधवार को नगर भवन गोड्डा मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सुचारु रूप से क्रियान्वयन के लिये पुलिस मुख्यालय झारखण्ड रांची के निर्देश पर मुख्य अतिथि के रूप मे शैलेन्द्र कुमार वर्णवाल (भा पु से) पुलिस उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची, झारखण्ड उपस्थित हुए। उनके सहयोग और कार्यक्रम की सफलता के लिये अनिमेष नैथानी पुलिस अधीक्षक गोड्डा, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय) गोड्डा जय प्रकाश नारायण चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, पुलिस उप अधीक्षक (प्रशिक्षु) कुमार गौरव, बीडीओ गोड्डा, पोरैया हाट, थाना प्रभारी गोड्डा नगर, तथा महगामा विवाह भवन ऊर्जा नगर मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्र शेखर आजाद, पुलिस निरीक्षक और सभी थाना प्रभारी, बीडीओ के साथ सभी सहायक कर्मचारी भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि वर्णनवाल एवं नैथानी द्वारा उपस्थित जनो को संबोधित किया गया। तत्पश्चात शिकायतों की सुनवाई और निबंधन किया गया और शिकायत कर्ता को प्राप्ति रसीद दी गई। महगामा एवं गोड्डा मे प्राप्त शिकायत पर सम्बंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारीयों को त्वरित सुनवाई करने का निर्देश दिया गया।

# बेरमो पुलिस ने सुनी जनता की शिकायत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** डुमरी अनुमंडल सभागार में पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें आम लोगों की समस्याओं का निपटारा कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें कैंप का मकसद है कि छोटी से लेकर बड़ी आम लोगों की शिकायतों को दूर करना। जहां कैंप में बड़ी शिकायतों का निपटारा डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद और इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद के द्वारा किया जा रहा है। जबकि छोटे-छोटे शिकायतों का निपटारा थाना प्रभारी स्तर से ही किया जा रहा है। कैंप में डुमरी के चार थाना सहित एक ओपी प्रभारी मौजूद रहें।

वही कैंप में एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि फिलहाल डुमरी में जमीन विवाद का मामला सबसे ज्यादा कैंप में आ रहा है जहां लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। जबकि बड़ी शिकायतों को एक हफ्ते के अंदर दूर करने का भरोसा दिलाया गया है।

## दुमका में बाइक सवार अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र से लूटे 85 हजार रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दिनदहाड़े बाइक सवार तीन अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र के लोगों को बंधक बना 85 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना बुधवार की दोपहर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुम गांव में घटी। जहां ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक समेत तीन लोगों को बंधक बनाकर 85 हजार रुपया लूट लिया। महज 10 मिनट में पूरी वारदात को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकलने में सफल रहे। सूचना के बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंच जांच में जुट गये। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी को खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दुम गांव के प्रधान राजकिशोर मंडल अपने घर में ही एसबीआइ का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। दोपहर करीब 11 बजे का समय था। सेवा केंद्र में दो लोग पैसा निकासी के लिए पहुंचे।



सीसीटीवी में कैद अपराधियों के फुटेज।

इसी बीच बाइक से तीन अपराधी एक तमंचा लेकर अंदर घुस गया। उसने तमंचा दिखाकर संचालक समेत ग्राहकों को बंधक बना लिया। काउंटर से बैंक से लाया हुआ 60 हजार और पहले से रखा 25 हजार रुपया लेकर आराम से चलते बने। जाते समय संचालक को धमकी दी कि अगर किसी तरह का शोर मचाया तो परिणाम अच्छा नहीं होगा। अपराधियों के भागने के बाद संचालक ने शोर मचाया।

# फेस टू में बरवाबेड़ा को पुनर्वासित करने आये अधिकारियों का विस्थापितों ने किया विरोध



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला के सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी खासमहल परियोजना फेस टू पहुंचे सीसीएल एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों का गोविंदपुर के रैयत विस्थापितों द्वारा जमकर विरोध किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल अधिकारी बरवाबेड़ा गांव के ग्रामीणों को फेस टू कॉलोनी में पुनर्वासित करवाना चाह रहे है, जिसके जमीन मापी के लिए सीसीएल के सभी अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ 17 दिसंबर को पहुंचे थे। परन्तु विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा विरोध के बाद सभी अधिकारी वापस लौट गए। जबकि 4 जनवरी को समस्या का समाधान करने को लेकर अनुमंडल कार्यालय में वार्ता की तिथि निर्धारित किया गया। यहां विस्थापित संघर्ष समिति गोविंदपुर के सचिव डॉ दशरथ महतो ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने वर्ष 1978 में लगभग 168 एकड़ जमीन गोविंदपुर के रैयतों का अधिग्रहण किया था। जमीन के बदले 84 लोगो को नौकरी देने पर सहमति बनी थी, परंतु सिर्फ 63 लोगों को ही नौकरी दिया गया है। वही बेरमो के सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि गोविंदपुर के विस्थापितों की नौकरी से संबंधित अगर कोई मामला लम्बित है तो 4 जनवरी को सभी विस्थापित को अंतिम अवसर अपने अपने कागजात प्रस्तुत करने के लिए दिया जा रहा है। मौके पर सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में महाप्रबंधक के एस गैवाल, विस्थापित नेता जानकी महतो, बीएन महतो, नरेश महतो सहित थर्मल थाना की पुलिस, सीसीएल सुरक्षा गार्ड भी उपस्थित थे।


**झारखंड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
**(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची)**

**नामांकन सवंधी सूचना वर्ष-2025-26**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-2026 के रिक्ति के अनुसार वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 03.02.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

**दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची अन्तर्गत संचालित विद्यालय**

रॉंची—
- अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े।
- अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बुण्डू।
- टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सोनचीपी।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय,बारीडीह, रॉंची।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, तमाड़।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, अमनबुरू।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, ओरमांझी पिस्का।

खूँटी—
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुन्दी।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँट,अड़की।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, तपकरा।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोम्बारी।
- बिरसा आवासीय बालक उच्च विद्यालय, उलीहातु।

गुमला—
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सखुआपानी।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाट।
- टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली।
- टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, घाघरा।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोकापाट।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, चौरापाट।
- आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, जेहनगुटुवा। (एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)
- आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, महेशपुर, चैनपुर।(एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)
- आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, तुसगाँव, बिशुनपुर।(एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)

लोहरदगा—
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, किस्को।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, पेसरार।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, तुयुमुपाट।
- टानाभगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, बमनडीहा।

सिमडेगा—
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हाटिंगहोड़े।
- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, सेवई।

1. वर्ग प्रथम में नामाकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे प्राप्त किये जायेंगे।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईया जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जन जाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण का अनुमोदन लेकर मेधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरुद्ध किया जायेगा।
3. टानाभगत के लिए संचालित विद्यालय (सोनचीपी, बमनडीहा, चापाटोली एवं घाघरा) में टानाभगत के समुदाय के ही आवेदन-पत्र वर्ग प्रथम के लिए विद्यालय में ही स्वीकार किए जायेंगे।
4. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 03.02.2025 निर्धारित है।
5. वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु मौखिक परीक्षा दिनांक 09.02.2025 को सबंधित विद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से होगी।
6. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।
7. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी0 पी0 एल0/आय प्रमाण पत्र एवं टाना भगत आवासीय विद्यालयों के लिए टाना भगत समुदाय का प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिये बी0 पी0 एल0/ आय प्रमाण की सूची में नाम अंकित होने के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
9. बिरसा आवासीय उच्च विद्यालय, उलिहातु में प्रथम वर्ग में 40 छात्रों का नामांकन किया जायेगा जिसमें 10 बच्चे उलिहातु ग्राम के एवं 30 बच्चे अड़की प्रखंड के विभिन्न गाँव के होंगे।
10. जिन छात्र/छात्राओं के माता पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कारवाई की जायेगी।
11. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक- 20.03.2025 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा। प्रतीक्षा सूची से नामांकन- 04.04.2025 तक किया जायगा।
12. इच्छुक छात्र/छात्राओं का चयन विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा करने के उपरान्त चयनित छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु कार्यवाही पंजी सभी सदस्यो से हस्ताक्षर के उपरान्त, पंजी उप निदेशक कल्याण, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रॉंची को दिनांक 11.02.2025 को उपस्थापित कर अनुमोदन प्राप्त कर लेगें।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची

PR 342310 Welfare(24-25)#D

# 22 हजार करोड़ की वसूली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि सरकारी बैंकों ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की संपत्तियों की सेल से 14,131.6 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। यह वसूली आर्थिक अपराधों से निपटने और प्रभावित बैंकों को राहत देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। पूर्व सांसद और किंगफिशर एयरलाइंस के प्रमोटर विजय माल्या 2016 में देश छोड़कर भाग गए थे। उन पर वित्तीय गड़बड़ियों के गंभीर आरोप हैं। भारत सरकार लंबे समय से उन्हें यूके से प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है। उनकी संपत्तियां धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त कर बैंकों और कर्जदाताओं का पैसा वसूला गया है।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अन्य बड़े आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों की वसूली का भी जिक्र किया। विजय माल्याः 14,131.6 करोड़ रुपये, नीरव मोदीः 1,052.58 करोड़ रुपये , मेहुल चोकसी से 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्तियां नीलामी के लिए जब्त किये गये। नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने 17.47 करोड़ रुपये असली निवेशकों को लौटाए गए। कुल मिलाकर ईडी ने आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में 22,280 करोड़ रुपये वसूले हैं। वित्त मंत्री ने ब्लैक मनी एक्ट 2015 के असर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस कानून की वजह से करदाताओं में विदेशी संपत्तियों का खुलासा करने की प्रवृत्ति बढ़ी है।2021-22 में 60,467 खुलासे हुए थे, जो 2024-25 में बढ़कर 2 लाख हो गए।जून 2024 तक, इस कानून के तहत 697 मामलों में 17,520 करोड़ रुपये की मांग उठाई गई है। अब तक 163 मामलों में अभियोजन दर्ज किया गया है। चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा बना था जिस पर सरकार को जबाव देने में कठिनाई हुई थी। निश्चित तौर पर देश के लिए यह सकून की बात है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यो में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु :** बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

**जहां** विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है।

भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह



यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया।

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है।



-ललित गर्ग

> विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की।

पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दशार्ने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए।

सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है, जबकि वास्तविकता यह है कि संविधान के निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका रही है जिसे पूरी तरह से नकार दिया गया। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि संविधान पार्टी विशेष नहीं बल्कि राष्ट्र का है, पार्टी विशेष ने संविधान निर्माण को हाईजैक कर लिया। निश्चित ही संविधान देश का सुरक्षा कवच है। लोकसभा में संविधान पर बहस की मूल आवश्यकता उन कारणों पर बुनियादी चर्चा की थी जिनके चलते संविधान निमार्ताओं के सपने अभी भी अधूरे हैं और नियम-कानूनों पर संविधान की मूल भावना के अनुरूप पालन नहीं हो पा

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

भारतीय स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

-अमृतलाल मारू, रांची

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

– रोहित शाह, हजारीबाग

## X ट्वीट

**झारखंडियों** के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है - फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इसे होने नहीं देंगे।

– हेमंत सोरेन, सीएम

**कोयला** हमारा, जमीन हमारा, कब मिलेगा हमारे हक-अधिकार का 1 लाख 36 हजार करोड़? चुनाव मे हमने अपनी ताकत दिखाई है, हमे मजबूर ना करें..अब झारखंड का एक भी कोयला बाहर नही जाएगा..

झारखंड से लोकसभा और राज्यसभा मे चुने गए भाजपा के सदस्य कहा हैं, सब गूंगे और बहरे हो गए क्या ?

– सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो

# चुनावी राजनीति में सॉफ्ट टारगेट क्यों बनती जा रही हैं महिलाएं ? कब होगी असली मुद्दों की बात ?

**संतोष पाठक**

## सामयिक

**भारत** जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं।

भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है।

राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो किस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है।

अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। चुनावी शोर, चुनावी वादें और चुनावी जीत की गहमा-गहमी के बीच असली मुद्दे कहीं गौण होते नजर आ रहे हैं।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इस तरह की योजनाएं चुनाव के पहले ही क्यों शुरू की जाती है ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 1000, 1500, 2100 या 3000 रुपए की राशि से सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाता है। वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी निहित होती है लेकिन विडंबना देखिए कि सरकारों ने इन मुद्दों पर स्थायी काम करने की बजाय कामचलाऊ हल ढूंढ लिया है।

सरकार और देश के राजनीतिक दल, लोगों को फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी देने से बचने के लिए बाकी हर चीज मुफ्त में देने को तैयार है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं ? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है ? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है ? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं ? क्योंकि अगर आप जोड़ कर देखेंगी तो ये सभी खर्च मिलाकर आपको महिला सम्मान या लाडली बहना योजना के नाम पर मिलने वाली राशि से कई हजार गुना ज्यादा बैठ जाएगी।

# राहुल में पीएम मोदी को टक्कर देने की क्षमता नहीं, ममता,उमर और रामगोपाल समझें

**उमेश चतुर्वेदी**

## राजनीति

**अगर** ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी।

संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किकआधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि ह्यमीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थूह्ल की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलनेवाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।

कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भीकाबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है।वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके 'लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरीबार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### वुशू में रीता ने जीती सिल्वर



**रजरप्पा।** 68वां राष्ट्रीय स्कूल वुशू गेम अंडर-19 वर्ष में 9 से 15 दिसंबर तक दिल्ली के ताल कोटरा स्टेडियम में वुशू का मैच संपन्न हुआ, जिसमें रामगढ़ जिला से विभिन्न वजन में तीन वुशू खिलाड़ी अमन कुमार, कृष्ण सिंहा और रीता कुमारी ने भाग लिया। इसमें रीता कुमारी प्लस टू हाई स्कूल डीमरा से अपने नाम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 40 किलो वजन में सेमीफाइनल राउंड में 8-3 अंको से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया जहां राजस्थान से 4-5 अंको से पराजित होकर सिल्वर मेडल जीता। वही अंडर 17 वर्ष में 22 - 26 नवंबर तक जम्मू में खेला गया। राष्ट्रीय स्कूल वुशू में खुशी कुमारी ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर 5 - 6 से गुजरात से मैच हार गई। रीता के सिल्वर मेडल जीतने पर रजरप्पा वुशू एकेडमी के वुशू खिलाड़ी एवं पूरे जिला में हर्ष का माहौल है। उनके बधाई एवं उज्जवल भविष्य के कामना करने वालों में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद, रामगढ़ विधायक ममता देवी, रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, डीइओ नीलम कुमारी डीएससी संजीत कुमार, एडीपीओ कुमार राज, रजरप्पा महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद, सीएसआर पदाधिकारी रजरप्पा आशीष झा ने भी बधाई दी ।

### धर्मशाला कमेटी ने 144 का किया विरोध



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपडिया बाबा धर्मशाला में मंगलवार रात मंदिर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति धूमधाम से मनाने और 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर कमेटी के कई लोगो को रामगढ अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायलय से धारा 144 लगाने को लेकर मिले नोटिस पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि खाता संख्या 63 प्लाट नं. 767 रकबा 7 डिसमील भूमि प्लाट बताकर सुरेश उपाध्याय द्वारा धारा 144 लगवाने कार्य किया जा रहा है। जिसका मंदिर कमेटी कड़ा विरोध करता है। बैठक में कहा गया कि सुरेश उपाध्याय दिग्भ्रमित कर केवल भूमि बताकर दशको से उक्त भूमि पर अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में धारा 144 लगवाना चाहता है। ताकि मंदिर में पूजा-पाठ के साथ धर्मशाला में धार्मिक कार्यो पर रोक लगा दिया जाए। बैठक में मौजूद लोगो ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि कानूनी नोटिस का जबाब हमलोग भी कानूनी ढंग से माननीय न्यायलय में देकर सुरेश उपाध्याय के सनातन विरोधी मंशा का पदार्फाश करेंगे। बैठक में मंदिर कमेटी के प्रदीप मांझी, पंसस प्रतिनिधि रोबिन मुखर्जी, राजकिशोर पांडेय, विनय मिश्रा, महेंद्र साव, अमित शर्मा, किशोर कुमार, बाबूलाल नायक, बिट्टू गुप्ता, अशोक राम, बुधन गोस्वामी, बिल्लू अग्रवाल, संजय साव, सत्यनारायण प्रसाद, अभिषेक मिश्रा, कृष्णा यादव, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### शीतला मंदिर में भव्य भंडारा आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा अनुष्ठान संपन्न होने पर बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पंडित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां शीतला का पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात हवन का आयोजन हुआ है। पूजा और हवण में भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करते हुए पंडित रामकुमार पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। पंडित श्री पाठक ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है। इसलिए हर श्रद्धालु को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में अमित पाठक, किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा

### सदस्यता को लेकर भाजपा का कार्यशाला



**कुजू।** 22 दिसंबर से शुरू हो रहे भाजपा के संगठन महापर्व के अन्तर्गत सदस्यता अभियान को लेकर कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन मंडल महामंत्री अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सदस्यता प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा एवं मंडल प्रभारी महेंद्र प्रजापति शामिल हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि 22 दिसंबर से इस कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत होना है। 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक यह कार्यक्रम चलेगा। साथ ही 2 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान चलेगा। जबकि 1 फरवरी से 10 फरवरी तक बूथ कमेटी एवं बूथ अध्यक्ष का गठन होगा। 11 से 20 फरवरी तक मंडल कमेटी एवं मंडल अध्यक्ष का गठन किया जाएगा। कार्यशाला में रतन प्रसाद, रवि साहू, राजेश प्रसाद, डिंपल प्रजापति, अखिलेश प्रसाद, आशीष साहू, पंचित महतो, गणेश सोनी, नरेश गुप्ता, दशरथ केसरी, वीरेंद्र करमाली, पवन साहू, खेमलाल साहू, सुखदेव सोनी, सूरज महतो, अंबिका सिंह, बैजनाथ राम, बुद्धदेव राम, संजीत सोनी व अन्य मौजूद थे।

# मंजीत यादव और उदय साव हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**पार्टनर संतोष मेहता ने उदय साव की करायी थी हत्या**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** मंजीत यादव और उदय साव हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एसआइटी ने मंजीत यादव के रेकी करने वाले राहुल पासवान एवं निरंजन यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ दौरान राहुल पासवान द्वारा उदय साव हत्याकांड में भी रेकी करने एवं उदय हत्याकांड के साजिशकर्ता संतोष मेहता के बारे में बताया। जिसके आधार पर उदय साव हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता संतोष कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया एवं संतोष मेहता के निशानदेही पर 68 पीस साईन किया हुआ चेक, जिसकी कुल रकम 01 करोड़ 31 लाख रुपए, एक ब्लैंक चेक हस्ताक्षर किया हुआ तथा रेकी के दौरान प्रयोग में लाया गया राहुल पासवान का अपाची मोटरसाईकिल बरामद किया।

पुलिस ने बताया कि अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी को छापामारी जारी है। इस हत्याकांड को अपने ही पाटनर के द्वारा साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। इस कांड में अन्य फिरार अभियुक्तों के खिलाफ एसआइटी कर रही है छापेमारी। कटकमदाग प्रमुख पति सह पूर्व मुखिया उदय साव हत्याकांड में मुख्य आरोपी उसी का पार्टनर संतोष कुमार मेहता निकला। उसने उदय साव को हत्या करने के लिए तीन शूटरों को 10 लाख की सुपारी दी थी। इसके लिए उसने एक प्लान बनाया और उस प्लान के तहत उसकी पत्नी को लेकर रांची चला गया ताकि किसी को संदेह नहीं हो। इस घटनाक्रम में पांच लोगों का नाम सामने आया है । जिसमें मुख्य साजिश कर्ता उदय कुमार मेहता और मुख्य शूटर राहुल पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । जबकि तीन अन्य फरार चल रहे हैं जिनकी गिरफ्तारी को लेकर झारखंड बिहार व नेपाल में छापामारी चल रही है। पुलिस ने उसके पार्टनर संतोष कुमार मेहता को हत्या के साजिश के आरोप में शूटर राहुल पासवान के साथ पकड़ा । राहुल एलएलबी की डिग्री हासिल किए हुए हैं। उदय की हत्या करने के लिए तीन की संख्या में आए शुटरों ने घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार संतोष मेहता उदय साव के साथ साए की तरह रहता था और जमीन के कारोबार में संलिप्तता था।

गिरफ्तार शूटर राहुल पासवान चतरा जिला के लाइन मोहल्ला पुलिस लाईन स्थित जीतनी मोड़ का रहने वाला है। उसे पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। हत्या के एवज में 1.5 लाख रुपए एडवांस के तौर पर भुगतान किया गया था। पुलिस के मुताबिक राहुल पासवान का आपराधिक रिकार्ड है और वह करीब आठ बार जेल जा चुका है। उसके उपर लूट, हत्या जैसे कई मुकदमे चल रहे है। वहीं संतोष मेहता का भी आपराधिक रिकार्ड है और उग्रवादी संगठन जेपीसी से उसका संबंध रहा है। बताया जाता है कि वह उग्रवादी संगठन को छोड़ने के बाद कोयला का काम प्रारंभ किया था और धीरे धीरे उदय मेहता के संपर्क में आकर जमीन का कारोबार करने लगा था। जानकारी के अनुसार उसने हत्या की साजिश जमीन कारोबार में अनबन के बाद रची और स्वयं को इस मामले से दूर रखने के लिए उसने उसकी पत्नी को अपने साथ अपने हीं गाड़ी से रांची पीएचडी हेतू फार्म भरवाने ले गया था। हालांकि वह पुलिस के नजर और जांच से नहीं बच सका और अंततः उसका कनेक्शन शूटर राहुल पासवान से जुड़ गया। राहुल पासवान सबसे पहले गिरफ्तार हुआ और फिर पुलिस के समक्ष उसने घटना के पीछे की सच्चाई खोलकर रख दी।

मालूम हो कि उपायुक्त आवास के समीप झील रोड में सरस्वती अपार्टमेंट से निकलने के क्रम में उदय साव को पहले से घात लगाए अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पांच गोली माथे में उदय साव को लगी थी और दो गोली कंधे और बाह में लगी थी।घटना के बाद एक महिला को पकड़ा गया था। इसके बाद से पुलिस की जांच चल रही थी।

# समाज कल्याण की रामगढ़ के उपायुक्त ने की समीक्षा

**46 सहायिकाओं और चार सेविकाओं की बहाली के लिए प्रचार-प्रसार करें**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग से संचालित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेविका के चार पद और सहायिकाओं के 46 पद की बहाली के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार संचालित योजनाओं व विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर्स को 28 दिसंबर तक शत-प्रतिशत गर्भवती व धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने एवं ससमय सभी को पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों यथा इन्फैंटोमीटर, स्टेडिओमेटर, वेट स्केल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया। वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों का आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा।

रिक्त पड़े सेविकाओं के 4 पद और सहायिकाओं के 46 पद के लिए व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया। कुपोषण उन्मूलन की दिशा में कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को उनके उनके क्षेत्र में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके उपचार के लिए नजदीकी एमटीसी केंद्र में उन्हें भर्ती करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण प्राधिकारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर निजी विद्यालयों में पढ़ रही बच्चियों को भी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जाना है। इस दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रति गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

### जनवरी में होगा 47 ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय के जरिये किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी के जरिये जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित कुल 47 पंचायत में नवनिर्मित पंचायत ज्ञान केंद्र की जानकारी दी गई। उपायुक्त के जरिये सभी 47 पंचायत ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन एक साथ 10 जनवरी 2025 को करने का निर्देश दिया गया। वहीं उनके द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र का व्यापक प्रचार प्रसार कर स्थानीय विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों को जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### हजारीबाग के कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन मार्च में हुये शामिल

**हजारीबाग।** गौतम अडानी तथा मणिपुर हिंसा के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता राज्यव्यापी एक दिवसीय राजभवन मार्च में शामिल हुए। राजभवन मार्च में आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, केदार पासवान, बिनोद कुशवाहा, मनोज नारायण भगत, निसार खान, अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, संजय तिवारी, दिगंबर प्रसाद मेहता के साथ जीत कुमार सिंह व अन्य हुये शामिल।

## कार्यकर्ताओं के बदौलत जीते : तिवारी महतो

**कुजू।** आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा स्तरीय चुनावी समीक्षा बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो तथा संचालन मनोज गोप व उमेश महतो ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए। बैठक में चुनाव में मांडू विधानसभा विभिन्न बूथ पर पड़े एनडीए को मिले मतदान की समीक्षा की गई। वही 20 दिसंबर को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का नयामोड़ में स्वागत के साथ मांडू विधायक तिवारी महतो के नेतृत्व में लुगु बाबा स्टेडियम में मांडू विधानसभा स्तरीय स्वागत सह आभार यात्रा में शामिल होने का निर्णय लिया गया। तिवारी महतो ने कहा कि चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता के बदौलत ही हमारी जीत हुई है। विधायक हम नहीं हमारे सारे कार्यकर्ता बने हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 40 साल से जो गलती बाप-बेटा ने मिलकर किया है। बैठक में परमेश्वर महतो, चंद्रमणि देवी, लालचंद महतो, उमेश भोक्ता, हेमलाल महतो, कृष्णा महतो, भोला तुरी, मदन महतो, तेजनाथ महतो तेजू, राम भजनलाल महतो, जयकिशोर महतो, गुड्डू सिंह, सुरेंद्र महतो, निरंजन महतो, संगीता महतो, महादेव महतो व अन्य मौजूद थे।



# रामगढ़ में लगा जन शिकायत समाधान शिविर

**शिकायतों का जल्द समाधान करें पुलिस अधिकारी : एसपी**

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** सिद्धू कान्हू जिला मैदान में बुधवार को रामगढ़ पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न थाना व ओपी के लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया गया। कार्यक्रम में दोपहर 12:00 बजे रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कार्यक्रम के संबंध में कई जानकारियां लीं।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जिला मैदान में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ (डीएलएसए), सहायता केंद्र रामगढ़ जन शिकायत समाधान कोषांग रामगढ़, रामगढ़ थाना, रामगढ़ महिला थाना, वेस्ट बोकारो ओपी, रजरप्पा थाना, गोला थाना, मांडू थाना, कुजू ओपी, बरलंगा थाना, पतरातू थाना, बासल थाना, भदानीनगर ओपी और भुरकुंडा ओपी द्वा स्टाल लगाकर लोगों की शिकायतें ली गईं। कार्यक्रम में 2:30 बजे तक 67 शिकायतें पहुंच चुकी थीं। इनमें से अधिकांश मामले जमीन विवाद, पैसों के लेन- देन और घरेलू हिंसा के रहे। समस्याओं पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना और ओपी के प्रभारी और पुलिस अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया और शिकायतों के जल्द समाधान हेतु निर्देश दिया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि सितंबर माह में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ किया गया था । जिसमें 193 मामले आए थे। जिनमें से अधिकांश मामलों का निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि आज पुनः कार्यक्रम के माध्यम से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे हैं। जिनका समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय चंदन वत्स, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग में लगा जन शिकायत समाधान शिविर



**हजारीबाग।** हजारीबाग में बुधवार का जन शिकायत समाधान शिविर लगा। एसपी अरविन्द कुमार सिंह कहा कि इसमें जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जाता है । आम लोगों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया जाता है । यह भी कहा कि समस्याओं के समाधान की सूचना शिकायतकर्ता को दें, तय समय सीमा में समाधान न हो पाने पर सीनियर अफसरों को इसकी जानकारी दी जाती है। इस तरह के शिविर से पुलिस और लोगो के बीच एक विश्वास का भाव भी पैदा होता है।

### बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक रवाना

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी यात्रा के पड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर छू लिया है। परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक को हरी झंडी दिखाकर परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने रेलवे विभाग, एमडीओ सेल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवाना किया। यह अनूठा कीर्तिमान रचने वाला पकरी बरवाडीह एनटीपीसी की पहली कोयला खनन परियोजना है। गौरतलब है कि 16 मई 2016 मैं अपनी स्थापना के बाद से पकरी बरवाडीह ने साल दर साल कई कीर्तिमान छुए हैं लेकिन आज 20 हजारवीं कोल रैक को रवाना करना उन सभी कीर्तिमानों से सबसे ऊपर है। आपको यह भी बताया था कि 17 फरवरी 2017 को पहली रैक परियोजना के बानादाग रेलवे साइडिंग से रवाना किया गया था ।

### गुमशुदा व्यक्ति का अबतक नहीं मिला सुराग



**दारू।** मेढ़कुरी पंचायत के मेढ़कुरी कला निवासी बजरंगी कुमार पिता निर्मल प्रजापति जो दिनांक 14-12-2024 को अपने घर से बाइक का कुछ पाट्र्स लाने के लिए हजारीबाग गया हुआ था जो कि समय पर अपने घर नहीं लौट पाया। परिवार वालों ने काफी समय तक इन्तजार किया घर नहीं अपने के बाद आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दिया और अपने स्तर के काफी खोज बिन भी किया लेकिन नहीं मिलने के बाद उनके मोबाइल नंबर पर कॉल भी किया गया बार बार स्विच ऑफ बताता रहा जिसके बाद उनके परिजनों वालों ने दारू थाना में लिखित आवेदन देकर खोज बिन करने का गुहार लगाई। बजरंग प्रजापति पेशा से बाइक मरम्मति का कार्य करता था उनके तीन बेटी है । परिवार वालों वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं कल दिनांक 17- 12 -2024 को गांव के समाजसेवी ऋषि सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार ने दारू थाना प्रभारी से मुलाकात कर इस मामले गंभीरता से लेने का आग्रह किया ताकि गुमशुदा व्यक्ति अपने परिवार वालों सही सलामत मिल सके।वहीं दारू थाना प्रभारी शफीक खान ने बतलाया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है लोकेशन वगैरह का ट्रेस किया गया है कोशिश है कि गुमशुदा व्यक्ति को जल्द से जल्द घर वापसी लाया जाएगा।

### विधायक ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन




बड़कागांव। चंदौल पंचायत स्थित होरम गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया।मौके पर विधायक को फूल माला से स्वागत किया गया।इसके बाद विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर किसानों की समस्या को रखा।सभी पंचायतो में सर्वे कर सिंचाई की सुविधा के लिए सूचीबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।हर कुआं में बिजली और जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी।मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव कालेश्वर गंझु,केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद,गिरेंद्र कुमार,पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,पसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी,प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

### आराधना स्टूडियो में आग से लाखों का नुकसान

दारु। दारु चौक स्थित आराधना स्टूडियो सह सास बहु कपड़ा दुकान मे मंगलवार की मध्य रात्रि को भीषण आग लग गयी। इस आग मे स्टूडियो और कपड़ा दुकान पुरी तरह जलकर राख हो गया । इस आग से लाखों की क्षति हो गयी। आग मे जलने के कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग के कारण स्टूडियो व दुकान मे रखे विद्युत उपकरण लेपटॉप, कम्प्यूटर आदि मे जोरदार ब्लास्ट हो गयी।इस ब्लास्ट के कारण दुकान मालिक सूरज कुमार बुरी तरह से घायल हो गये।विद्युत उपकरण में ब्लास्ट के कारण दुकान की इंट की दीवार गिर गयी जिसमे दबकर दुकान मालिक घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर दारु थाना पुलिस भी रात में पहुंचकर हर संभव मदद किया। आग से दुकान पुरी तरह जलकर राख हो गया और कुल पांच लाख रुपैये का नुकसान दुकान मालिक को हो गया।

### जाली दस्तावेजों से जमीन हड़प रहे हैंअर्जुन शर्मा :राणा



हजारीबाग। जगदीशपुर बड़ासी गांव के निवासी अर्जुन शर्मा पर अधिवक्ता रणजीत कुमार राणा ने सनसनीखेज आरोप लगाया कि अर्जुन शर्मा जाली दस्तावेजों से जमीन हड़प रहे हैं। अर्जुन शर्मा के पिता स्वर्गीय रामधनी राणा थे, पर यह आरोप है कि उन्होंने जाली वंशावली, आयुक्त के आदेश पत्र, और सदर अंचल के रजिस्टर 2 में छेड़छाड़ कर दूसरे व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अर्जुन शर्मा ने कई बार जाली वंशावली तैयार की है और उनका उपयोग जमीन हड़पने के लिए किया है। आरोप है कि उन्होंने तत्कालीन आयुक्त एम. आर. होदा के हस्ताक्षर और उपायुक्त कार्यालय की मोहर का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए जाली आदेश पत्र बनाए हैं। इन दस्तावेजों का उपयोग करके अर्जुन शर्मा ने गैरकानूनी तरीके से जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश की है। सदर अंचल, हजारीबाग के रजिस्टर 2 में भी छेड़छाड़ करने के आरोप अर्जुन शर्मा पर लगे हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने दादी धूपनी देवी के नाम से रसीद कटवा कर गलत तरीके से उसका लाभ उठाने की कोशिश की है। इस छेड़छाड़ के माध्यम से अर्जुन शर्मा ने अपने दादी के नाम पर जमीन हड़पने की कोशिश की है, जबकि वह जमीन वास्तव में किसी और की है।

स्पीड न्यूज

## बच्चों के बीच साइकिल वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कल्याण विभाग द्वारा 113 बच्चों को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इसमें 64 लड़कों और 49 लड़कियों को 2024-25 के साइकिल दिए गए। यह वितरण कल्याण विभाग के पदाधिकारी चितरंजन शर्मा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्कूल के शिक्षक भी मौजूद रहे। बच्चों के बीच साइकिल वितरण को लेकर उत्साह का माहौल था।

## प्रखंड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित सिंगल विंडो सेंटर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का आयोजन एटीएम प्रभात कुमार के नेतृत्व में किया गया । जहां दो दर्जन से अधिक किसान कार्यशाला में पहुंचकर जानकारी लिए जहां किसानों के बीच रबी फसल लगाने का विधि तथा अधिक पैदावार के लिए समय-समय पर पानी पटावन करने की बात कही एवं जैविक खाद उपयोग करने की बात बताएं जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बना रहे इसके बारे में विशेष जानकारी दिया गया। मौके पर एटीएम सोनम कुमारी कृषक मित्र प्रसादी पासवान ब्रह्मदेव यादव महेश यादव कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

## साइबर ठगी को लेकर बच्चों को किया गया जागरूक

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में संचालित प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को साइबर ठगी को लेकर बच्चों को किया गया जागरूक। इसकी जानकारी अंचला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा ने बच्चों को मोबाइल में ओटीपी से संबंधित हैक करना। इस तरह का कई जानकारियां दिए। जहां साइबर ठगी से बचा जा सके। इस मौके पर कर्मचारी प्रमोद कुमार पप्पू कुमार प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव शिक्षक व बच्चे उपस्थित है।

## अनियंत्रित हाईवा वाहन पेड़ से टकराई, चालक की मौत

**सिमरिया।** सिमरिया थाना क्षेत्र के सिकरी ग्राम के समीप सिमरिया हजारीबाग मुख्य पथ पर एक अनियंत्रित हाईवा वाहन संख्या जेएच0258 1805 पेड़ में जा टकराई जिसमें हाईवा वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एवं चालक की मौत हो गई। आनन फानन में लोगों ने चालक को सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सिमरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंतः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

## आधा दर्जन बिरहोर बच्चों का हुआ मुफ्त इलाज

**गिद्धौर।** प्रखंड के जपुआ गांव में रहने वाले बिरहोर समुदाय के छह बच्चों का इलाज बुधवार को प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुमित कुमार जायसवाल ने किया। सहिया से जानकारी मिलने के बाद कि इन बच्चों को डायरिया जैसी बीमारी हो गई है, डॉ. जायसवाल ने तुरंत गांव पहुंचकर बच्चों को अपने वाहन में बिठाया और उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां उनका इलाज कर उन्हें निशुल्क दवाएं दी गईं। इस अवसर पर डॉ. सुमित कुमार जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार के लिए किया जाता है।

### 90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत

# साधन के अभाव में कोई व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में चलाये जा रहे 90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को कोडरमा व्यवहार न्यायालय परिसर से कोडरमा बाजार तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

जिसमें कोडरमा न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, मध्यस्थगण, एलएडीसीएस के सभी अधिवक्ता एवं पारा लीगल वोलेंटियर्स सहित अन्य लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता, इस बात के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। वहीं उन्होंने कहा कि इस विशेष जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य झारखण्ड के सभी शहरों एवं गावों में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता अभियान को पहुचाना है, ताकि समाज के सभी वर्ग के व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ तथा कानूनी जागरूकता पहुंच सके। श्री तिवारी ने कहा कि यह विशेष अभियान आम लोगों के बीच कानूनी जागरूकता को बढ़ाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि इस 90 दिवसीय इस जागरूकता अभियान की शुरुआत 15 दिसंबर 2024 से की गई है, जिसका विधिवत उद्घाटन झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कर कमलों से की गई है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर अलग अलग टीम गठित की गई है, जिसमें पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वोलेंटियर सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया है। यह प्रभातफेरी सुबह व्यवहार न्यायालय कोडरमा परिसर से शुरू होकर रांची-पटना रोड होते हुए कोडरमा बाजार तक पहुचीं और पुनः व्यवहार न्यायालय परिसर में आकर समाप्त हो गई। इस दौरान कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। न्यायालयकर्मी बैनर एवं हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे।

मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायाीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, मुंसिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नमिता मिंज सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में खुल कर फरियादियों ने रखी समस्याएं

# बेहतर समन्वय स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है : मयूर पटेल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश के आलोक में बुधवार को कोडरमा पुलिस द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के तीन जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आमलोग शामिल हुए और बेबाकी के साथ अपनी समस्याओं को रखा तथा समाधान की गुहार लगायी। जिला मुख्यालय स्थित बिरसा सांस्कृतिक भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उदघाटन पुलिस उप महानिरीक्षक मयूर पटेल, कन्हैया लाल, उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये आमजनों को सम्बोधित करते हुए डीआईजी श्री पटेल ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजनों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य के सभी जिलों में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस आपका मित्र है, आप अपनी समस्याओं को निस्संकोच रखें, उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के अलग-अलग तीन स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो, आपलोगों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित थाना को त्वरित गति से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 110 मामले आये, इसमें 71 मामले बिरसा सांस्कृतिक भवन में, जबकि 26 मामले पंचायत भवन जयनगर और 13 मामले सतगावां में आयोजित कार्यक्रम में आये। उन्होंने बताया कि बिरसा सांस्कृतिक भवन में कोडरमा, तिलैया, मरकच्चो और डोमचांच थाना क्षेत्र से सम्बंधित मामले आये हैं, जबकि पंचायत भवन पूर्वी जयनगर में चंदवारा, तिलैया डैम ओपी और जयनगर से सम्बंधित मामले आये। वहीं पंचायत भवन शिवपुर सतगावां में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में ढाब, नवलशाही और सतगावां थाना क्षेत्र से सम्बंधित मामले आये।

# राज इंटरनेशनल स्कूल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा सप्तम के पृथ्वीराज सिंह के द्वारा अल्लाह तेरो नाम, ईश्वर तेरो नाम... के गीत गाकर की गई। इसके बाद कक्षा पंचम की विद्यार्थी पल्लवी रानी ने इस पर भाषण प्रस्तुत किया और विद्यालय के अन्य बच्चों ने अल्पसंख्यकों के अधिकार से संबंधित कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चे अलग-अलग धर्मों के वेशभूषा में आये। इस अवसर पर विद्यालय में एक सरल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जहां अल्पसंख्यकों के अधिकार से संबंधित अलग-अलग विषय पर कक्षा चार और पांच के छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्। अर्थात्: यह मेरा है, यह उसका है; ऐसी सोच डिजाइन वाले लोगों की होती है, इसके विपरीत उदारचरित्र वाले लोगों के लिए तो यह सम्पूर्ण धरती ही एक परिवार जैसी होती है। इसके बाद उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाता है, इसका उद्देश्य भारत में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। यह दिन विशेष रूप से उन समुदायों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है, जो समाज में संख्यात्मक दृष्टि से कम हैं। इस दिन की शुरुआत 18 दिसंबर 1992 को हुई, जब सारे राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। यह दिवस अल्पसंख्यकों के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अस्पताल से महिला का शव बरामद, एक हिरासत में



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया पुलिस ने बुधवार को रेफरल अस्पताल से 26 वर्षीय महिला रेखा देवी का शव बरामद किया है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया, वहीं महिला के आशिक बीरेंद्र कुमार दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतिका रेखा देवी हजारीबाग जिले के पदमा थाना क्षेत्र के पदमा गांव की निवासी थी, और उसका मायका बरकट्ठा में था। मृतिका के परिवार

### प्रेम संबंधों में हत्या का आरोप

वालों के अनुसार, रेखा देवी का बीरेंद्र कुमार दास से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीरेंद्र कुमार दास सिमरिया के राज्य संचालित प्लस टू विद्यालय में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। महिला अपने प्रेमी से मिलने मंगलवार की सुबह सिमरिया पहुंची थी, लेकिन इसके बाद महिला की हत्या कर दी गई। महिला की बहन ने आरोप लगाया कि बीरेंद्र ने रेखा का मोबाइल हैक कर लिया था, जिससे उसकी शादी का रिश्ता टूट गया था। इसके बाद बीरेंद्र ने बार-बार रेखा से पैसे की मांग की और जब पैसे नहीं मिले तो उसने रेखा को जान से मारने की धमकी दी थी। महिला के दो बच्चे हैं और उसका पति चेन्नई में मजदूरी करता है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना को लेकर जांच जारी है।

# चतरा सांसद काली चरण सिंह ने संसद में कोयला खदानों से जुड़े मुद्दे उठाये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह ने लोकसभा में अम्रपाली-मगध कोयला खदानों के संचालन से जुड़ी समस्याओं पर अपनी आवाज उठाई। उन्होंने खदानों के संचालन से होने वाले सड़क सुरक्षा, प्रदूषण, विस्थापन और स्थानीय रोजगार के मुद्दों को गंभीरता से उठाते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की।

सांसद काली चरण सिंह ने खदानों के संचालन से उत्पन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि कोयला परिवहन के लिए सार्वजनिक सड़कों का उपयोग करने से सड़क दुर्घटनाएं और प्रदूषण की स्थिति विकराल हो गई है। उन्होंने कहा, ह्लकोयला परिवहन के लिए समर्पित कोरीडोर या रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना चाहिए, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव और वाहनों की प्रदूषण जांच की जाए.ह्व उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई और सड़क मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। वहीं, विस्थापित परिवारों की स्थिति पर चिंता जताते हुए श्री सिंह ने कहा कि खनन गतिविधियों के कारण विस्थापित होने वाले लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव हो रहा है। उन्होंने सरकार से विस्थापितों के लिए प्रभावी पुनर्वास नीति लागू करने और मुआवजे की पारदर्शी व्यवस्था की मांग की। सांसद ने स्थानीय रोजगार के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि खनन परियोजनाओं से होने वाले लाभ का हिस्सा क्षेत्रीय विकास में खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने की बात कही और खनन कंपनियों से क्षेत्रीय युवाओं को 85% रोजगार देने की नीति लागू करने का आग्रह किया। चतरा के सांसद की इन पहलो को लेकर क्षेत्रीय जनता ने खुशी जताई है। टंडवा समेत अन्य क्षेत्रों के लोगों ने काली चरण सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र के विकास और लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है।

# रेफरल अस्पताल सिमरिया के बीपीएम पर मानसिक प्रताड़ना और शोषण का आरोप, जांच शुरू




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** रेफरल अस्पताल सिमरिया के बीपीएम धीरेन्द्र यादव पर मानसिक प्रताड़ना और शोषण का गंभीर आरोप लगाया गया है। अस्पताल के चार कर्मियों, जिनमें दो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), एक फार्मासिस्ट और एक जेनरेटर ऑपरेटर ने स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और मिशन डायरेक्टर को आवेदन दिया है, जिसमें बीपीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आवेदन में कहा गया है कि बीपीएम का व्यवहार कर्मियों के प्रति हमेशा अपमानजनक और अपमानजनक होता है, कभी-कभी वह जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों को तुच्छ समझते हैं। आरोपों के अनुसार, बीपीएम ने एक महिला कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किया था और नशे की हालत में शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी डाला था। इसके अलावा, कर्मचारियों से इंसेंटिव के बदले पैसे की मांग की जाती है और अगर पैसे नहीं दिए जाते हैं, तो इंसेंटिव का भुगतान लंबित कर दिया जाता है। कर्मियों का आरोप है कि बीपीएम अपने निजी कार्यों जैसे सब्जी लाने या गाड़ी धोने के लिए दबाव डालते हैं और विरोध करने पर कर्मचारियों को स्थानांतरित करवा दिया जाता है। तीन सीएचओ ने बीपीएम के शोषण और प्रताड़ना से तंग आकर रेफरल अस्पताल सिमरिया से अन्यत्र स्थानांतरण करवा लिया है। कर्मियों ने इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री और अन्य अधिकारियों से मामले की गहनता से जांच करने की मांग की है। रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार करमाली ने कहा कि मामले की जांच के लिए तीन चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई है, जिसमें दो पुरुष और एक महिला चिकित्सक शामिल हैं। जांच की प्रक्रिया जारी है, और गुरुवार को बीपीएम और स्वास्थ्य कर्मियों को आमने सामने बैठाकर मामले की पूरी जानकारी ली जाएगी। कर्मियों ने यह भी कहा कि बीपीएम के द्वारा की जा रही प्रताड़ना और शोषण के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि अस्पताल में एक स्वस्थ और सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित हो सके।

## एक नजर में

## वृद्धाश्रम में गर्म कपड़े एवं फल का वितरण

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रोटरी कोडरमा के इंटरैक्ट क्लब के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस अवसर पर छात्रों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उन्हें गर्म कपड़े एवं फल वितरित किए। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशिका एवं रोटरी की सहायक गवर्नर जोन 8 संगीता शर्मा, प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार, रोटरी सदस्य नवीन जैन, प्रवीण बरनवाल, मोहक सुल्तानिया एवं अन्य उपस्थित लोगों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। वहीं उन्होंने इस तरह की गतिविधियों को न केवल सामाजिक सेवा का माध्यम बताया, बल्कि इसे छात्रों के चरित्र निर्माण और संवेदनशीलता बढ़ाने का महत्वपूर्ण जरिया भी माना। यह प्रयास छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और करुणा की भावना को बढ़ाने में सहायक रहा। इस पहल से छात्रों ने यह सीखा कि सेवा और दया समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा नवम के छात्रों की भूमिका सराहनीय रही।

## भारतीय जनता पार्टी सदस्यता पर्व को लेकर चला सदस्यता अभियान

**चंदवारा (कोडरमा)।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर चंदवारा मंडल की एक बैठक चंदवारा दुर्गा मिष्ठान परिसर में रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव उपस्थित रहे। इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मण्डल के सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान के मण्डल के संयोजक एवं सह संयोजक, सभी पंचायत के संयोजक एवं सहसंयोजक, सभी वरिष्ठ नेतागण उपस्थित हुए। वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से भाजपा का सदस्यता अभियान चलाना है, जो कि ऑनलाइन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा में जोड़ना है। वहीं इस कार्यक्रम में द्वारिका राणा, लक्ष्मण यादव, मनोज साव, सुनील मोदी, बंटी मोदी, नारायण यादव, बिनोद यादव, पीयूष पांडेय, किशोर यादव, नंद किशोर सोनी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने जीता जूनियर क्रिकेट का खिताब

**कोडरमा।** एक रोमांचक सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच में संस्कार इंटरनेशनल जूनियर टीम ने स्पोर्टिंग यूनियन क्लब को 10 रनों से हराया। यह मैच पिछले सोमवार को शहर के सीएच ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतने के बाद स्पोर्टिंग यूनियन क्लब ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। संस्कार इंटरनेशनल जूनियर टीम ने 146 रन बनाए। टीम के लिए रंजन कुमार ने सर्वाधिक 30 रन बनाए, उन्हें मैन अफ द मैच चुना गया। उनके साथी खिलाड़ी अभिजीत यादव ने तीन विकेट झटके, वो भी सभी क्लीन बोल्ड। अरनव यादव ने शानदार फील्डिंग कर टीम में अहम योगदान दिया और कई रन बचाए। वहीं दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन क्लब 25 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 136 रन ही बना सका। टीम के लिए आयुष ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। उनके साथी अंश राज सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार विकेट हासिल किए।

**संस्कार इंटरनेशनल जूनियर टीम के सदस्य :** रमेश यादव (कप्तान), गौतम यादव (विकेटकीपर), आदर्श कुमार यादव, अरनव यादव, अभिजीत यादव, अंकित यादव, आदर्श यादव, हरिओम कुमार, मयंक पांडे, सार्थक वर्मा, सत्यम यादव, सत्यम कुमार, रंजन कुमार, रोशन यादव, सुमित यादव, समर सिद्धार्थ, पीयूष राय, सुमन यादव, शुभम सिंह, रंजन कुमार यादव शामिल थे।

**स्पोर्टिंग यूनियन क्लब के सदस्य :** आदित्य यादव (कप्तान), दिव्यम कुमार, आयुष, प्रणव कुमार, तेजस, आरव बजाज (विकेटकीपर), चंदन यादव, शौर्य सलूजा, परीक्षित यादव, नितीश कुमार, आदित्य राज, अंश राज, तेजस्वी भंडारी, अनंत गुप्ता, सुफ़ियान, काशन, आदित्य राज और अभि शामिल थे।

## चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** जिला परिवहन विभाग के सौजन्य से सड़क सुरक्षा टीम द्वारा प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी, साथ ही मोटर वाहन सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा दल से हिमांशु और अभिषेक कुमार एवं ट्रैफिक पुलिस ओम प्रकाश द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के महत्व के बारे में बताया गया, साथ ही यह जानकारी दी गई कि गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग और नशे में गाड़ी चलाना बेहद खतरनाक है और इनसे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, गाड़ी की चाल निर्धारित सीमा के भीतर रखनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सड़क पार करते समय ज़ेबरा क्रॉसिंग और सिग्नल का सही तरीके से उपयोग करने के बारे में भी बताया गया। स्कूली बच्चों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया।

## ग्रिजली विद्यालय स्टार एवार्ड एजुकेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय को स्टार एजुकेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सर्वाधिक बेहतर विद्यालय के रूप में ग्रिजली विद्यालय को यह सम्मान मिला है। इस अवार्ड को विद्यालय के सीओओ तनिष्क सेठ ने प्राप्त किया है। यह अवार्ड देश भर के शिक्षण संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दी जाती है। विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसिमे, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सी.ओ.ओ. तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी.डी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी सहित सभी शिक्षकों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन सतगावां प्रखंड के शिवपुर पंचायत भवन में बुधवार को किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में आए फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान घरेलू झगड़े, जमीन विवाद, पिता पुत्र की लड़ाई से लेकर प्रखंड के गंभीर मामले भी सामने आये। इस कार्यक्रम का पदाधिकारी डीएसपी दिवाकर कुमार को बनाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शिकायत लेकर पहुंचने वाले पीड़ितों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया। डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि कोई भी थाना से खाली हाथ नहीं लौटेंगे, इसका यह मतलब है कि अगर थाना में कोई भी पीड़ित आवेदन देने जाएगा तो उसके आवेदन को लेने से कोई मना नहीं करेगा और जिस स्तर की समस्या है उसे उस स्तर पर पहुंचा दिया जाएगा। मामला किसी थाना क्षेत्र का हो या कहीं का मामला हो जीरो एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

## मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के दशारो पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को शिविर लगाकर मोतियाबिंद की जांच की गई। मोतियाबिंद की जांच नेत्र सहायक शंभू प्रसाद व सुमन मिंज के द्वारा की गयी। नेत्र सहायक शंभू प्रसाद ने बताया कि शिविर में 53 लोगों की मोतियाबिंद जांच की गई, जिसमें 15 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि कोडरमा सदर अस्पताल में इसका फ्री अपरेशन किया जाता है। दवा चश्मा खाना सभी निशुल्क दिए जाते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से वाहन के द्वारा कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### चेम्बर के वार्षिक नवीकरण के लिए बनायी गयी समिति

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक चुनाव हेतु सभी व्यापारियों का नवीकरण करने के लिए सभी मार्गों के लिए समिति बनायी है। नवीकरण के साथ लाइफ मेंबर और नया मेंबर भी बनाए जाएंगे। अधिक से अधिक व्यापारी मेंबर बने ताकि चेंबर और सशक्त हो सके। नवीकरण का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नवी नवीकरण के लिए जो समिति बनाई गई है। उसमें मेन रोड के लिए बबलू वर्मा, आदित्य गुप्ता, राहुल केसरी, बिट्टू कुमार, सिसई रोड के लिए राजेश सिंह, प्रणय साहू, अजय कुमार, दिनेश प्रसाद, पालकोट रोड के लिए राजेश लोहानी, रितेश कुमार, प्रदीप सोनी, डुमरडीह और बेहरा टोली के लिए विकास सिंह, नीरज गुप्ता और श्याम गुप्ता, हाई स्कूल रोड, दुर्गा मंदिर एवं डीएसपी रोड के लिए मुनीलाल साहू, दिलीप गुप्ता एवं गुन्नू शर्मा, जशपुर रोड, रामनगर एवं रायडीह के लिए गुरमीत सिंह, अमित मंत्री गोलू, प्रतीक अग्रवाल एवं आनंद गुप्ता, लोहरदगा रोड, धोबी मोहल्ला एवं मिशन चौक के लिए अजय सिंह राणा, पंकज खंडेलवाल, संजीव मालानी एवं मनीष गुप्ता, थाना, रोड पंजाबी गाली एवं उस्ताद मुहल्ला के लिए अभिजीत जायसवाल एवं मो इम्तियाज को नियुक्त किया गया है। उपर्युक्त सभी पदाधिकारी अपने-अपने एरिया में नवीकरण का कार्य करेंगे। व्यापारी इनसे संपर्क कर अपना नवीकरण का कार्य जल्द से जल्द करा लें।

### चैनपुर थाना परिसर में हुआ जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन



चैनपुर। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार चैनपुर थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मामले जैसे जमीन विवाद, प्रेम प्रसंग और पैसे के लेन-देन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कार्यक्रम में सर्किल इंपेक्ट महेंद्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसई अशोक कुमार, सीई मुनेश्वर सिंह,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, पोलीदोर एक्का, दीपक खलखो सहित चैनपुर प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना था। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर व्यक्त किया, जिससे पुलिस-प्रशासन को जनसुनवाई के दौरान आवश्यक कदम उठाने का अवसर मिला। इस पहल से स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद बंधी है।

### चैनपुर में प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, गया जेल



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के रहमत नगर में पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अजबुल खान के रूप में हुई है, जो अपने घर के पास प्रतिबंधित मांस काटकर बेच रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने एक टीम गठित की और तुरंत कार्रवाई की। टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर 20 किलो मांस, तराजू और काटने की सामग्री बरामद की। पुलिस को देखकर अजबुल और उसके ग्राहक भागने लगे, लेकिन अजबुल को पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद अजबुल खान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एएसई नन्द किशोर और अन्य पुलिस जवान शामिल थे। क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस के कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### रायडीह थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये 19 मामले



रायडीह। रायडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम रायडीह पुलिस के द्वारा बुधवार को किया गया। जिसमें बीडीओ सह सीओ रायडीह, थाना प्रभारी रायडीह कुंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी सुरसांग मुकेश टुडू मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनता के द्वारा 19 शिकायत शिविर में दिये गये। जिसमें जमीन विवाद, कही बिजली का तार, बाजार में साफ सफाई जैसे शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना गया एवं शिकायत का निष्पादन किया जा रहा है। इसमें रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक चालक हेलमेट का उपयोग करेंगे। ओवरलोडिंग और हाईस्पीड नहीं चलने की अपील की है।

### बस सेवा का जिप सदस्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जारी। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने जारी से गुमला के लिए नई बस का फीता काटकर बुधवार को शुभारंभ किया। वहीं हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। बस गुरुवार से प्रतिदिन सुबह 6:50 बजे कमलपुर से गुमला के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं जारी, चैनपुर, कुरूम गढ़, कोटाम होते हुए गुमला पहुंचेगी। दिलीप बड़ाइक ने कहा जारी प्रखंड का एक आदिवासी गरीब किसान अरविंद बरवा खेती से धान बेचकर बस खरीदा। जो काबिले तारीफ है। बस के चालू होने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर गोविंदपुर पंचायत की मुखिया रजनी मिंज, अरविंद बरवा, शमशेर खान, महबूब अंसारी उपस्थित थे।

### 21 दिसंबर को मोतियाबिंद शिविर का आयोजन करेगा लायंस क्लब



गुमला। लायन्स क्लब गुमला की मासिक बैठक क्लब भवन में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लायन्स क्लब के दिसंबर में होने वाले कार्यक्रम के संबन्ध में निर्णय लिये गये। क्लब द्वारा निशुल्क मोतियाबिन्द शिविर 21 दिसंबर को करने का निर्णय लिया गया। लाभुक नाम पता व आधार कार्ड लेकर सचिव अशोक जयसवाल मेन रोड प्रतिष्ठान में अपना नाम अंकित करा सकते है।

# गुमलाः जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये 87 मामले

विभिन्न कानूनों की भी दी गई जानकारी

## एसपी शंभू कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों ने शिविरों का लिया जायजा





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार के निर्देश और डीजीपी के मार्गदर्शन में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण हेतु गुमला जिला में जिला स्तर पर दूसरी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया है। उक्त कार्यक्रम के मॉनिटरिंग हेतु पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी राजीव नीरज, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विरेंद्र टोप्पो,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। नगर भवन गुमला के अतिरिक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन थाना परिसर घाघरा, थाना परिसर बसिया तथा चैनपुर अनुमण्डल के रायडीह, डुमरी तथा चैनपुर थाना परिसर में किया गया। गुमला जिलान्तर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत कुल 87 शिकायत पत्र प्राप्त हुए। सभी का पंजीकरण करते हुए प्राप्ति रसीद दिया गया तथा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत 10 सितंबर को गुमला जिला अन्तर्गत कुल 223 शिकायत प्राप्त हुए त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया था। इसमें से 200 शिकायत पत्रों का निष्पादन हो चुका है। 30 नवंबर को 377 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। जिसमें से 247 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष शिकायतों का त्वरित समाधान हेतु अग्रतर कार्यवाही की जा रही है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नये आपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआइआर एवं ऑन लाईन एफआईआर प्रणाली, डायल-112 तथा 1930 (साईबर फ्रॉड), एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, डायन प्रथा, सम्पति मूलक अपराध, सड़क सुरक्षा, साईबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके तथा अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चिटफंड, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन-बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# एसी ने की पथ निर्माण की समीक्षा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा किये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष 4515 के अंतर्गत कुल 41 प्रगतिशील पथ योजनाओं, ग्राम जुरिया तिगरा से अरकोसा पथ तक पथ निर्माण, कुसुमडीपा से टेलर टांगर तक, ग्राम चरहु से मेरले पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आदि, गैर योजना शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण की 17 योजनाओं (2022-23), वर्ष 2023-24 की 61 योजनाओं, 2024-25 की योजनाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) के अंतर्गत प्रगतिशील पथ योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए की 5 योजनाओं, आदिवासी कल्याण की योजना जिसमें पेशरार में पुंदाग हुसरू पथ पर पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ एनएच 143 ए में कुड़ू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, भूमि अधिग्रहण, एनएच 143 ए में बायपास पथ निर्माण व भूमि अधिग्रहण का कार्य समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता उपस्थित थे।

### लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# लोगो की समस्या का हो निपटारा : डीआइजी





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के नगर भवन में झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे शामिल हुए साथ ही जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा के साथ लोहरदगा पुलिस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर के फरियादी अपनी फरयाद लेकर पहुंचे और मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई और उसे त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभाग और थानों को निर्देश भी दिया। कार्यक्रम को लेकर डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा यह कार्यक्रम लोगो के लिए है और उनके शिकायत के समाधान के लिए किया जा रहा यह राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की एक अच्छी पहल है जिससे लोगों को लाभ होगा और उनके शिकायत पर त्वरित करवाई की जायेगी। इसमें शिकायतकर्ता को पुलिस की ओर से फोन जाएगी जिसमें केस को लेकर सभी तरह की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित सभी थाना प्रभारी व गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# घाघरा में अपराधियों ने 5 बाइक को किया आग के हवाले, पांच युवक जलने से बचे


जलाया गया मोटरसाइकिल।


आगजनी की घटना में बाल-बाल बचे लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा नवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पांच युवक जिंदा जलने से बच गये। वहीं पांच मोटरसाइकिल को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे सभी बाइक जलकर राख हो गया। वहीं आगजनी के क्रम में पूरा बिल्डिंग भी हिट होकर क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक सवार पेंट कर्मी उक्त आंगनवाड़ी केंद्र में रात्रि को विश्राम कर रहे थे। घटना के संबंध में पेंटर नंदकिशोर बडाइक ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र को पेंटिंग करने के लिए मंगलवार की शाम हम लोग लोहरदगा से पांच पेंटर छोटू राम, बद्रीनाथ गंझू, रामदुलार बड़ाइक, अजय उरांव अलग-अलग बाइक लेकर आये थे। इसके बाद खाना खाकर रात में सो गये। करीब 10 बजे रात को अचानक ही पूरा कमरा धुंआ से भर गया। जिससे हम लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लग गई। इसके बाद ब्लास्ट होने की भी आवाज आने लगी। हम लोगों ने हल्का दरवाजा खोलकर झांक कर देखा तो सारे बाइक आग की लपटों के साथ जल रहे थे। आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ एक ही दरवाजा है। वहीं पर आग जल रहा था। फिर अगल-बगल के गांव के लोग आए और दीवार तोड़कर हम लोगों को बाहर निकाला गया। हालांकि घटना के संबंध में किन अपराधियों का हाथ है। इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है और ना ही पीड़ित लोगों ने अपराध कर्मियों को देखा है। घटना के बाद थाना प्रभारी तरुण कुमार घटनास्थल में पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

### घटना के पीछे लेवी या ठेकेदारी हो सकता है कारण

घटना के पीछे लेवी का मामला होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। साथ ही साथ यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ठेकेदारी को लेकर वर्चस्व का मामला गांव के ही कुछ लोगों के बीच होने की बात दबी जुबान में लोगों की सामने आई,हो सके इसी मामले को लेकर के आगजनी की घटना की गई होगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में बरकी से जांच कर रही है। इलाके में कई नक्सली संगठन भी सक्रिय हैं। जिसके चलते यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि रंगदारी वसूली को लेकर के भी आगजनी की घटना की होगी।

### युवा उत्सव में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित




गुमला। जिला खेल कार्यालय नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता व कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की सिमरन पन्ना ने स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम एवं सृष्टि गुप्ता ने मोबाइल फोटोग्राफी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं साइंस एक्जीविशन में सूर्यांशु चौधरी एवं श्रेयांस कुमार की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आज वंदना सभा में प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने सभी को स्मृति चिह्न एवं चेक देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुमला : पर्यटन व खेलकूद सचिव ने किया निरीक्षण



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने गुमला जिले का दौरा कर विभिन्न पर्यटकीय स्थलों एवं खेल से जुड़ी योजनाओं का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी, परियोजना निदेशक आईटीडीए और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सचिव कुमार ने भरनो स्थित निमार्णाधीन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने ललित उरांव प्रखंड स्तरीय स्टेडियम और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला का भी निरीक्षण किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, चंदाली का निरीक्षण कर खेल क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिले के सभी खेल मैदानों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय खेल समितियों के गठन, जीर्णोद्धार कार्यों की मरम्मत और खेल मैदानों के रखरखाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। कुमार ने अंजन धाम, अम्बा घाघ, नागफेनी और मसरिया डैम जैसे पर्यटकीय स्थलों का दौरा किया। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा व सौंदर्यीकरण पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

### भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं : अजय पंकज



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी की नगर बैठक अटल भवन में कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। सचिन कुमार साहू ने कहा कि 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक सदस्यता महापर्व बनाने का निर्णय लिया गया है। 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा और 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता अभियान संयोजक अजय पंकज ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व, पार्टी को मजबूत और संघर्षशील बनाने का अवसर है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। लक्ष्मी भगत ने कहा कि झारखंड से लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्रीय विरोधी, विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा के संघर्षशील और मजबूत संगठन को निरंतरण गति देनी है। नगर सदस्यता अभियान संयोजक बिंदिया देवी ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और हम हर एक परिवार को मजबूती के रूप में देखना चाहते हैं। सत्यम कुमार ने कहा कि सदस्यता अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण रूप से लग जाए। अभियान नगर सहसंयोजक अशोक कसकर ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह बनाना है। सहसंयोजक सरस्वती देवी ने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी को मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। मौके पर उपस्थित संजय शर्मा, शंभू ठाकुर, रामलाल उरांव, ज्ञानेश कुमार गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुभाष चंद्र बोस आवासीय उच्च विद्यालय हिरही लोहरदगा के प्रांगण में बुधवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय कानून साक्षरता मिशन के माध्यम से स्कूल के बच्चों को जागरूक किया गया।

जिसमें लोहरदगा जिला के एडवोकेट मेडिएटर लाल धर्मेंद्र देव ने कहा कि बच्चे समाज के अगुवा होते हैं समाज को आगे बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका होती है। बच्चे देश के भविष्य हैं हम सभी को बच्चों के हित में कार्य करना चाहिए। वही देश और समाज की उन्नति बच्चों के विकास पर निर्भर करता है इसीलिए सजग और कानूनी रूप से जागरूक बनाने की शिक्षा उनके लिए अत्यंत ही आवश्यक है ताकि बच्चे गलत राह पर नहीं जाएं।

उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में कई कानून बने हैं आज न्यायालय भी उनके लिए चाइल्ड फ्रेंडली माहौल में काम कर रहे हैं साथ ही पुलिस को भी चाइल्ड फ्रेंडली होकर कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में पीएलभी मंजू खाखा, बच्चों सहित प्रधानाध्यापक अनुप्रिया कश्यप एवं उमेश कुमार, गंगाधर कुमार महतो, मार्विन टोप्पो, सत्य विजय, करिश्मा तिर्की, दीपक उरांव सहित शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

### रबी कार्यशाला का हुआ आयोजन, किसानों को दिया गया कृषि से जुड़ी जानकारी



कैरो। प्रखंड सभागार में बुधवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार कृषि प्रभार द्वारा प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ शिला उरांव एवं प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामसहाय टाना भगत द्वारा संयुक्त रूप से द्विप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि सरकार व विभाग द्वारा हर मौषम में कर्मशाला का आयोजन किया जाता है ताकि किसान खेती के सही तरीका को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें। बीडीओ ने कहा कि किसान को आगे बढ़ने के लिए कृषि के साथ अन्य योजना जैसे बागवानी, पशुपालन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की जरूरत है। सीओ शिला उरांव ने भी किसानों को इस तरह के कार्यक्रम में आने और मिल रही जानकारी को प्राप्त करने के बाद उसके उपयोग करने पर बल देना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन किशोर उरांव ने किया। मौके पर करमचंद भगत, प्रतिमा देवी, मृत्युंजय तिवारी, शमीम, फुलमनी, कुंवर साहू, कुश सिंह, सैम्यूल अंसारी, भूमिका देवी, बिजय उरांव, बिनय उरांव सहित जनसेवक, कृषक मित्र व किसान मौजूद थे।

### जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में सैकड़ों सनातनियों ने की धार्मिक यात्रा



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के द्वारा धार्मिक यात्रा के तहत जिले के सैकड़ों भक्तों को सोनमेर मंदिर, देवड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर का दर्शन पूजा और दशम फॉल घूमने की व्यवस्था की गई। सबसे पहले सोनमेर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा तमाड़ के देवड़ी मंदिर के लिये निकले। देवड़ी मंदिर में सोलह भुजी मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद सभी बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर लोहरदगा जिला समेत सभी सनातनियों के लिए सुख शांति की कामना की। साथ ही झारखंड की खूबसूरती और मनोरम स्थली दशम फॉल की मनमोहक वादियों का नजारा देख लोग गदगद हुए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के द्वारा साल में दो बार तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये धार्मिक यात्राएं आयोजित की जाती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### झारखंड आंदोलनकारी महासभा जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनायेगा

# आंदोलनकारियों के हित में गुरूजी मॉडल लागू करें सीएमः कयूम

विशेष सत्र बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का करें निदान : अमर किन्डो



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो विनोद भगत मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों का दर्द समझेंगे और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू किया जाए। गुरुजी मॉडल के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रतिमाह 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। अध्यक्षता करते हुए अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में पनप रहे आक्रोश खत्म हो। जिला संयोजक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। गुटबाजी के कारण ही आंदोलनकारियों को न सम्मान मिला और न नियोजन पेंशन। सीएम झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें और जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांगों का समाधान करें। संबोधित करने वालों में जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव, चैतू मुंडा, जगनंदन पौराणिक, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, नगर अध्यक्ष रुस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, अजित खाखा, सुशीला लकड़ा, प्रमिला भारती, जगदीश उरांव आदि शामिल थे। सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा जी की जन्मदिन को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में एवं शिक्षा ज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मंच संचालन गंगा उरांव एवं धन्यवाद ज्ञापन

# आम जनता को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना कार्यक्रम का उद्देश्य : सचिव

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम का घाघरा में आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा विधिक जागरूकता विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन डालसा के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, एलडीएसएस चीफ डी एन ओहदार, बीडीओ दिनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, पैनल अधिवक्ता शारदा पांडे, शंभू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कानूनी मुद्दे, महिला सुरक्षा, श्रमिक अधिकार, भूमि विवाद, डायन बिसाही, घरेलू हिंसा सहित कई मामले पर जानकारी दी गई। मौके पर डालसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम समाज में कानूनी साक्षरता बढ़ा सकते हैं और लोगों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही लोगों को यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा फ्री कानून की सलाह भी दी जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा आम जनता को न्याय उपलब्ध कराने में तत्पर है। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दो अबुवा आवास के लाभुकों और पेंशन स्वीकृत 5 लाभुकों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर पीएलबी सदस्य जशीनता कुजूर, नोरबेता कुजूर, सावित्री कुजूर, अशोक व कई लोग उपस्थित थे।

# सिकनी कोलियरी में तीन माह से कामकाज ठप
## चालू करने की मांग को लेकर झारखंड खनिज मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

- एक दशक पूर्व तक जिले की आर्थिक रीड कही जाती थी सिकनी कोलियरी, आज है बदहाल

### मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी की आफत



प्रदर्शन करते लोग।


फाईल फोटो सिकनी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सिकनी कोलियरी को सुचारू रूप से शुरू कराने की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड खनिज मजदूर संघ के बैनरतले प्रबंधन से जुड़े मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सिकनी कोयला परियोजना लगभग तीन माह से पूर्ण रूपेण बंद है, कोलियरी से जुड़े मजदूरों की हालत तो भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। लेकिन कोलियरी क्यो बंद है इस पर प्रबंधन की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा है। परियोजना के खान अभिकर्ता से वार्ता करने के बाद वह बताते हैं कि हमने तो डीओ ऑक्शन करने के लिए मुख्यालय को भेज दिए हैं, मुख्यालय से हीं डीओ ऑक्शन नहीं निकाला जा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि निगम के वरीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण हीं यह कोलियरी बंद है। जिसका खामियाजा यहां के मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है और काम के अभाव में मजदूर पलायन को मजबूर हैं। इन्होंने प्रबंधन से अनुरोध करते हुए कहा कि मजदूरों के हितार्थ एवं क्षेत्र के विकास को ध्यान रखते हुए उक्त परियोजना को अभिलंब चालू किया जाए। प्रबंधन अगर मांगों पर विचार नहीं करती है तो झारखंड खनिज मजदूर संघ के बैनरतले आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन के उपरांत अपनी मांगों को लेकर संघ के द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के नाम खान अभिकर्ता व माइंस एजेंट को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि एक दशक पूर्व तक चंदवा प्रखंड सहित पूरे लातेहार जिले की आर्थिक रीड कहे जाने वाली जेएसएमडीसी द्वारा संचालित सिकनी कोलियरी आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। विगत कई वर्षों से कोलियरी में काम का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पाने के कारण कोलियरी प्रबंधन से जुड़े मजदूर, ट्रक ऑनर, डीओ, होल्डर्स एवं कोलियरी से जुड़े हजारों परिवारों के समक्ष जीवकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गयी है। प्रबंधन से जुड़े सूत्रों की माने तो उक्त कोलियरी में खनन का कार्य केपी इंटरप्राइजेज को हांथो में थी। जिसकी कार्य अवधि कार्यवधि अक्टूबर 2024 में ही समाप्त हो गयी है। जिसके बाद अब तक खनन कार्य मे लगी कम्पनी का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर सिकनी कोलियरी फेज-2 का माइनिंग लीज भी फरवरी 2025 में समाप्त होने की बात सामने आ रही है। ऐसे में अगर प्रबंधन जल्द ही इस पर गंभीरता से कदम नही उठायी तो हजारों लोगों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या आन पड़ेगी।

**क्या कहते हैं खान अभिकर्ता**

मामले को लेकर पूछे जाने पर खान अभिकर्ता उमेश सिंह ने कुछ तकनीकी खामियों का कारण व्यवधान बनी है, जल्द ही व्यवधानों को दूर कर कोलियरी का संचालन सुचारु करने का प्रयास किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला 21 को

**लातेहार।** सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के कुंदरी मैदान में 21 दिसंबर को झारखंड आंदोलनकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला सुबह 11 से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगी। इसकी जानकारी चिन्हित आंदोलनकारी विश्वनाथ प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलन संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय संयोजक मुनेश्वर केवट, केंद्रीय उपाध्यक्ष रोजलीन तिर्की, जितेंद्र कुमार कुशवाहा व जामताड़ा के जिला अध्यक्ष नारायण मंडल शामिल होंगे। उन्होंने इस एक दिवसीय कार्यशाला में लातेहार के सभी आंदोलनकारियों को पहुंचाने की अपील की है।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह एवं जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो के निर्देशानुसार बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लेप्रोसी रोगियों का जल्द से पहचान, समुचित इलाज एवं दिव्यांगता को रोकने के उद्देश्य से डॉ राजेश कुमार एवं काशीनाथ चक्रवर्ती के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से आये हुये एएनएम को जानकारी दी गई। मौके पर जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो ने बताया कि कुष्ठ उन्मूलन प्रशिक्षण क्रार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करना है। एवं इस कार्यक्रम के शत प्रतिशत सफलता को लेकर जिले के सभी प्रखंडों के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देकर बेहतर से बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सके। मौके पर एएनएम कनक लता, ज्योति मिंज, अल्बीना कुमारी, रिंकू कुमारी, रंजीता कुमारी, प्रेम लता सिन्हा, ज्योति लकड़ा समेत अन्य एएनएम मौजूद थे।

### ट्रैक्टर, ग्रेंडर सेटरिंग के लिए रखे प्लाई सहित अन्य सामग्री में लगी आग, 10 लाख का हुआ नुकसान

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत के गडगोमा ग्राम स्थित खौरा नदी पर चल रहे पूल निर्माण कार्य मे लगा ट्रैक्टर, ग्रेंडर सेटरिंग के लिए रखे प्लाई सहित अन्य सामग्री मे बीते रात्रि आग लग गई। जिससे लगभग दस लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। घटना के संबंध मे पूल निर्माण कार्य मे लगे मजदूरों ने बताया कि हम सभी प्रतिदिन के तरह सोमवार संध्या काम बंद कर अपने डेरा मे आकर बाहर खाना बना कर भोजन कर सो गए। अर्धरात्रि आस-पास के ग्रामीणों ने बुझाव बुझाव का हल्ला करने लगे। उठकर देखा कि डेरा के समीप खड़ा ट्रैक्टर सेटरिंग के लिए रखा लगभग एक सौ पलाई मे आग भड़क उठी है। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पास ही में रखा 70 लीटर डिजल, ग्रेंडर मशीन, दो टुलू पंप पूरी तरह जल कर राख हो गया। ट्रैक्टर को पूरी तरह आग से जलने से बचाया लिया गया। डेरा मे रह रहे मजदूरों ने बताया कि ठंड मे चुलहा मे आग जल रहा था जिससे यह घटना हुई है।

### चंदवा: युवा मोबिलाइजेशन कैंप का किया गया आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड सभागार में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा चंदवा प्रखंड में युवाओ को प्रशिक्षण हेतु कैंप आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीपीओ पंचायतीराज- रितेश कुमार, पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से नवनीत२ सिंह एवं प्रखंड से जेएसएलपीएस बीपीओ सुरेंद्र कुमार, एडमिन जय प्रकाश रंजन, कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ठाकुर, सरोज कुमार, पूनम देवी एवं प्रखंड के कैडर एवं मोबिलाइजेशन हेतु आए पीआईए कर्मियों के उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं द्वारा उपस्थित पीआईए से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की गई।

### मनिका प्रखंड के रांकीकला में समाजसेवी ने गरीबों को गर्म वस्त्र करवाया मुहैया


गरीबों को वस्त्र मुहैया करवाते समाजसेवी।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत अंतर्गत स्थित नावाटोली, सेवधरा, मोहनटांड़ एवं नकटा गांव में दिन बुधवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवी निर्दोष कुमार के द्वारा बढ़ती हुई ठंड के मौसम से बचाव के लिए विकलांग, असहाय और जरूरतमंद गरीबों के बीच गर्म वस्त्र एवं कंबल का वितरण किया गया। वहीं सर्दी के मौसम में गर्म वस्त्र व कंबल मिलने से लोगों ने समाजसेवी निर्दोष कुमार के कार्यो का काफी सराहना किया। मौके पर समाजसेवी निर्दोष कुमार ने बताया कि गरीबों को जो वस्त्र मुहैया करवाया गया है वह वस्त्र हमारे ट्रस्ट को दान में दिया गया है,हमारे नारायण सेवा समिति ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीबों का सेवा करना ही है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाकर हमें काफी खुशी मिलती है। बता दें की समाजसेवी निर्दोष कुमार नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगभग 5 से 6 वर्षों से लगातार गरीब,जरूरतमंद लोगों को वस्त्र मुहैया करवा कर समाज सेवा का कार्य करते आ रहे हैं।

## वाहन के चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के किनामांड़ स्थित मित्तल पेट्रोल पंप के समीप एनएच 39 पर बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान पलामू सुदना निवासी संजय सिंह के रूप में हुई है। वे सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंदरी में शिक्षक थे। और घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे। मृतक पेट्रोल पंप से तेल भरवाकर जैसे ही सड़क पर निकले की रांची से आ रहे ट्रेलर वाहन ने उक्त बाइक सवार शिक्षक को अपने चपेट मे ले लिया और शिक्षक की मौत मौके पर ही हो गई। इधर रांची जाने के क्रम में पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पुलिस और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। इधर सदर पुलिस मौके पर पहुंच अग्रेत्तर कारवाई में जुट गई। मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जीप सदस्य विनोद उरांव समेत अन्य शिक्षक काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**सड़क दुर्घटना में शिक्षक संजय कुमार सिंह के निधन पर शिक्षकों ने जताया शोक**


मृतक शिक्षक का फाईल फोटो।

शिक्षकों ने इस दर्दनाक घटना के प्रति दु:ख जताते हुए आक्रोश जताया और मृत शिक्षक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा एवं नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा बायोमैट्रिक उपस्थिति के कारण एक और शिक्षक काल के गाल में समा गए। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रगति शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, अजय कुमार, अमूल्य रत्न द्विवेदी, बिनोद राम, अनुपम कुमार चौबे, निलेश कुमार, मंजु, शांति, आइंद, नरेंद्र पांडेय, शिव बचन पांडेय, अमेरिका प्रसाद, सुग्रीव राम, अनुप कुमार, विकाश शर्मा, आशीष नाथ सहादेव, रंथु उरांव, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार चंद्र, दिलीप कुमार सिंह, जगदीश सिंह, राम सहाय उरांव, प्रेम राज शुक्ला आदि शामिल हैं।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक


बैठक करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित ओडीएफ प्लस अभियान के सफल संचालन को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार मौजूद थे। कनीय अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत ओडीएफ प्लस का कार्य शुरू है। सभी जलसहिया को निर्देशित किया गया है कि पूर्व में बने शौचालय को दुरुस्त कर उसे उपयोग में लाने की प्रक्रिया शुरू करे। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जितने भी शौचालय का निर्माण पूर्व में कराया गया है सभी को दुरुस्त कर उपयोग में लावे। उन्होंने सभी जलसहिया को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जिन लोगों को शौचालय का निर्माण करवाना है वह अपना आधार कार्ड जल सहिया के पास जमा करें। इसके अलावा उन्होंने सभी जलसहिया को घर का पानी सड़क पर नहीं बहे इसपर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सड़क के किनारे स्थान देखकर सोखता निर्माण करने की बात कही। मौके पर सभी जलसहिया मौजूद थी।

## एक नजर में

### पेंटिंग के क्षेत्र में चंदवा का मृत्युंजय बना रहा है अपनी अलग पहचान


- पेंसिल स्केच बनाने में महारत हासिल है मृत्युंजय को

पेंटिंग बनाते मृत्युंजय कुमार।

**चंदवा।** कहते हैं कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। प्रतिभा का निखार एक ना एक दिन लोगों के सामने आ ही जाता है। चाहे वह कला का क्षेत्र हो या फिर कोई अन्य। दरअसल, आज हम बात करने जा रहे हैं चंदवा के कामता के रहने वाले सियाराम गुप्ता के पुत्र मृत्युंजय कुमार की। जिन्होंने पेंटिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रखी है। पेंटिंग के माध्यम से वह सकारात्मक तस्वीर सामने लाता है, जिसे लोग काफी पसंद भी करते हैं। कोई भी पेंटिंग को मृत्युंजय बड़ी सरलता के साथ बना देता है। इसके साथ साथ अगर कोई भी इंसान खुद की पेंसिल से बनाई गई तस्वीर लेना चाहते हैं, तो वह भी आर्डर देते हैं। महज कुछ हजार में मृत्युंजय ब्लैक एंड वाइट और कलर स्केच बना देता है। यकीन मानिए इनके हाथों से बनाया गया कोई भी पेंटिंग देख आप अचंभित हो जाएंगे। इसके अलावा ऑनलाइन राष्ट्रीय एग्जीबिशन में भी मृत्युंजय हिस्सा ले चुका है।

### भूमि समस्याओं के निपटारे को लेकर पोखरी में आहूत शिविर में खानापूर्ति का आरोप


रैयतों के साथ अफजल अंसारी।

**बरवाडीह।** जिला उपायुक्त के निर्देश पर राजस्व एवं भूमि सम्बंधित विवाद के निष्पादन हेतु बुधवार को पंचायत भवन पोखरीकला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे कई रैयतों ने अपनी-अपनी भूमि संबंधित समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बरवाडीह अंचल अंतर्गत सभी हल्का में निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर आगामी 17 जनवरी तक चलेगा। इधर जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने शिविर के नाम पर खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि शिविर में कई रैयतों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। 11 बजे से 3 बजे तक शिविर का समय होने के बावजूद अंचलाधिकारी महोदय 1 बजे ही शिविर से वापस लौट गए। जिस कारण रैयतों में नाराजगी देखी गई। उन्होंने बताया कि शिविर को लेकर प्रचार - प्रसार भी नहीं करवाया गया है। अफजल अंसारी ने लातेहार उपायुक्त और एसी को दूरभाष पर पूरे मामले की जानकारी देते हुए हल्का 1 में दुबारा शिविर लगाने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आज के दिन ही बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर था। यहां भी जमीन से जुड़े कुछ जरूरी मामले थे। जिस कारण हमें यहां भी शामिल होना जरूरी था। उन्होंने प्रचार प्रसार को लेकर लगाए जा रहे आरोपों का खंडन किया कहा कि शिविर को लेकर विभिन्न माध्यमों से प्रचार- प्रसार कराया जा रहा है।

### चेरो मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन कल



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अमडीहा बाजार टांड़ में कल शुक्रवार को होने वाले ऐतिहासिक एक दिवसीय चेरो मिलन सह सम्मान समारोह के सफल आयोजन की तैयारी को लेकर बुधवार को चेरो समाज के प्रखंड अध्यक्ष हुलास सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम का स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को लेकर चल रही सभी तैयारियों के साथ- साथ सफल संपादन हेतु बैठक भी की। जिसमें आगंतुक मेहमानों के स्वागत व सम्मान हेतु नवयुवकों की एक टीम का गठन कर उन्हें जिम्मेवारियों दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चेरो समाज से चार बार मनिका विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे वर्तमान तथा राज के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के साथ-साथ दूधी उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो और पश्चिम बंगाल के डीजीपी गंगेश्वर सिंह समेत कई गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। बैठक में आशुतोष सिंह चेरो, मुखिया आशीष सिंह चेरो, मृत्युंजय सिंह चेरो, देवराज सिंह चेरो, अनिल सिंह चेरो, बिपीन बिहारी सिंह चेरो, राज महेन्द्र सिंह चेरो, बलराम सिंह चेरो, दुखन सिंह चेरो, चन्द्रशेखर सिंह चेरो, अमीत सिंह चेरो, कुन्दन सिंह चेरो, गंगेश्वर सिंह चेरो, नेल सिंह चेरो, प्रगास सिंह चेरो, मनोज सिंह चेरो, रामू सिंह चेरो, राहुल सिंह चेरो, सोमेश्वर सिंह चेरो, ओमकार सिंह चेरो, सुरेन्द्र सिंह चेरो, अमीत सिंह चेरो, संजय सिंह चेरो और मुन्ना सिंह चेरो और हरेंद्र सिंह समेत विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में चेरो समुदाय के लोग मौजूद थे।

### थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का हुआ आयोजन, पुलिस ने सुनी लोगों की फरियाद

**बरवाडीह।** बुधवार को बरवाडीह पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बरवाडीह थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बरवाडीह, छिपादोहर और मनिका थाने से जुड़े मामले की सुनवाई अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी भरत राम की मौजूदगी में की गई। कार्यक्रम में एसडीपीओ भरत राम ने सभी थानों से आए ग्रामीणों की शिकायत एक-एक करके सुनी और उनके आवेदन को रिसीव करते हुए संबंधित थाने के पुलिस पदाधिकारी को मामले की जांच कर कारवाई करते हुए तय समय पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे बरवाडीह थाना से जुड़े 25, छिपादोहर से 14 और मनिका से कुल 7 आवेदन शामिल है।

## विद्यालय का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चावल समेत कई सामग्रियों की हुई चोरी

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय से सटे चेताग ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अंबाटोली के पाकशाला एवं स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर चावल समेत कई सामग्रियों की चोरी कर ली गई है। जिसे लेकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव ने बुधवार की इसकी लिखित सूचना बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार को दिया है' जिसमें उन्होंने कहा है कि वे मंगलवार की दोपहर 3 बजे विद्यालय बंद कर अपने घर चले गए और आज बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के पाकशाला और स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ था, जिसमें जांच के दौरान पाया गया कि चोरों द्वारा एक एचपी कंपनी की भरी हुई गैस सिलेंडर करीब 8 किलो चावल दो ट्रे अंडा दाल, तेल, मग आदि गायक थे' चोरी हो जाने के कारण आज बुधवार को मध्यान भोजन नहीं बन सका और विद्यालय के बच्चे इस घटना से नाराज दिखे ' प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बार विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी हुई है' जिसे लेकर उन्होंने पूर्व में भी इसकी सूचना थाना को दी थी, फिलहाल विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी हो जाने से मध्यान भोजन कब तक प्रभावित रहेगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है' हालांकि इसकी सूचना उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े वरीय अधिकारियों को भी दी है' इधर थाना पुलिस लिखित आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आईजी व एसपी ने किया शुभारंभ
# कार्यक्रम में 205 आवेदन हुए प्राप्त, कई मामले में ऑन द स्पॉट किया गया सुनवाई


कार्यक्रम का शुभारंभ करते आईजी व एसपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** स्टेशन रोड स्थित दिन दयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में बुधवार को लातेहार पुलिस द्वारा नागरिको के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतू लातेहार पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसडीपीओ अरविंद कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आईजी श्री लकड़ा ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का यह दूसरा अवसर है। इसके पूर्व गत सितंबर माह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस समय कुल 288 मामले विभिन्न समस्याओं से संबंधित आए थे। जिसका शतप्रतिशत निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि पब्लिकली रिस्पॉन्स अच्छा मिल रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से पुलिस और जनता के बीच अच्छे संबंध बने रहते है। जनता का त्वरित सुनवाई हो जाता है जिससे कोर्ट कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते है।

उन्होंने जनता से इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्या का समाधान करने की बात कही। कार्यक्रम में लातेहार अनुमंडल और चंदवा थाना के विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर मामले का निष्पादित किए जा रहे थे। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा, चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा ग्रामीण मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम के बारे में एसडीपीओं अरविंद कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में अनुमण्डल स्तर पर 205 आवदेन प्राप्त हुए।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन


आवेदन देती महिला।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालूमाथ, बरियातु एवं हेरहंज प्रखंड के कई ग्रामीणों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। बरियातू थाना क्षेत्र के नावाडीह ग्राम की एक युवती ने शिकायत दर्ज कराते कहा कि गोनिया पंचायत के मुखिया रानो देवी के पुत्र पंकज उरांव शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण किया एवं जब वह गर्भवती हो गई तो उससे शादी करने से इनकार कर गया। इसकी शिकायत लेकर बरियातू थाना में कई बार किया। तो उसे थाना से भगा दिया गया। बाद में पीड़ित ने लातेहार जाकर शिकायत करना चाहा तब वहां बताया गया कि आज बालूमाथ में शिविर लगाया गया है वही जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराए। तब जाकर मैं यहां आवेदन देने आई हूं। युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंकज उरांव की मां मुखिया है और थाना प्रभारी उसी के दबाव में आकर मेरे ऊपर न्याय नहीं कर रहे हैं। वही बालूमाथ के श्यामसुंदर यादव समेत कई ग्रामीणों ने बालूमाथ में हो रहे हैं सड़क जाम, सड़क दुर्घटना एवं प्रदूषण को देखते हुए हाईवा परिचालन पर नो एंट्री लगाने की मांग की है। जबकि हेरहंज प्रखंड के नवीन कुमार सिंह ने आवेदन देकर कहा कि लावगड़ा में पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा था जिसे अन्दू राम वगैरह ने सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्या लिखित रूप सेदे रहे है उसका रिसिविंग दिया जा रहा है। जमीन की समस्या में थोड़ा समय लग सकता है क्योंकि वह जांच का विषय है। बाकी जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं इस पर गहनता से विचार करते हुए निष्पादन किया जाएगा।

इस मौके पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, बरियातू बीडीओ अमित कुमार पासवान, बरियातू सीओ नंदकुमार राम, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह, बालूमाथ सीआई अनिल कुमार, हेरहंज सीआई शोएब अख्तर, एसआई विकास कुमार ,एएसआई सुबोध कुमार सिंह, मुखिया नरेश उरांव, विमला देवी, सोनामणि कुमारी, संध्या देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, दिनेश प्रजापति, हुलास यादव, संगीता देवी, शीला देवी, विजय कुमार समेत कई लोगों उपस्थित थे।

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

# ज्ञान निकेतन, जेपीएस सेंट्रल और संत पॉल की जीत



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते के अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन जेपीएस सेंट्रल स्कूल ने ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम को 74 रनों से संत पॉल एकेडमी गढ़वा की टीम ने साईं पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से ज्ञान निकेतन रेहला की टीम ने एआरडी पब्लिक स्कूल को 9 विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

टाउन हॉल के मैदान में ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर जेपीएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जेपीएस के अजमल के 40 और रेहान के 27 रनों के सहयोग से टीम ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 135 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ज्ञान भारती की ओर से सरताज ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान भारती की टीम 61 रनों पर सिमट गई। जेपीएस की ओर से प्रिंस और आमिर ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में साईं पब्लिक स्कूल पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 रनों पर ही सिमट गई। संत पल एकेडमी ओर से उत्कर्ष, आर्य और शिवम ने दो-दो विकेट प्राप्त किया।

जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल एकेडमी ने दो विकेट खोकर तीन ओवर में ही शुभम के 16 रन और उत्कर्ष के नाबाद आठ रन की बदौलत जीत दर्ज कर ली। तीसरे मैच में एआरडी पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष के 12 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 63 रन बनाए। ज्ञान निकेतन रेहला की टीम की ओर से फरहान ओर फहीम ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन की टीम फरहान के 31 रन की बदौलत एक विकेट खोकर विजयी लक्ष्य को पा लिया।

ग्रामीण सड़कों के रखरखाव की निगरानी के लिए

# मुख्यमंत्री करेंगे हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप का लोकार्पण

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार 19 दिसम्बर को पटना स्थित समारोह में 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप का लोकार्पण करेंगे। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत इस एंड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है।

इस ऐप के माध्यम से आमजन अब सड़कों की खराब स्थिति जैसे गड्ढ़े, क्षतिग्रस्त किनारे और अन्य समस्याओं की रिपोर्ट सीधे संबंधित अधिकारियों को कर सकेंगे। मोबाइल ऐप निर्मित करने का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की देखभाल और रखरखाव में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

यह ऐप पूरे राज्य में उपलब्ध होगा और लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करेगा। यह ऐप राज्य के सभी प्रखंडों के अनुरक्षणाधीन 63,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगा। उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की



सड़क का चयन कर सकते हैं और गड्ढ़ों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं।

'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप के माध्यम शिकायत दर्ज करने के बाद, संबंधित अधिकारी के द्वारा उस समस्या को तय समय सीमा में हल किया जाएगा और समस्या समाधान की स्थिति को भी ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। एक बार समस्या हल हो जाने के बाद, संबंधित अधिकारी पुनः मरम्मत स्थल की तस्वीर अपलोड करेंगे। इससे ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि, जनता की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आएगी। यह ऐप नागरिकों और सरकार के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है। उपयोगकर्ता ऐप पर किसी भी सड़क की खराब स्थिति का विवरण और उसकी तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं।

'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसे डाउनलोड कर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और बिहार की सड़कों को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

# राज्यपाल सह कुलाधिपति को गार्ड ऑफ ऑनर

**एजेंसी**

**सहरसा/मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में संपन्न हुए सीनेट बैठक में प्रदेश से भाग लेने आए राज्यपाल सह कुलाधिपति को 17 बिहार एनसीसी बटालियन सहरसा कैडेट्स अमन कुमार,आदित्य रमन, विकास कुमार, अमरजीत कुमार, निशांत कुमार, रोशन कुमार, रमेश कुमार, पुरूषोतम कुमार, अभिषेक कुमार ने गेस्ट हाउस के पास गार्ड ऑफ ऑनर दिया। गर्ल्स कैडेट्स बबली कुमारी,स्वाति गुप्ता,निशा कुमारी, शिवानी कुमारी ने कुलाधिपति सह राज्यपाल बिहार राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर का पायलटिंग की। इस तैयारी में नायक सूबेदार महेंद्र राय, हवलदार शिशुपाल सिंह,हवलदार आर एस राठौड़ ने महत्पूर्ण भूमिका निभाया। ज्ञातव्य हो कि मेजर गौतम को कई वर्षों से लगातार गार्ड ऑफ ऑनर देने का अवसर मिलता रहा है और मेजर गौतम भी उसे बड़ी मुस्तैदी से लगातार निभा रहे हैं।

## केंद्र को देना होगा बकाया राशि : झामुमो

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार के पास रॉयल्टी के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया पर चर्चा करते हुए संसद भवन में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर सभी वरिय अधिकारियों के द्वारा पत्राचार कर बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ की मांग लगातार किया जाता रहा है। लेकिन सांसद पप्पू यादव के द्वारा मामला उठाए जाने के बाद वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि किसी प्रकार का बकाया नहीं है। पंकज चौधरी का यह बयान दुर्भावना से ग्रसित होकर दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस मामले में संगठन के प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पूरा झारखंडवासी साथ है। भाजपा के सांसद और उसके नेताओं को भी चाहिए कि झारखंड केंद्र के पास बकाया राशि की मांग करें ताकि प्रदेश के सर्वांगिण विकास निर्वाध गति से चलते रहें। केंद्र सरकार को बकाया राशि देना होगा नहीं तो झारखंड से खनिज संपदा बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह, विशेश्वर मेहता, अनुज कुमार, सुभान अंसारी, निरुद्दीन अंसारी, मुन्ना पासवान, रोहित वर्मा, मुन्ना प्रसाद सहित आदि ने संबोधित किया।

# एकदिवसीय मोटिवेशनल सत्र का आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित ग्रुप पद संभव राम सभागार में बुधवार को एकदिवसीय मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी शेखर जमुआर, पूर्व डीडीसी सत्येंद्र नारायण उपाध्याय, इंटीग्रेटेड एडु सिस्टम नई दिल्ली के मेंट एवं डायरेक्टर आनंद प्रभाकर शुक्ला, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो. एमके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस एकदिवसीय मोटिवेशनल सेशन में आनंद प्रभाकर शुक्ला ने यूपीएससी, जेपीएससी एवं बीपीएससी के द्वारा सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन की तैयारी एवं सफलता के लिए बच्चों को ओरियंटेशन एवं जागरूक किया। इस ओरियंटेशन सत्र में डीसी ने भी अनुभव साझा किया। डीसी, पूर्व डीडीसी, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं कुलपति ने बच्चों के प्रत्येक प्रश्न का जवाब दिया और आश्वस्त किया कि परिसर में एक अच्छे कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। जिससे कि यहां पढ़ने वाले बच्चे सप्ताह में दो दिन कक्षाएं आयोजन का लाभ ले सकें।

मौके पर डॉ तान्या वर्मा, डॉ. एके सिन्हा, सुभाष कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. पंकज कुमार, शिव कुमार ओझा, केशरी कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, पंकज सिन्हा, शंभू राम डेंटल कॉलेज, होम्योपैथी कॉलेज, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, वनांचल कॉलेज ऑफ़ साइंस के प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव स्थित शिव महिमा केयर अस्पताल के प्रोपराइटर डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने दर्जनों असहाय, गरीब व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी बढ़ती ठंढ को देखते हुए असहाय, गरीब, मजदूर व जरूरतमंदों के बीच निजी राशि से कम्बल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मैं समाज सेवा कई वर्षों से करता रहा हूं।



वितरण करते डा राजकिशोर प्रसाद

भगवान शिव की अपरम्पार महिमा व आशीर्वाद से मेरे पास तन-मन व धन पर्याप्त है। इसलिए मैं भूखे को अन्न, प्यासे को पानी व जरूरतमंदों को बढ़ती ठंड में कम्बल देने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं 500 गरीबों के बीच कम्बल का वितरण प्रत्येक ठंडी के समय में करता हूं। उन्होंने कहा कि केवल इतना ही नहीं कई गरीबों की बेटी की शादी में आर्थिक मदद भी करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने जन्मदिन के अवसर पर लोगों के बीच निःशुल्क फलदार पौधे का भी वितरण करता हूं। गरीबों के बीच रहकर उनकी सेवा करना अपना परम् धर्म समझ लिया है। मुझे दान-पुण्य करना खूब भाता है, यही जीवन की सार्थकता भी है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कुछ वृद्ध महिला व पुरुषों को निःशुल्क आंख की जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें मुफ्त में इलाज कराने की सलाह देता हूं। उन्होंने कहा कि जब तक मेरी सांसें रहेंगी, यही उम्मीद करूंगा कि लोगों की सेवा सदैव करता रहूं। उन्होंने कहा कि शिव महिमा केयर अस्पताल में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावे, देश के कई राज्यों से रोगी आते हैं, जिसमें उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्यप्रदेश आदि राज्य भी शामिल हैं।

उक्त अस्पताल पहुंचने वाले वैसे गरीब तबके के लोग, जो इलाज कराने में असमर्थता जताते हैं, उन्हें भी सहयोग किया जाता है। मौके पर प्रेम दुबे, अमित कुमार, नीरज कुमार, मनीष कुमार, विवेक कुमार, विजेंद्र कुमार चौधरी, उषा देवी सहित उक्त अस्पताल के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

# कल्याणपुर के पीपराखेम में पुलिस चेक पोस्ट हुआ शुरू

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पीपरा खेम पंचायत के नारायणपुर चौक पर पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन बुधवार को केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा व पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा की लम्बे समय से क्षेत्र के लोगों की मांग आज पूर्ण हो गई। 6 माह के अन्दर नीजी कोष से भवन का निर्माण कर पुलिस चेक पोस्ट को ओपी मे बदल दी जाएगी। वही एसपी ने कहा की यहां की जनता की माँग थी की सुरक्षा के दृष्टिकोण से केसरिया थाना व कल्याणपुर थाना की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है और दक्षिण में साहेबगंज बॉर्डर है। सुरक्षा व अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस चेकपोस्ट की जरुरत थी, जिसे पूरा किया गया। चेक पोस्ट की जिम्मेदारी एस आई शिवनाथ प्रसाद को दिया गया।

## खबर एक नजर में

### पीड़ित ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के समक्ष लगायी न्याय की गुहार

**अररिया।** तीन दिसंबर को अररिया नगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर में जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने के नियत से आए भू-माफिया के द्वारा जमीन मालिक के बेटों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इस मामले में पीड़ित परिजनों के द्वारा अररिया नगर थाना में कांड संख्या 595/24 में दो दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। घटना के 16 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के द्वारा अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज होकर पीड़ित परिवार ने बुधवार को अररिया दौरे पर आए बिहार के नेता प्रतिपक्ष पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मिलकर मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

### राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे : सम्राट चौधरी

**पटना।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की सेवाओं के 150 वर्ष पूरे होने पर आईएमडी, पटना के तत्वावधान में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे, जिससे जनता को सटीक जानकारी मिलेगी। चौधरी ने कहा कि अभी बिहार में केवल 5 नियमित सतहीय वेधशालाएं (पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया और वाल्मीकिनगर) कार्यरत हैं लेकिन राज्य सरकार इनकी संख्या बढ़ाने और अन्य शहरों में नई सतहीय वेधशाला सह मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्रों की संख्या बढ़ने से न केवल राज्य में मौसम की भविष्यवाणी को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य में इन प्रयासों से मौसम विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति होगी और जनता को बेहतर सेवाएं दी जा सकेंगी।

### कैमरे और अत्याधुनिक तकनीक से लैस ट्रैक पर होगा ड्राइविंग का टेस्ट

**पटना।** पटना और औरंगाबाद के तर्ज पर अब पूर्णिया, भागलपुर, दरभंगा, सारण एवं गया में कैमरे और अत्याधुनिक तकनीक से लैस ट्रैक पर ड्राइविंग टेस्ट लिया जायेगा। इसके लिए पूर्व से बने टेस्टिंग ट्रैक का ऑटोमेशन होगा। यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीएसआर फंड से कराया जायेगा। इन जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का ऑटोमेशन के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड एवं परिवहन विभाग के बीच विश्वेश्वरैया भवन स्थित सभागार में मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) किया गया।

### डीएसपी के आश्वासन पर ई रिक्शा संघ ने हड़ताल समाप्त किया

**सहरसा।** शहर में ई रिक्शा संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से तीन दिवसीय हड़ताल किया जा रहा है,जिसके तहत ई-रिक्शा संघ ने 17, 18 और 19 दिसंबर को हड़ताल की घोषणा कर ई रिक्शा का परिचालन पुरी तरह बंद कर दिया,जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही थी। ई रिक्शा संघ के सचिव मोहम्मद अकरम ने बताया कि ई रिक्शा चालकों के लिए कहीं समुचित जगह नहीं है।पार्किंग के अभाव मे वे लोग सड़क किनारे कहीं भी ई रिक्शा लगाने पर पुलिस द्वारा जबरन धड़पकड की जाती है। इसके लिए रिक्शा पार्किंग स्थल को चिन्हित किये जाने की मांग की गई। साथ ही कहा यातायात मार्ग को सुलभ बनाने के लिए जो वन वे सिस्टम लागू किया है। इससे भी ई रिक्शा चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के पहले दिन का खबर चलने के बाद खबर पर संज्ञान लेते हुए यातायात डीएसपी प्रवीण कुमार ने दूरभाष से वार्ता कर ई रिक्शा संघ के सचिव मोहम्मद अकरम को आश्वासन दिया कि मैं अभी ट्रेनिंग के दौरान जिला से बाहर हूं।

### एक देश- एक चुनाव विधेयक का नवादा के अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**नवादा।** केन्द्र सरकार द्वारा एक देश, एक चुनाव विल लोक सभा मे पेश किये जाने का नवादा जिले के अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। अधिवक्ताओं ने स्वागत करते हुए कहा एक देश एक चुनाब होने से खर्चों की कमी आएगी। अधिवक्ताओं ने संविधान 129 वां संशोधन विधेयक किये पेश किये जाने की प्रसंशा करते हुए प्रधानमंत्री को वधाई दी है। विधेयक का स्वागत करते हुए वरीय अधिवक्ता नवादा जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महासचिव ईश्वरी शर्मा, एडवोकेट एसोशिएशन के सचिव निरंजन सिंह, नवादा जिला अधिवक्ता संघ के सचिव अरविंद कुमार, अरुण कुमार सिन्हा,विपिन कुमार सिंह, संजय मनोज कुमार, राम विनय सिंह, संजय सिंह, कुमार चन्दन, सयुंक्ता कुमारी, शालिनी कुमारी, रीना कुमारी डॉ साकेत बिहारी, रेखा कुमारी, मुरारी कुमार आदि अधिवक्ताओं ने स्वागत किया।

### मोतिहारी पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, एक दिन में 210 कुर्की का किया निपटारा

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस के विशेष कुर्की अभियान के तहत जिले भर में एक दिन के अंदर 210 कुर्की का निष्पादन किया गया। इस दौरान जिले भर में 83 चिन्हित वैसे अपराधियों के घर पुलिस पूरे दल बल के साथ बुलडोजर लेकर पहुंची और उनका कुर्की किया गया। इसके अलावा 49 अपराधियों ने पुलिस के भय से आत्मसमर्पण कर दिया।

# नि:शुल्क कपड़ा बैंक में गर्म कपड़े के लिए उमड़ रही है भीड़



गर्म कपड़े का वितरण करते शौकत खान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मानवता के मन्दिर कहें जाने वाले गरीबों के निःशुल्क कपड़ा बैंक में कम्बल और गर्म कपड़ा के लेने वाले जरुरतमंदों की प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। इसकी जानकारी देते हुए अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि गढ़वा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

जिस कारण गढ़वा जिले के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी लोग हमारे कपड़ा बैंक में प्रतिदिन कम्बल और गर्म कपड़ा लेने आ रहें हैं। साथ ही बताया कि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में कपड़ों का स्टॉक है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जब तक ठंड का मौसम रहेगा तब-तब गरीबों के बीच कम्बल और गर्म कपड़ों का वितरण जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि रात में भी कोई भी जरूरतमंद मेरे आवास से कम्बल प्राप्त कर सकते हैं। बुजुर्गों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

# दहशत फैलाकर व्यवसाईयों से रंगदारी व वसूलने के लिए की गई थी सत्या की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर ऊंटरी पुलिस ने बुधवार को कुख्यात अपराधकर्मी सत्या पासवान हत्याकांड का उद्भेदन कर ली है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से एक 7.65 बोर का देसी पिस्टल, 7.65 एमएम की चार जिंदा गोली, एक पल्सर मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी यासीन खान का पुत्र इकबाल खान एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुवा गांव निवासी असगर अंसारी का पुत्र शोहदाग खान का नाम शामिल है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि गत तीन दिसंबर को नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के गोसाई बाग स्थित लाइन होटल



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

के पास गढ़वा जिले के कुख्यात अपराधकर्मी सत्या पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कुख्यात अपराधकर्मी इकबाल खान एवं एक अन्य अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने बताया कि इस कांड के अनुसंधान एवं गिरफ्तारी के लिए नगर ऊंटारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि इस घटना में इकबाल खान के अतिरिक्त दूसरा अपराधकर्मी बिशुनपुर गांव निवासी तौसिम खान उर्फ तौसीफ द्वारा घटना का अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह हत्या उक्त दोनों ने एक अन्य शोहदाब अंसारी के साथ मिलकर व्यवसाईयों में दहशत फैलाकर उनसे रंगदारी वसूलने के लिए की थी। इस हत्या के बाद नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में एक और हत्या करने का योजना थी। इसका रेकी शोहदाब खान कर रहा था। घटना में प्रयुक्त दोनों पिस्टल तौसीम खान लेकर भागने में सफल रहा। छापामारी दल में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के अलावा नगर ऊंटारी पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## उत्पाद विभाग ने 50 लाख से अधिक मूल्य के विदेशी शराब को किया जब्त

**अररिया।** अररिया उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर बुधवार को जोकीहाट टॉल प्लाजा के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए टैंक लोरी में लोड भारी मात्रा में विदेशी शराब को जब्त किया। टैंकलोरी में शराब के बड़े खेप को छिपाकर सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर तस्करी कर ले जाया जा रहा था। मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनसे उत्पाद विभाग की टीम पूछताछ में जुटी है।टैंकलोरी से एकरीबन 3 हजार 555 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। मामले को उत्पाद विभाग के अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब का बड़ा खेप पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर जाने वाला है।सूचना को लेकर दो दिनों से टीम को अलग अलग स्थानों पर लगाया गया था।इसी क्रम में जोकीहाट टॉल प्लाजा के पास एक टैंकलोरी के आने पर उसको रोककर उनकी तलाशी ली गई तो टैंकलोरी के चैंबर में शराब का कार्टून छिपाकर रखा हुआ था।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने कई बार...

लेकिन वे इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि एससी/एसटी समुदायों के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उनके शासनकाल में हुए हैं। पीएम ने कहा, संसद में गृह मंत्री ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने और एससी/एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध और स्तब्ध हैं, यही कारण है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं।

**खड़गे ने शाह से मांगा इस्तीफा :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय गृह मंत्री पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को बचाव करने के बजाय उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। खड़गे ने कहा, अमित शाह ने जो बात कही वह निंदनीय है। यह देश का दुर्भाग्य है कि एक दलित नायक, जो सबके लिए पूजनीय है, के बारे में इस तरह की टिप्पणी की गयी। उन्होंने गृह मंत्री शाह पर तंज कसते हुए कहा कि अमित शाह की गलती नहीं है क्योंकि वे जिस स्कूल में पढ़े हैं वहां यही पढ़ाया जाता है।

**सपने में भी बाबासाहेब का अपमान नहीं कर सकता :** गृह मंत्री अमित शाह ने बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंबेडकर मुद्दे पर कहा कि, वे सपने में भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि, कांग्रेस संविधान और आंबेडकर विरोधी पार्टी है। शाह ने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न देने से रोका था। पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाह ने कहा कि, सच सामने आया तो कांग्रेस ने भ्रम फैलाया। शाह ने कहा, राज्यसभा में मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी के बयानों को एडिट करके सार्वजनिक किया था। शाह ने कहा, 'मैं उस पार्टी से हूं जो आंबेडकर का कभी अपमान नहीं कर सकती। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि, मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का समर्थन नहीं करना चाहिए था। उन्हें दुख है कि, राहुल गांधी के दबाव में आकर वे भी इसमें शामिल हो गये।

स्पीड न्यूज

## पाक में आतंकी हमला 5 सुरक्षाकर्मी मारे गये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान और शांगला में 24 घंटों दौरान हुए दो अलग-अलग आतंकी हमलों में पांच सुरक्षाकर्मी मारे गये। आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान में एक आईईडी विस्फोट और शांगला जिले में एक पुलिस चौकी पर हमला किया। आतंकवादियों ने मंगलवार को डेरा इस्माइल खान में दरबान तहसील के जरकानी इलाके में आतंकियों ने आईईडी से इस वाहन पर विस्फोट कर दिया। इस हमले में तीन कर्मी शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) डेरा इस्माइल खान ले जाया गया।

## रूस ने 24 घंटों में 540 यूक्रेनी सैनिकों को मारा

मास्को। रूस के पश्चिम जैपड समूह के हमलों में पिछले 24 घंटों में 540 यूक्रेनी सैन्यकर्मी मारे गये है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बुधवार कहा कि रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 540 सैन्यकर्मी को मार गिराया है और एक पैदल सेना लड़ाकू वाहन, अमेरिकी निर्मित एक एम113 बख्तरबंद कार्मिक वाहक, एक पोलिश निर्मित रोसोमक बख्तरबंद कार्मिक वाहक तथा दो पिकअप ट्रक नष्ट कर दिए हैं।

## यूपी में अटल शताब्दी समारोह आज से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह मनाएगी। इस उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसंबर तक धूमधाम से अनेक आयोजन किए जाएंगे। संस्कृति विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शताब्दी समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी में करेंगे। समारोह में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्य पाठ समेत अनेक आयोजन भी होंगे। इन आयोजनों के विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित भी किया जाएगा।

## इंदौर में कांग्रेस नेता के घर से 4.5 करोड़ मिला

इंदौरद्ध कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के घर ईडी की कार्रवाई तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रही है। अब तक लगभग 4 .5 करोड़ रुपये नकद और सोने-चांदी और अन्य मूल्यवान वस्तुएं जब्त की हैं जिनकी कीमत का आकलन किया जा रहा है। कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री क्रिकेट सट्टा और डब्बा कारोबार के साथ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच के घेरे में हैं। वह रविवार की रात ही दुबई से लौटे थे। ईडी के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर गोलू को हिरासत में लिया था।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 20.32 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 1921508 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित 1596932 करोड़ रुपये की तुलना में 20 .32 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित प्रत्यक्ष कर 1359067 करोड़ की तुलना में 16 .45 प्रतिशत अधिक है।

## इंदौर में होगा देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का एयरपोर्ट भी अब जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने अधिकारियों को एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट पर काम करने के लिए कहा था, जो अब साकार रूप ले चुका है। आगामी 22 दिसंबर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू रीसायकल प्लांट का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी बुधवार को सांसद शंकर लालवानी ने दी। शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है और इंदौर ने कचरे से कंचन तक की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को पूरा किया है। इसी तरह इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा था।

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन धड़ाम

## सेंसेक्स 502 अंक टूटा, निवेशकों के 2.38 लाख करोड़ डूबे

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी कोषों की निकासी के बीच उपयोगिता, पूंजीगत उत्पाद और धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 500 से अधिक अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 24,200 अंक के स्तर से नीचे आ गया। कारोबारियों ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे कारोबारी धारणा पर असर पड़ा।



शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 452.75 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 455.13 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को के कारोबार से करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 502.25 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 80,182.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 634.38 अंक लुढ़ककर 80,050.07 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 137.15 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,198.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। इसके उलट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने मंगलवार को 6,409.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत गिर गया जबकि मिडकैप में 0.61 प्रतिशत का नुकसान रहा। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,563 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,442 शेयरों में तेजी रही और 94 अन्य अपरिवर्तित रहे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अबतक के अपने सबसे निचले स्तर पर आ चुका है।

### ये हैं टॉप लूजर्स

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर 2.75% गिरकर बंद हुआ। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

### ये हैं टॉप गेनर्स

टीसीएस का शेयर सबसे ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। इंडेक्स हैवी वेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और सनफार्मा, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर हरे निशान में रहे।

## ट्रंप के बयान ने बिगाड़ा बाजार का मूड

▸▸ अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगायेंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका के कुछ उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाता है और उन्होंने एक बार फिर इसके बदले में भारतीय उत्पादों पर इसी तरह ज्यादा शुल्क लगाने की बात कही है। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि आम तौर पर देखा जाता है कि अगर वे हम पर शुल्क लगाते हैं तो हम भी उन पर उतना ही शुल्क लगाते हैं। लगभग सभी मामलों में वे हम पर शुल्क लगा रहे हैं, जबकि हम उन पर शुल्क नहीं लगा रहे हैं। खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार ट्रंप का ये बयान भारत और ब्राजील दोनों देशों के लिए ट्रेड कनफ्लिक्ट को लेकर चिंता पैदा करने वाला है। ऐसा होने से भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ सकती है, जिससे अंततः उनका मुनाफा भी प्रभावित होगा। शेयर बाजार पर ट्रंप के इस बयान ने बुधवार को नेगेटिव असर डाला। घरेलू शेयर बाजार में इस सप्ताह लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है। पिछले तीन दिन के कारोबार में सेंसेक्स में 1,950 अंक से अधिक की गिरावट आ चुकी है। इसी तरह निफ्टी भी 569 अंक से अधिक फिसल चुका है। ट्रंप की ओर से किए गए रेसिप्रोकल टैक्स के ऐलान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली की वजह से शेयर बाजार में दबाव की स्थिति बनी है।



संसद के बाहर अंबेडकर का फोटो लेकर प्रदर्शन करते राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अन्य।

# उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगा यूसीसी

▸▸ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड : मुख्यमंत्री

▸▸ सुगम सेवाएं देने के लिए पोर्टल और मोबाइल एप भी किया गया विकसित

एजेंसी

**देहरादून ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में जनवरी से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस तरह उत्तराखंड आजादी के बाद समान नागरिक संहिता' लागू करने वाला प्रदेश बन जाएगा।

बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता' लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया।

समिति की रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक - 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड-



2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गई है। इस तरह उत्तराखंड अब जनवरी से 'समान नागरिक संहिता' लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जाएं। इसके साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत 'समान नागरिक संहिता' लागू करने के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है, जिससे पंजीकरण, अपील आदि समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनवरी, 2025 में उत्तराखंड में राज्य 'समान नागरिक संहिता' लागू हो जाएगी। उत्तराखंड का 'समान नागरिक संहिता कानून', 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की मूल भावना पर चलते हुए, समाज को नई दिशा देगा। यह कानून विशेषकर देवभूमि की महिलाओं और बच्चों के लिए सशक्तीकरण के नए द्वार खोलेगा।

# 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निर्माणाधीन

▸▸ 200 स्लीपर रेक का काम भी भागीदारों को सौंपा : वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि वर्तमान में देश में लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहला प्रोटोटाइप निर्मित हो चुका है और इसका फील्ड ट्रायल किया जाएगा। रेल मंत्री ने लोकसभा में कहा कि इसके अलावा 200 वंदे भारत स्लीपर रेक के निर्माण का काम भी प्रौद्योगिकी भागीदारों को सौंपा गया है। ट्रेन के रोलआउट की समय-सीमा परीक्षणों के सफल समापन पर निर्भर है। 2 दिसंबर तक, देश भर में छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं। वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के



उत्तर में कहा कि भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में एलएचबी कोच का उत्पादन लगातार बढ़ा है। 2014-24 के दौरान निर्मित एलएचबी कोच की संख्या 2004-14 के दौरान निर्मित (2,337) संख्या से 16 गुना (36,933) अधिक है। भारतीय रेलवे ने एलएचबी कोचों की भरमार कर दी है जो तकनीकी रूप से बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि सुगम्य भारत मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय रेलवे दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुगमता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के दिशा-निर्देशों के तहत, रैंप, सुलभ पार्किंग, ब्रेल और स्पर्शनीय संकेत, कम ऊंचाई वाले काउंटर और लिफ्ट व एस्कलेटर जैसी व्यापक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। नवंबर 2024 तक, भारतीय रेलवे ने 399 स्टेशनों पर 1,512 एस्कलेटर और 609 स्टेशनों पर 1,607 लिफ्टें स्थापित की थीं, जो पिछले दशक की तुलना में क्रमशः 9 और 14 गुना की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

## ऑस्कर की दौड़ से बाहर हुई फिल्म लापता लेडीज



**नयी दिल्ली।** फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर पुरस्कार 2025 की दौड़ से बाहर हो गई है। किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म 97वें अकादमी पुरस्कारों की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर श्रेणी में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि थी। अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बुधवार की सुबह घोषणा की कि किरण राव द्वारा निर्देशित यह हिंदी फिल्म उन 15 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल नहीं है जो अंतिम पांच में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। हालांकि, ब्रिटिश-भारतीय फिल्म निर्माता संध्या सूरी की फिल्म संतोष को इस सूची में जगह मिली है, जिसमें फ्रांस की एमिलिया पेरेज, आई एम स्टिल हियर (ब्राजील), यूनिवर्सल लैंग्वेज (कनाडा), वेव्स (चेक गणराज्य), गर्ल विद द नीडल (डेनमार्क) और जर्मनी की द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग भी शामिल हैं।

# दिल्ली में बुजुर्गों का होगा फ्री में इलाज : केजरीवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले एक और योजना का ऐलान करते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को संजीवनी दी है। केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत दिल्ली के 60 साल उम्र से अधिक के सभी बुजुर्गों का दिल्ली के किसी भी अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों ने ही परिवार को अच्छी शिक्षा दीक्षा देकर इस काबिल बनाया है कि वह आज वह अपना काम कर रहे हैं। लेकिन कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि अस्पतालों में इलाज के अभाव की वजह से बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग बुजुर्गों का इलाज करवाने में कतराते भी हैं क्योंकि काफी पैसा उसमें खर्च होता है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तब हनुमान जी उनके लिए संजीवनी लेकर आए थे। आम आदमी पार्टी दिल्ली के दिल्ली बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना लेकर आई है।

# किसानों के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: सुप्रीम कोर्ट

▸▸ अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसके लिए पंजाब सरकार होगी जिम्मेदार : अदालत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसानों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 2024 धरने पर बैठे किसानों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसके लिए वह जिम्मेदार होगी। पीठ ने कहा कि डॉक्टर की सलाह के अनुसार श्री दल्लेवाल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। अदालत के समक्ष पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि किसान अदालत द्वारा नियुक्त समिति से चर्चा करने के लिए अनिच्छुक हैं। इस पर पीठ ने कहा कि हम स्पष्ट करते हैं कि अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कोई भी सुझाव या मांग पत्र रिकॉर्ड में लाया जा सकता है। सभी हितधारकों के साथ चर्चा के साथ इस पर उचित विचार किया जाएगा।

अदालत के समक्ष श्री सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 20 दिनों से अनशन पर बैठे दल्लेवाल ने मेडिकल जांच से इनकार कर दिया है। उनकी हालत ठीक है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने का सुझाव दिया है। इस पर पीठ ने सिंह से कहा कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आंदोलन करने के लिए उनका स्वस्थ होना जरूरी है। एक निर्वाचित सरकार और एक संवैधानिक अंग के रूप में आप उन्हें कुछ भी नहीं होने दे सकते। पीठ ने कहा कि वह सभी



हितधारकों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि कुछ किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगी। पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति से 13 दिसंबर को कहा था कि वह प्रदर्शनकारी किसानों से बात करे और उन्हें अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित करने या पंजाब-हरियाणा सीमा पर राजमार्ग से इसे स्थानांतरित करने के लिए राजी करे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, जिसे गांधीवादी दर्शन की तर्ज पर शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। पीठ ने तब केंद्र और पंजाब सरकार दोनों के प्रतिनिधियों को श्री दल्लेवाल से तत्काल मिलने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने और उन्हें हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाने का निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

शीर्ष अदालत ने गत 02 सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

किसान अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 13 फरवरी से धरना दे रहे हैं। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांगें कर रहे हैं।

